CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 01-07-2026 23:04 Color:

महानगर > मुंबई > गुरुवार, 8 जनवरी 2026 > पौष 19, शक संवत 1947, माघ कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 77, संख्या 7 > मूल्य ₹6.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT
नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



सोफी टर्नर ने की शाहरुख और दीपिका की तारीफ p9



वांगचुक की हिरासत को चुनौती वाली अर्ज़ी पर सुनवाई आज p11

विवादित पोस्ट मामले में लोक गायिका नेहा को SC से अंतरिम राहत पेज 12



ऑस्ट्रेलिया जैसी घटना गिरगांव चौपाटी में हो सकती है: अमित साटम पेज 5



दूषित पानी से मौतों के आंकड़ों पर CM बोले, आंकड़ों में नहीं पड़ते पेज 11

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 10

## अंतर्ज्ञान

प्रेम केवल भाव नहीं, एक अनुशासन है। यह केवल आकर्षण या उत्साह नहीं, बल्कि समझ, समय और प्रतीक्षा मांगता है। सच्चा प्रेम वही है, जो दूसरों की आत्मा को बढ़ने की जगह देता है। प्रेम का मतलब पकड़ना नहीं, अनुमति देना है कि दूसरा व्यक्ति भी अपनी यात्रा जी सके। जब प्रेम स्वतंत्रता के साथ जुड़ता है, तब वह पूजा बन जाता है। धैर्य प्रेम की सबसे बड़ी परीक्षा है। जो इंतजार में भी प्रेम को जीवित रख सके, वही प्रेमी कहलाने योग्य है। प्रेम में धैर्य ही उसकी पवित्रता का प्रमाण है। जो प्रेम समय की परीक्षा में अडिग रहता है, वही दिव्यता तक पहुंचता है। प्रेम का धैर्य ही उसे अमर बना देता है।

## संस्थानों में स्ट्रीट डॉग्स की जरूरत क्यों : सुप्रीम कोर्ट



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: स्ट्रीट डॉग्स पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सवाल किया कि संस्थानों में इनकी जरूरत क्यों है? क्या कोई बता सकता है कि कौन सा डॉग किस मूड (काटने के मूड में है या नहीं) में है? नगरीय निकायों द्वारा नियमों और निर्देशों का अनुपालन न करने की ओर ध्यान दिलाते हुए कोर्ट ने कहा, सड़कों पर डॉग्स और आवारा जानवर नहीं होने चाहिए। डॉग्स के काटने से ही नहीं, आवारा पशुओं की वजह से सड़क हादसों में भी लोगों की जान जा रही है। पेज 12

अंबरनाथ में कांग्रेस के 12 नगर सेवक BJP के साथ, अकोला में AIMIM के 4 पहुंचे BJP में

# BJP के कांग्रेस और AIMIM संग गठबंधन पर सियासी भूचाल

राजकुमार सिंह/ अरविंद त्रिपाठी

महाराष्ट्र निकाय चुनाव में सत्ता हासिल करने की आपाधापी में हुए बेमेल गठजोड़ों पर सियासी भूचाल खड़ा हो गया है। अंबरनाथ नगरपरिषद में बीजेपी और कांग्रेस के हाथ मिला लेने से सियासी गलियारों में मची हलचल थमी नहीं थी कि अकोला की अकोट नगर परिषद में बीजेपी ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (AIMIM) के साथ गठबंधन की खबरें आ गईं। इन पर बुधवार को दिन भर उथल-पुथल मची रही। इधर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हरकत में आए और साफ कहा कि कांग्रेस व AIMIM के साथ कोई गठबंधन बीजेपी को मंजूर नहीं है। किसी स्थानीय नेता ने अपनी तरफ से यह फैसला लिया है, तो यह अनुशासन के खिलाफ है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने अकोट विधानसभा सदस्य प्रकाश भारसाकले को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें पूछा गया है कि बिना चर्चा किए, वरिष्ठों को विश्वास में लिए AIMIM से गठबंधन कर पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने पर क्यों न आप पर कार्रवाई की जाए?

**CM ने कहा, गठबंधन करने वालों पर होगा ऐक्शन**

इधर, कांग्रेस ने अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस कमिटी को ही भंग कर दिया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप पाटील के साथ सभी निर्वाचित पार्षदों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निलंबित कर दिया है। हालांकि पाटील का कहना है कि बीजेपी नेताओं से बातचीत चल रही है। हम सभी 12 नगरसेवक जल्द बीजेपी जॉइन कर सकते हैं। दूसरी तरफ, अकोला से BJP सांसद अनूप धोत्रे ने कहा कि AIMIM के चार पार्षदों ने बीजेपी से हाथ मिला लिया। हमने AIMIM से गठबंधन नहीं किया। अकोला से बीजेपी विधायक रंधीर सावरकर ने कहा कि AIMIM के चार पार्षदों ने अकोट विकास मंच में शामिल होने का निर्णय लिया। पांचवें सदस्य हमारे संपर्क से बाहर हैं। हमने AIMIM से गठबंधन नहीं किया।





घायल सलीम कुरैशी को संभालते समर्थक। एकनाथ शिंदे के साथ कुरैशी



ज्ञानेश्वर नगर में घायल अरबाज

### अंबरनाथ में कांग्रेस का हाथ BJP के साथ ऐसे

**बीजेपी** ने अंबरनाथ नगरपरिषद में अपने ही सहयोगी शिंदे सेना को सत्ता में आने से रोकने के लिए कांग्रेस से गठबंधन किया। 20 दिसंबर को यहां नगर परिषद चुनाव हुए। परिषद के 60 सदस्य हैं। शिंदे सेना सबसे बड़े दल के रूप में उभरा और 27 सीटें जीतीं। बीजेपी 14, कांग्रेस 12 और एनसीपी 4 सीटों पर जीती। दो निर्दलीय भी जीते। सत्ता तक पहुंचने के लिए शिंदे सेना को चार सदस्यों की जरूरत थी। पर उसे सत्ता में आने से रोकने के लिए बीजेपी कांग्रेस, एनसीपी और निर्दलीय को साथ लेकर 32 सीटों पर पहुंच गई। बीजेपी पार्षद अभिजीत पाटील ने कहा कि गठबंधन अंबरनाथ को 'भ्रष्टाचार व डर' से मुक्त करने के लिए किया गया। शिंदे सेना से सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि जिनके खिलाफ एकनाथ शिंदे ने बगावत की, उन्हीं से हाथ मिलाना स्वार्थी कदम है। कुछ लोगों को समझना चाहिए कि सत्ता ही सब कुछ नहीं होती। शिंदे सेना के MLA डॉ. बालाजी किणीकर ने इसे 'गठबंधन धर्म' से धोखा करार दिया और कहा कि यह बीजेपी की नीति के भी खिलाफ है।

### अकोला में BJP-ओवैसी के साथ आने का सच


**अकोट** नगर परिषद में बीजेपी ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन और कुछ अन्य दलों के साथ गठबंधन किया। अकोट नगर परिषद की 35 सीटों में 33 पर नतीजे घोषित हुए थे, जिनमें बीजेपी को 11 सीटें मिलीं। 5 असदुद्दीन ओवैसी की AIMIM ने जीतीं। बहुमत से दूर रहने के कारण बीजेपी ने एक नया गठबंधन खड़ा किया, जिसे 'अकोट विकास मंच' नाम दिया गया। इसमें शिंदे सेना, अजित पवार की एनसीपी, शरद पवार की एनसीपी और बच्चू कडू की प्रहार जनशक्ति पार्टी भी शामिल हुई। सबको मिलाकर बीजेपी 25 सीटों तक पहुंच गई। 6 सीटें जीतने वाली कांग्रेस और दो सीटें जीतने वाली वंचित बहुजन आघाड़ी विपक्ष में रही। बीजेपी की माया धुले महापौर चुनी गई और पार्टी के रवि ठाकुर को ग्रुप लीडर नियुक्त किया गया। यह गठबंधन अकोला जिला प्रशासन में बुधवार को पंजीकृत किया गया, ताकि 13 जनवरी को होने वाले उप-महापौर और समिति चुनावों से पहले सभी तैयारियां पूरी की जा सकें।

### BJP के किसी गठबंधन में शामिल नहीं होंगे: जलील



**AIMIM** नेता और पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने कहा कि मैंने पार्टी प्रभारी से स्थिति की जानकारी मांगी है। पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने स्पष्ट किया है कि उनकी पार्टी बीजेपी के किसी गठबंधन में शामिल नहीं होगी। ओवैसी अकोट में पार्षदों के निर्णय से नाराज हैं। बीजेपी किसी गठबंधन का हिस्सा है, तो हम उसमें शामिल नहीं होंगे। उन्होंने इस दावे को खारिज किया कि AIMIM पार्षदों ने पार्टी छोड़ दी है। वे स्थानीय स्तर पर बीजेपी के साथ एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करना चाहते हैं। लेकिन मैंने स्पष्ट कर दिया है कि विचारधारा को ध्यान में रखते हुए हम बीजेपी से हाथ नहीं मिला सकते।

### कांग्रेस उपाध्यक्ष पटेल की हत्या



**आईएएनएस, अकोला :** मंगलवार को मस्जिद के बाहर युवक द्वारा चाकू से हमला करने से घायल महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता हिदायतुल्लाह पटेल (66) की बुधवार सुबह अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी उबेद खान उर्फ कालू खान उर्फ रासिक खान पटेल (22) को अरेस्ट कर लिया है। खबरों के अनुसार, घटना उस समय हुई थी, जब पटेल अकोट तालुका के मोहाला गांव की मस्जिद में दोपहर की नमाज अदा कर बाहर निकल रहे थे। आरोपी ने धारदार हथियार से गर्दन और सीने पर कई वार किए। पुलिस के अनुसार, पुरानी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया।

### शिवसेना प्रत्याशी पर चाकू से हमला

**NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शिवसेना (शिंदे) प्रत्याशी हाजी सलीम कुरैशी पर बुधवार को बांद्रा (ईस्ट) के संत ज्ञानेश्वर नगर में रैली के दौरान कथित तौर पर चाकू से हमला हुआ। उन्हें बाइक से बांद्रा (वेस्ट) स्थित अस्पताल ले जाया गया। खेरवाड़ी पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया है। जोनल डीसीपी और मुंबई क्राइम ब्रांच की तीन टीमें जांच में लगी हैं। उधर, मालवणी में निर्दलीय उम्मीदवार अरबाज असलम शेख पर मंगलवार शाम कुछ लोगों ने पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया। शेष पेज 6 पर

## मुंबई के ज्यादातर उम्मीदवार करोड़पति, BJP के सबसे ज्यादा



**NBT रिपोर्ट , मुंबई :** बीएमसी के 227 प्रभागों के लिए 1700 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें बीजेपी, शिंदे सेना, उद्धव सेना, कांग्रेस सहित एनसीपी (अजित) जैसे प्रमुख दलों सहित निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। उम्मीदवारों द्वारा चुनाव आयोग को सौंपे गए एफिडेविट में यह बात सामने आई है कि ज्यादातर उम्मीदवार करोड़पति हैं। इसमें BJP के सबसे ज्यादा उम्मीदवार शामिल हैं। पूर्व नगरसेवक प्रकाश गंगाधर, प्रभाकर शिंदे, रितु तावड़े, नील सोमैया, रानी द्विवेदी, उद्धव सेना की अश्विनी पाटील आदि शामिल हैं। इन उम्मीदवारों की संपत्ति 2017 के मुकाबले 2025 में बढ़ी है। बीएमसी में बीजेपी के पूर्व ग्रुप लीडर प्रभाकर शिंदे प्रभाग नंबर 106 में चुनाव लड़ रहे हैं। 2017 के चुनाव के समय उनकी कुल संपत्ति 11.90 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 17.63 करोड़ रुपये हो गई है। बीजेपी के पूर्व सांसद किरीट सोमैया के बेटे और पूर्व नगरसेवक नील सोमैया प्रभाग नंबर 107 से चुनाव लड़ रहे हैं। नील सोमैया की कुल संपत्ति 9.59 करोड़ रुपये है। इसमें चल संपत्ति 5.72 रुपये और बाकी अचल संपत्ति है। जब उन्होंने 2017 में चुनाव लड़ा था, तब इनकी संपत्ति 1.99 करोड़ रुपये थी। पेज 2

### प्रत्याशियों का सेविंग से ज्यादा पैसा म्यूचुअल फंड में

बीएमसी चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा घोषित चल-अचल संपत्ति में इस बार नया ट्रेंड देखने को मिला है। ज्यादातर उम्मीदवारों ने अपनी सेविंग बैंक में रखने या कैश रखने की बजाय म्यूचुअल फंड में निवेश को ज्यादा तरजीह दी है। अनीता बैंगी की कुल संपत्ति 28.88 करोड़, रितु तावड़े की 5.26 करोड़, राखी जाधव की 3.80 करोड़, राजुल पटेल की 68.55 लाख, हेतल गाला की 9.07 करोड़, प्रकाश गंगाधरे की कुल संपत्ति 12.88 करोड़ रुपये है। बीएमसी ने उम्मीदवारों का आवंटन देरी से किया। चुनाव चिह्न आवंटन के बाद उम्मीदवारों का एफिडेविट अपेक्षित था।

## हिंदी सिनेमा की नंबर-1 फिल्म बनी 'धुरंधर'




**पीटीआई, मुंबई:** बॉलिवुड फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। यह देशभर में कुल 831 करोड़ के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के साथ अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। इस फिल्म ने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' के हिंदी वर्जन (830 करोड़) का रेकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया। इसने 'जवान' (643 करोड़) और 'स्त्री 2' (627 करोड़) जैसी बड़ी फिल्मों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर. माधवन जैसे सितारों ने काम किया है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| मुंबई | 136128 (+16) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| मुंबई | 248000 (+4850) |

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,961.14 (-102.20) |
| निफ्टी | 26,140.75 (-37.96) |
| रुपया/यूएस डॉलर | 89.9625 (-0.213) |
| रुपया/यूरो | 105.0821 (-0.547) |

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 31.4 | 20.4 |
| सांताक्रूज | 32.3 | 19.0 |
| सूर्यास्त गुरुवार | 6:16 बजे | |
| सूर्योदय शुक्रवार | 7:14 बजे | |

NBT नवभारत — सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

## इमारत में आग, 2 कर्मचारियों की मौत

**NBT, रिपोर्ट, मुंबई:** अंधेरी ईस्ट के चांदिवली इलाके में बुधवार शाम एक कमर्शियल इमारत में आग लगने से दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भगवान पितले (30) और सुमंत जाधव (28) के रूप में हुई है। यह हादसा साकीविहार रोड स्थित नारायण प्लाजा बिल्डिंग में हुआ।

शाम करीब 6:36 बजे तीसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। बिल्डिंग के अंदर दो लोग बेहोशी की हालत में मिले, जिन्हें इलाज के लिए राजावाड़ी अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**लापरवाही** स्वस्थ महिला को बता दिया TB की मरीज


## कूपर के कर्मचारी ने फोन पर भेज दी ग़लत रिपोर्ट

Suraj.Pandey@Timesofindia.com

**मुंबई:** बीएमसी के कूपर अस्पताल में लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला को कथित रूप से फोन पर टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) पॉजिटिव होने की सूचना दी गई। महिला का आरोप है कि उन्हें वॉट्सऐप पर एक गलत जांच रिपोर्ट भेजी गई। महिला के अनुसार, इस घटना के चलते उन्हें मानसिक तनाव, डर और अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**महिला ने लापरवाही की शिकायत अस्पताल के डीन से की**

पीड़िता आकांक्षा गुप्ता के अनुसार, उसे 24 दिसंबर को स्वामी रविंद्रन देवेंद्र नाम के एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को कूपर अस्पताल से जुड़ा बताते हुए कहा कि आपकी टीबी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके बाद 29 दिसंबर को उसके वॉट्सऐप पर एक रिपोर्ट भेजी गई, जिसमें टीबी होने की पुष्टि दर्शाई गई थी। महिला का कहना है, उसने संबंधित व्यक्ति को बताया कि छह महीने पहले कूपर अस्पताल में कराई गई जांच में उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई थी, लेकिन उसकी बात को नजरअंदाज किया गया। आकांक्षा ने बताया कि भेजी गई रिपोर्ट में सैंपल लेने की तारीख 22 दिसंबर और समय दोपहर 2.45 बजे दर्ज है, लेकिन तब मैं अपने ऑफिस में थी, जिससे रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होते हैं। महिला ने मामले की लिखित शिकायत अस्पताल के डीन से की है।



"ऐसा कोई भी प्रोटोकॉल नहीं है कि अस्पताल से फोन कर व्यक्ति को उसकी रिपोर्ट्स के निष्कर्ष बताए जाएं। यदि लापरवाही बरती गई है, तो कार्रवाई की जाएगी।"
–देवदास शेट्टी, डीन, कूपर अस्पताल






CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: cci Time: 01-07-2026 22:41 Color:





मेरे पास पहले से ही कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल और वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब है। इसलिए मेरा पूरा ध्यान ओलिंपिक्स पर है। मैं नए भार वर्ग में सहज महसूस कर रही हूं और किसी भी तरह की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं। -नीतू घंघस, बॉक्सर

**9**

सिक्स लगाए थे बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2023 लॉर्ड्स टेस्ट में अपनी 155 रन की पारी के दौरान। यह एशेज में किसी प्लेयर द्वारा एक पारी में सर्वाधिक सिक्स का रेकॉर्ड है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. इंडिया ओपन 2026 में लक्ष्य सेन पहले राउंड के मैच में किससे भिड़ेंगे?
A) एचएस प्रणॉय B) विक्टर एक्सेलसन C) किदांबी श्रीकांत D) आयुष शेट्टी

2. संन्यास का ऐलान करने वाले ऐथलीट जिन्सन जॉनसन किस राज्य के हैं?
A) केरल B) तमिलनाडु C) कर्नाटक D) आंध्र प्रदेश

**कल के जवाब**
1. C) 37 2. B) स्क्वैश

**लकी WINNER**



1. विजेंद्र चिकारा, रोहिणी, नई दिल्ली
2. हार्दिक बहल, गुड़गांव, हरियाणा
3. हरीश गोस्वामी, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### फाइनल में अनाहत हारी

■ **बर्मिंघम:** भारत की अनाहत सिंह ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वैश के अंडर-19 विमिंस का खिताब जीतने से चूक गईं। फाइनल में उन्हें फ्रांस की लॉरेन बाल्टायन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अनाहत सिंह को लॉरेन ने 9-11, 11-7, 3-11, 9-11 से हराया।

### कोको ने सेमी में पहुंचाया

■ **पर्थ:** कोको गॉफ ने ग्रुप स्टेज में शानदार प्रदर्शन करके अपने सिंगल्स और डबल्स मैच जीते। इससे मौजूदा चैंपियन अमेरिका ने ग्रीस को 2-1 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने मारिया सकारी को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर अमेरिका को 1-0 से बढ़त दिलाई थी।

### सार्थक-हार्दी जीते

■ **वडोदरा:** सार्थक आर्य और हार्दी पटेल ने स्नेहित एस और सायली वानी को 3-2 से हराकर डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज टेबल टेनिस मिक्स्ड डबल्स के दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया। सार्थक और हार्दी ने 5-11, 11-9, 11-9, 9-11, 12-10 से जीत दर्ज की।

इंग्लिश बैटर ने जड़ा करियर का पहला टेस्ट शतक

# बेथेल पर टिकीं इंग्लैंड की उम्मीदें, ऑस्ट्रेलिया मज़बूत





यह उपलब्धि मेरे लिए खास है। मेरा परिवार भी यहां आया हुआ है और ऐसे में शतक लगाना बेहद खास बन गया है। - जैकब बेथेल, बल्लेबाज, इंग्लैंड

■ **एजेंसियां, सिडनी:** जैकब बेथेल ने बुधवार को अपने टेस्ट करियर की पहली सेंचुरी जड़ी जिससे इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच को चौथे दिन तक खींचकर अपनी उम्मीद कायम रखी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने मैच में अपनी स्थिति मजबूत बना रखी है। बारबाडोस में जन्मे 22 वर्षीय ऑलराउंडर बेथेल इंग्लैंड की दूसरी पारी के पहले ओवर में क्रीज पर आए। बेथेल ने चौथे दिन स्टंप तक 232 गेंद का सामना करके 142 रन बनाए हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 302 रन बना लिए हैं। इस तरह से इंग्लैंड ने अभी तक 119 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 567 रन बनाकर 183 रन की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे।

**टर्न से होगी इंग्लैंड को आस:** पिच में चौथे दिन ही स्पिनरों को मदद मिल रही है जो इंग्लैंड के लिए सकारात्मक संकेत है, क्योंकि उसकी टीम में तीन स्पिनर हैं। बेथेल ने बेन डकेट (42) के साथ 81 रन, जो रूट (6) के साथ 32, हैरी ब्रूक (42) के साथ 102 और जेमी स्मिथ (26) के साथ 45 रन की साझेदारियां कीं। ऑस्ट्रेलिया पहले तीन मैच जीत कर एशेज अपने पास बरकरार रखने में सफल रहा लेकिन चौथे मैच में जीत दर्ज करने वाला इंग्लैंड सीरीज में हार के अंतर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। बेथेल ने एक छोर से विकेट गिरने के बावजूद अपने धैर्य और कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर (3/51) ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अप्रत्याशित स्टार के रूप में उभरे। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में विशेषज्ञ स्पिनर के साथ नहीं उतरा है। ऐसे में वेबस्टर ने अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन से बल्लेबाजों को गच्चा दिया। इससे इंग्लैंड का खेमा थोड़ा खुश होगा क्योंकि उसके पास स्पिन विभाग में विल जैक्स और रूट मौजूद हैं। पिच से स्पिनरों को मिल रही मदद को देखते हुए 170 रन का लक्ष्य हासिल करना भी आसान नहीं होगा। वेबस्टर ने कहा, 'लेकिन हमारी टीम जीत हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है।'

**वेबस्टर का ऑलराउंड खेल:** ऑस्ट्रेलिया के लिए वेबस्टर ने ऑलराउंड खेल दिखाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई पारी के दौरान 87 बॉल पर ही 71* रनों की तेज पारी खेली। वह मैच के तीसरे दिन 42 रन पर नाबाद थे। इसके बाद चौथे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान वेबस्टर ने 52वें ओवर में तीन गेंदों पर दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाई। उन्होंने ब्रूक को आउट किया और फिर जैक्स (0) को भी पविलियन भेजा। इससे इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 219 रन से पांच विकेट पर 219 रन हो गया। ड्रिंक्स ब्रेक के बाद पहली ही गेंद पर जेमी स्मिथ रन आउट हो गए। उस समय बेथेल 123 रन पर थे और इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 264 रन था। तब उसके चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स क्रीज पर आए। वेबस्टर ने स्टोक्स (1) को आउट किया। स्कॉट बोलैंड ने ब्रायडन कार्स (16) का विकेट लिया। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी पहली पारी सात विकेट पर 518 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसने अपने बाकी बचे तीन विकेट 49 रन जोड़कर गंवा दिए।

**5** वें ऐसे प्लेयर बने जैकब बेथेल जिन्होंने फर्स्ट क्लास और लिस्ट-ए क्रिकेट में बिना कोई सेंचुरी लगाए सीधे इंटरनैशनल क्रिकेट में अपनी पहली सेंचुरी बनाई

**22** साल 76 दिन की उम्र में एशेज में सेंचुरी बनाई जैकब बेथेल ने। वह साल 1945 के बाद एशेज में सेंचुरी बनाने वाले इंग्लैंड के चौथे सबसे युवा खिलाड़ी हैं

**इंग्लैंड Vs ऑस्ट्रेलिया**
पांचवां टेस्ट, चौथा दिन

### इंग्लैंड को झटका, स्टोक्स हुए चोटिल

सिडनी टेस्ट के चौथे दिन के पहले सेशन में इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को इंजरी की वजह से फील्ड छोड़कर जाना पड़ा। स्टोक्स की इंजरी ने इंग्लैंड की परेशानी बढ़ा दी है। बुधवार को खेल शुरू हुआ तो स्टोक्स अपने दूसरे ओवर की चौथी गेंद फेंकने के बाद दर्द में नजर आए। दर्द की वजह से उन्होंने फील्ड छोड़ दिया। यह उनके स्पेल के 28वें ओवर की चौथी गेंद थी। स्टोक्स के ओवर को जैकब बेथेल ने पूरा किया। स्टोक्स की गैरमौजूदगी में हैरी ब्रूक ने कप्तानी संभाली। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि स्टोक्स को दाहिनी मांसपेशी में दर्द की शिकायत है। उनकी दाहिनी एडक्टर की जांच की जा रही है। जल्द ही अपडेट दिया जाएगा।

**ब्रीफ स्कोर**

इंग्लैंड (पहली पारी): 384 ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी): 133.5 ओवर्स में 567 रन (163 रन, स्टीव स्मिथ 138, ब्यू वेबस्टर 71* रन) इंग्लैंड (दूसरी पारी): 75 ओवर्स में 302/8* (जैकब बेथेल 142*, बेन डकेट 42, हैरी ब्रूक 42)

# बांग्लादेश बोर्ड ने कहा, ICC ने अभी तक नहीं मानी है हमारी मांग



■ **पीटीआई, ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने बुधवार को कहा कि इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में उसकी टीम की भागीदारी से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए उसके साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। हालांकि आयोजन स्थल में बदलाव की उसकी मांग अभी तक स्वीकार नहीं की गई है। टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होगा जिसमें बांग्लादेश को अपने चार मैच कोलकाता और मुंबई में खेलने हैं।

बीसीबी ने बयान में कहा, 'टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत में बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की सुरक्षा को लेकर बोर्ड की चिंताओं के संबंध में आईसीसी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बीसीबी ने टीम के मैचों को शिफ्ट करने का अनुरोध भी किया था। आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश टीम की पूर्ण और निर्बाध भागीदारी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।' इसमें कहा गया है, 'आईसीसी ने हमारी चिंताओं को दूर करने के लिए बीसीबी के साथ मिलकर काम करने की अपनी इच्छा व्यक्त की है। आईसीसी ने आश्वासन दिया है कि बोर्ड के सुझावों का स्वागत किया जाएगा और प्रतियोगिता के आयोजन के लिए विस्तृत सुरक्षा योजना के हिस्से के रूप में उन पर विधिवत विचार किया जाएगा।'

दरअसल, बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने से भारत-बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ गया है। इसका मुख्य कारण बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों के मद्देनजर दोनों पड़ोसी देशों के बीच गहराते राजनयिक तनाव को माना गया।

**7 फरवरी से शुरू होगा टी20 वर्ल्ड कप**

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात


### पहले भी टीमें कर चुकी हैं इनकार

आईसीसी टूर्नामेंट्स के इतिहास में एक देश द्वारा दूसरे देश में टीम भेजने से इनकार की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। ऑस्ट्रेलियाई और वेस्टइंडीज टीम 1996 के 50 ओवर वर्ल्ड कप में सुरक्षा चिंताओं के कारण मैच खेलने श्रीलंका नहीं गईं। दोनों टीमों को उन मैचों के अंक गवाने पड़े। इसी तरह 2003 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड टीम जिंबाब्वे नहीं गई जबकि न्यूजीलैंड ने केन्या जाने से इनकार किया और विपक्षी टीमों को वॉकओवर मिला। ताजा मामला पिछले साल भारत द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान में खेलने से इनकार करना था आईसीसी ने एक फॉर्मूला निकालते हुए तय किया कि 2024-2027 सत्र में भारत और पाक की टीम न्यूट्रल वेन्यू पर ही भिड़ेंगी।

**साउथ अफ्रीका Vs भारत**
यूथ वनडे सीरीज

### वैभव, जॉर्ज ने करा दिया क्लीन स्वीप

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** वैभव सूर्यवंशी (127 रन, 74 बॉल, 9 फोर, 10 सिक्स, 1/10) और आरोन जॉर्ज (118 रन, 106 बॉल, 16 फोर) की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने यूथ वनडे सीरीज के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 233 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैच की इस सीरीज को 3-0 से जीत लिया। वैभव और आरोन ने 227 रन की ओपनिंग साझेदारी की, जिसकी बदौलत भारत ने 50 ओवर्स में सात विकेट पर 393 रन बनाए। लक्ष्य का बचाव करते हुए किशन कुमार (3/15) ने शानदार बोलिंग की। साउथ अफ्रीका 35 ओवर्स में 160 रन पर ऑलआउट हो गई।





वैभव सूर्यवंशी

# लीग से नैशनल टीम बेहतर होगी: जरमन

Sanjeev.Kumar11
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग (HIL) का सातवां सीजन जारी है। पिछले सीजन इस लीग में पहली बार उतरी दिल्ली की एसजी पाइपर्स टीम आठवें और आखिरी पायदान पर रही थी। इस बार टीम की कमान जरमनप्रीत सिंह को दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय टीम के डिफेंडर जरमनप्रीत के लिए एसजी पाइपर्स को HIL में टॉप पर ले जाने बड़ी चुनौती है, लेकिन वह इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। जरमनप्रीत ने NBT से विशेष बातचीत में कहा, 'मैं हॉकी इंडिया लीग को एक ऐसा प्लेटफॉर्म मानता हूं जिससे मिले अनुभव का लाभ हमारी नैशनल टीम को मिलता है। भारतीय टीम काफी अच्छी है, आगे और बेहतर होगी। हॉकी इंडिया लीग के ठीक बाद वर्ल्ड हॉकी फेडरेशन की प्रो-लीग भी है। आप देखेंगे कि वहां हमें इसका फायदा मिलेगा।'



**विदेशी खिलाड़ियों के साथ तालमेल:** जरमनप्रीत मानते हैं कि विदेशी खिलाड़ी जब टीम के साथ होते हैं, तो उससे भारतीय खिलाड़ियों को उनकी खेलने की शैली का पता लगता है और जब नैशनल टीम से हम उन्हीं प्लेयर्स के खिलाफ खेलते हैं तो उनके बारे में हमें बेहतर समझ होती है।

**डिफेंडर और कप्तानी:** जरमनप्रीत डिफेंडर हैं। तो क्या इसका फायदा उनकी टीम एसजी पाइपर्स को हॉकी इंडिया लीग में मिलेगा? जरमनप्रीत हंसते हुए कहते हैं, 'यह बात तो मेरे दिमाग में थी नहीं। मगर आपने जब बताया है तो मैं ध्यान में रखूंगा। वैसे यह सच है कि डिफेंडर या गोलकीपर पीछे से खेल को ऑब्जर्व करता है तो बाकी खिलाड़ियों को फीडबैक या निर्देश दे पाता है। हमारी सीनियर मेंस टीम का भी कोट है-'डिफेंस टु विन'।'

### ऐथलीट जॉनसन ने 15 साल लंबे करियर को कहा अलविदा

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** एशियन गेम्स के गोल्ड मेडल विजेता भारतीय धावक जिन्सन जॉनसन ने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों के करियर के बाद अब कुछ नया करने का समय आ गया है। केरल के इस 34 वर्षीय ऐथलीट ने कहा कि उनका सफर 'मुश्किल ट्रेनिंग, संघर्षों और दर्दनाक चोटों' से भरा रहा। जॉनसन ने अक्टूबर-2023 में हांगझोउ एशियन गेम्स में 1500 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ क्षण 2018 के जकार्ता एशियाड में 1500 मीटर में 3 मिनट 44.72 सेकंड के समय से गोल्ड मेडल जीतना रहा।



जिन्सन जॉनसन

### सात्विक-चिराग और सिंधु प्री-क्वॉर्टर में

■ **एजेंसियां, कुआलालंपुर:** चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने दमदार वापसी करते हुए मलयेशिया ओपन के प्री-क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने बुधवार को हुए विमिंस सिंगल्स मैच में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-14, 22-20 से हराया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय मेंस डबल्स जोड़ी ने भी सीजन के इस पहले टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत की। उन्होंने पहले राउंड में ली जे हुई व यांग पो-हुआन की जोड़ी को 21-13, 21-15 से मात देते हुए अंतिम-16 में प्रवेश किया। हालांकि ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी हारकर बाहर हो गई।





मुकाबले के दौरान पीवी सिंधु

### केन की हैटट्रिक, HIL GC की दूसरी जीत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** केन रसेल की हैटट्रिक की बदौलत HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) ने मेंस हॉकी इंडिया लीग में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। चेन्नै में बुधवार को हुए मैच में HIL GC ने श्राची बंगाल टाइगर्स को 6-3 के बड़े अंतर से मात दी। रसेल ने पहले मैच एसजी पाइपर्स के खिलाफ भी हैटट्रिक जमाई थी। रसेल के अलावा HIL GC के लिए सैम वार्ड, सुदीप चिरमाको और जेम्स एलबरी ने गोल दागे। एक अन्य मैच में हैदराबाद तूफान्स ने रांची रॉयल्स को 3-2 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। उधर, रांची में खेले गए विमिंस हॉकी इंडिया लीग के मैच में श्राची बंगाल टाइगर्स को हार का सामना करना पड़ा।

### अर्जुन की शादी मार्च में

■ **मुंबई:** दिग्गज सचिन तेंडुलकर के बेटे अर्जुन तेंडुलकर 5 मार्च को सानिया चंडोक से शादी रचाने जा रहे हैं। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। सानिया जाने-माने कारोबारी रवि घई की पोती हैं। सूत्रों ने बताया है कि शादी की रस्में 3 मार्च से शुरू होने की उम्मीद है।

# डफी को टीम में जगह, सैंटनर संभालेंगे कमान

■ **एजेंसियां, वेलिंगटन:** पिछले साल इंटरनैशनल क्रिकेट में रेकॉर्ड 81 विकेट झटकने वाले तेज गेंदबाज जैकब डफी को भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। 31 वर्षीय डफी ने एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिचर्ड हैडली के 40 साल पुराने कीवी रेकॉर्ड (79 विकेट) को तोड़ते हुए चयनकर्ताओं का भरोसा जीता। डफी टी20 बोलिंग रैंकिंग्स में दूसरे स्थान पर भी कायम हैं। डफी न्यूजीलैंड के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने अब तक टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेला है। वह तेज गेंदबाजी आक्रमण का हिस्सा होंगे, जिसमें मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्युसन, एडम मिल्ने और ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर टीम की कप्तानी करेंगे। स्पिन विभाग की जिम्मेदारी ईश सोढ़ी संभालेंगे, जबकि माइकल ब्रेसवेल, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र ऑलराउंड विकल्प देंगे।

**न्यूजीलैंड टीम:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डैरिल मिचेल, एडम मिल्ने, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

**टी20 वर्ल्ड कप अपडेट**



न्यूजीलैंड के पेसर जैकब डफी

### श्रीलंका ने राठौड़ को बनाया बैटिंग कोच

**नई दिल्ली:** टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के तहत सह-मेजबान श्रीलंका ने अपने कोचिंग स्टाफ को मजबूत करते हुए भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को नियुक्त किया है। श्रीलंका ने गेंदबाजी विभाग को धार देने के लिए पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने राठौड़ को विशेष रूप से टी20 वर्ल्ड कप के लिए बल्लेबाजी कोच की जिम्मेदारी सौंपी है। राठौड़ 15 जनवरी तक श्रीलंका टीम से जुड़ सकते हैं।

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है, इसलिए सुबह से ही प्रयत्नशील रहें। कारोबार के लिए छोटे-मोटे कार्य के लिए समय निकालना आसान रहेगा। काफी समय के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। अब धीरे-धीरे आपका भाग्य साथ देगा। धन लाभ के भी संयोग हैं।

**TAURUS** 20 Apr - 20 May
आज आपके परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन की चर्चा चलेगी। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थायी प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए। सायंकाल के समय किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है। भविष्य की योजना पर काम करें।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आपका समय तेजी से आगे बढ़ने का है। आपकी उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। प्रगति की इस घड़ी को स्थायी रखना आपका प्रमुख कार्य होना चाहिए अन्यथा आगे चलकर आपकी प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
क्योंकि आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं, इसलिए आज का दिन भी आपका किसी परिजन की चिंता में व्यतीत होगा। आज भी यह चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो जाए तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बनाएं।


**LEO** 23 July - 22 Aug
आज आपको कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमित नहीं चल रहा है। अधिकतर आपका पीछा नहीं छोड़ रही है। नौकरी-व्यवसाय आदि के क्षेत्र में यदि आप पूर्ण सुधार चाहते हैं तो आपको आलस्य व आराम को त्यागना पड़ेगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज के दिन विशेष प्रकार की भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी। हालांकि सभी परेशानियां अस्थायी हैं और आज की गई मेहनत के नतीजे भी लाभदायक होंगे। सायंकाल में रिलैक्स करने को मिलेगा। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुभव आपको प्राप्त होंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
शुक्र के कारण कुछ परेशानियां तो काल्पनिक हैं ही कुछ आप अपने स्वभाव के कारण स्वयं भी खड़ी कर लेते हैं। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी हो सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपको दिन की शुरुआत में मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में अहं टकराव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनी-बिगड़ी परिस्थिति में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े-झंझटों से छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत में की गई मेहनत का फायदा भी मिल सकता है। रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यावसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात्रि के समय मांगलिक आयोजनों में जाने का अवसर मिलेगा।



**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज सामाजिक, धार्मिक कार्यों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। यह चाल भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य-विनोद बढ़ेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। ससुराल पक्ष से सहयोग मिलेगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ उठाने का अवसर आज दिन भर बना रहेगा। आयात-निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। अध्ययन और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मनोरंजन का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका भविष्य सुखद होगा।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी देवगुरु बृहस्पति ज्ञान का भंडार है। इसलिए उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे। अध्ययन व अध्यापन में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रुपया उधार न दें वापिस नहीं मिलेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

नया वर्ष रजत पाद से प्रवेश कर रहा है। जनकी शेष में राजनीतिक क्षेत्र में लाभ मिल सकता है। फरवरी के महीने में ग्रह चाल मध्यम है, गुप्त शत्रुओं के षड्यंत्र से बचें। मार्च, अप्रैल, मई पूर्वार्ध शुभ रहेगा। व्यय से अधिक लाभ होगा। इस दौरान आपका जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा। कुशल जातकों के भाग्य का उदय जून से लेकर जुलाई तक होगा। बुध के सहयोग से अधिकांश जातकों की बौद्धिक, धार्मिक और व्यावसायिक प्रयास सार्थक होंगे। अगस्त-सितंबर में कुछ अनावश्यक प्रपंचों के कारण परेशानी रहेगी। बौद्धिक कार्यों से जुड़े महानुभाव इस वर्ष अक्टूबर में अपने कामकाज का विस्तार करेंगे। जो नौकरीपेशा हैं, उनका मनोवांछित जगह पर बदलाव भी नवंबर, दिसंबर तक मामूली प्रयासों से हो जाएगा। 1 जनवरी 2027 से लेकर 28 फरवरी तक सभी स्थितियां सामान्य सुखद रहेंगी। महिलाओं के लिए वर्ष अधिक लाभप्रद है। विद्यार्थियों को नियमित सहज परिश्रम से ही सफलता प्राप्त हो जाएगी। मंगल आपकी राशि के अनुकूल नहीं है, इसलिए श्री सुंदरकांड पाठ एक नित्य रात्रि में 8 बजे के उपरांत शुद्ध घृत का दीपक जलाकर 40 दिन पाठ करें। शनिवार को सायंकाल पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(शुक्रवार, 9 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 20, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, सप्तमी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 26, रजब 19, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 9 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। सप्तमी तिथि अगले दिन 7 बजे तक उपरांत अष्टमी तिथि का आरंभ। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र मध्याह्न 1 बजकर 41 मिनट तक उपरांत हस्त नक्षत्र का आरंभ। शोभन योग सायं 5 बजकर 5 मिनट तक उपरांत अतिगण्ड योग का आरंभ। विष्टि करण रात्रि 7 बजकर 39 मिनट तक उपरांत बव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात कन्या राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-भद्रा रात्रि 6 बजे से आरंभ।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | 7 | | | | 4 |
| 1 | 7 | | | | | 8 | 2 | |
| 2 | | | | 9 | 5 | | 1 | |
| | | 6 | 9 | 4 | | | | |
| | | | 6 | | 7 | | | |
| | | | | 2 | 3 | 7 | | |
| | 4 | | 5 | 3 | | | | 2 |
| | 5 | 2 | | | | | 9 | 3 |
| 9 | | | | 8 | | 6 | | |


### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बजूध बूहबक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 यशोमती मैया के नंदलाला / अजेय कृष्णा | 21:00 चीकू |
| 13:30 भ से भाई | |

## मनोरंजन



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP11 User: cci Time: 01-07-2026 22:20 Color:



# उत्तर प्रदेश में SIR पर SP के सवाल, चुनाव आयोग ने सुनाया 'भेड़िया आया'

## लखनऊ, गाजियाबाद में सबसे ज्यादा मतदाताओं के फॉर्म जमा नहीं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी में SIR के बाद जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग विपक्षी दलों के निशाने पर है। एसपी ने कटे वोटरों की संख्या पर सवाल उठाए तो आयोग ने आंकड़े गिनाने के साथ 'भेड़िया' आया कहानी याद दिला डाली।

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 2.89 करोड़ वोटरों के नाम कट गए हैं। बुधवार को एसपी के मीडिया सेल ने सीएम के एक बयान का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि बयान के बाद आयोग ने सक्रिय होकर 1 करोड़ नाम जोड़े। चुनाव आयोग बताए कि पहले बेइमानी हो रही या था बाद में। एसपी ने मामले को कोर्ट ले जाने की भी धमकी दी।

CEO UP ने कहा कि न तो बेइमानी पहले हो रही थी और न अब हो रही है। तंज किया कि Aesop Fables में एक प्रसिद्ध कहानी 'The Boy who cried Wolf' है।' शिक्षाप्रद कहानी है जिसमें एक लड़का भेड़िये के आने की झूठी जानकारी देता है। इसके चलते जब वास्तव में भेड़िया आता है तो कोई उसकी कहानी पर भरोसा नहीं करता। यूपी में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद बुधवार शाम 5 बजे तक 128 दावे और आपत्ति दाखिल हुए हैं। सभी दावे नाम जोड़ने के लिए हैं। बता दें कि यूपी के लखनऊ, गाजियाबाद, बलरामपुर और कानपुर नगर उन जिलों में हैं, जहां सबसे ज्यादा मतदाताओं के फॉर्म जमा नहीं हुए।



**35.38 लाख** से घटकर 26.36 लाख रह गई कानपुर नगर में मतदाताओं की संख्या।

**46.93 लाख** से घटकर 35.37 लाख रह गई प्रयागराज में मतदाताओं का आंकड़ा।

**18.65 लाख** थे गौतमबुद्ध नगर में कुल मतदाता, इनमें से 4.47 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से कट गए।

## SIR फेज-2 : 6.5 करोड़ मतदताओं के नाम हटे

■ भाषा, नई दिल्ली : निर्वाचन आयोग द्वारा 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के कराए जा रहे SIR के तहत करीब 6.5 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इन जगहों पर 27 अक्टूबर को SIR प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब कुल 50.90 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। हालांकि, अलग-अलग प्रकाशित मसौदा मतदाता सूचियों में मतदाताओं की संख्या घटकर 44.40 करोड़ रह गई है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों के नाम सूची से हटाए गए हैं, उन्हें 'एएसडी' यानी अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत/ नाम में दोहराव की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा था कि SIR की प्रक्रिया में शामिल राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों का संग्रह काफी कम रहा है। UP में SIR प्रक्रिया के बाद मंगलवार को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम हटा दिये गए हैं। राज्य में अब 12.55 करोड़ मतदाता हैं। आयोग ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पहले सूचीबद्ध 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ (18.70%) मतदाताओं के नाम मृत्यु, स्थायी प्रवास या एकाधिक पंजीकरण के कारण मसौदा सूची में शामिल नहीं किए जा सके।

## अमर्त्य सेन को नोटिस

■ भाषा, कोलकाता : निर्वाचन आयोग ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में जारी वोटर लिस्ट के SIR के संबंध में नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को नोटिस जारी किया है। 92 वर्षीय अर्थशास्त्री को 16 जनवरी को उनके आवास पर सुनवाई के लिए बुलाया गया है। पश्चिम बंगाल के CEO के कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि चूंकि वे 85 वर्ष से अधिक उम्र के हैं, इसलिए BLO उनके आवास पर जाएंगे। गणना प्रपत्र में दर्ज सेन और उनकी माता की आयु का अंतर 15 वर्ष से कम पाया गया था। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने इसे शर्मनाक तमाशा बताया है।



अमर्त्य सेन

## बंगाल में BLO की मौत

■ भाषा, कोलकाता : बंगाल के मालदा में एक BLO की बुधवार को मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि SIR को लेकर अत्यधिक कार्यभार के कारण वह तनाव में थीं। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान सफिता चौधरी सान्याल के रूप में हुई है। उनके पति ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं।

हाई कोर्ट से AAP और कांग्रेस को मिली 24 घंटे की मोहलत

# अंकिता केस से BJP नेता को जोड़ने वाले पोस्ट हटाने होंगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/देहरादून: दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (AAP) को निर्देश दिया कि वे बीजेपी नेता दुष्यंत कुमार गौतम को अंकिता भंडारी मर्डर केस से जोड़ने वाले अपने पोस्ट 24 घंटे में सोशल मीडिया से हटा दें। जस्टिस मिनी पुष्करणा ने गौतम के मानहानि के मुकदमे पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। दोनों दलों को मर्डर केस में बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव को कथित 'VIP' के तौर पर टारगेट करने वाला कोई भी कंटेंट पोस्ट करने से भी रोक दिया है। जज ने कहा कि 24 घंटे के अंदर कंटेंट नहीं हटाया गया, तो सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म उसे हटा देंगे। कोर्ट ने ऐक्ट्रेस उर्मिला सनावर और उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी समेत दूसरे लोगों और संस्थाओं के खिलाफ भी निर्देश दिए। गौतम ने कांग्रेस, AAP के साथ सनावर, सुरेश राठौर, उत्तराखंड कांग्रेस और उसके प्रेसिडेंट गणेश गोदियाल, कांग्रेस के नैशनल मीडिया पैनलिस्ट आलोक शर्मा से 2 करोड़ रुपये का हर्जाना भी मांगा है। 2022 के इस मामले में 3 को उम्रकैद हो चुकी है।



सीएम आवास में अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह और मां सोनी देवी ने सीएम पुष्कर धामी से भेंट की। सीएम ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## नैनीताल में कांग्रेस का कैंडल मार्च

अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस हर जिले में 'न्याय यात्रा' निकालकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अगर सरकार में नैतिकता है, तो इस मामले की सीबीआई जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराए। मंगलवार शाम नैनीताल में कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि हत्याकांड में शामिल वीआईपी चेहरों को बचाने की कोशिश हो रही है। बुधवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि पहले सबूत मिटाए गए और अब सरकार सबूत मांग रही है।

## हम सभी के साथ खड़े : मुख्यमंत्री मोहन यादव

■ भाषा, भोपाल : मध्यप्रदेश के इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के अलग-अलग आंकड़ों पर सीएम मोहन यादव ने कहा कि उनकी सरकार आंकड़ों में नहीं पड़ती। इसके बजाय वह सभी के साथ खड़ी है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारे लिए एक भी शख्स की जान जाना कष्टकारी है। इसलिए, हम इस आंकड़ों में नहीं पड़ते हैं। यह अलग बात है कि प्रशासन अपनी प्रक्रियाओं का पालन करता है। आम तौर पर केवल उन मामलों को वैध आंकड़ा माना जाता था, जिनमें पोस्टमॉर्टम हुआ हो। इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से होने वाली मौतों की संख्या पर भ्रम बना हुआ है।

# पुणे पोर्शे हादसाः दो आरोपियों की याचिका पर महाराष्ट्र को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File



हादसे में 2 की मौत हो गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने बिजनेसमैन आशीष मित्तल और आदित्य सूद की जमानत याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। ये दोनों 2024 के पुणे पोर्शे हिट-एंड-रन मामले में आरोपी हैं। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी। आरोप है कि कार एक नाबालिग चला रहा था, जो शराब के नशे में था।

मित्तल और सूद पर आरोप है कि उन्होंने कार में सवार दो नाबालिगों के ब्लड सैंपल को अपने सैंपल से बदल दिया था। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अलावा आईपीसी की अलग अलग धाराओं जिनमें जालसाजी, साक्ष्य से छेड़छाड़ के आरोप लगाए गए हैं।

बॉम्बे हाई कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद इन दोनों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 16 दिसंबर 2025 को इस मामले में 8 आरोपियों की जमानत अर्जियां खारिज कर दी थी, जिनमें इन दोनों आरोपियों आशीष मित्तल और आदित्य सूद की अर्जी भी शामिल थी।

## वांगचुक मामले में आज होगी सुनवाई

■ भाषा, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करेगा। उनकी पत्नी गीतांजलि जे आंगमो ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनकी हिरासत के खिलाफ याचिका दायर की है। बुधवार को पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका में दावा किया गया है कि वांगचुक की हिरासत अवैध और मनमानी है, जो उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती है। वांगचुक पर लद्दाख में हिंसा भड़काने का आरोप है।


www.timesascent.com
TIMES ascent
Catapult your career

**SBI**
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए स्कूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/19 (संविदा पद)

| पद का नाम | रिक्ति | अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.12.2025) |
|---|---|---|
| उपाध्यक्ष (निवेशक संबंध) | 1 | 50 साल |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 03.01.2026 से 23.01.2026 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 03.01.2026
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

**SBI**
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए स्कूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/21 (संविदा पद)

| पद का नाम | रिक्ति | अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.12.2025) |
|---|---|---|
| मुख्य वित्तीय अधिकारी | 1 | 57 साल |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 05.01.2026 से 27.01.2026 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 05.01.2026
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

**SBI**
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए स्कूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की नियुक्ति**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/17

| पद का नाम | मूल रिक्तियां | शामिल की गई अतिरिक्त रिक्तियां | अंतिम रिक्तियां |
|---|---|---|---|
| वीपी वेल्थ (एसआरएम) | 506 | 76 | 582 |
| एवीपी वेल्थ (आरएम) | 206 | 31 | 237 |
| कस्टमर रिलेशनशिप एक्सेक्यूटिव | 284 | 43 | 327 |

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध है. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 02.12.2025 से 10.01.2026* तक.

*विस्तार दिया गया 23.12.2025 से 10.01.2026 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 31.12.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

**एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड**
(भारत सरकार के अंतर्गत एक मिनी रत्न श्रेणी-। सीपीएसई)
7वां तल, अम्बादीप बिल्डिंग, 14 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001

**अनुबंध के आधार पर उम्मीदवारों की आवश्यकता**

एडसिल आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों और मंडलों में पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र.सं. | पद का नाम | स्थान | रिक्तियों की सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला कॅरियर और मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर | आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों और मंडलों में | 424 |

योग्यता मानदंड, वेतन, शैक्षणिक योग्यता, आयु, कार्य विवरण आदि की पूर्ण जानकारी https://www.edcilindia.co.in/TCareers पर उपलब्ध है।
ऑनलाइन आवेदन पत्र (केवल अंग्रेजी में) तिथि 06.01.2026 से उपलब्ध है।
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18.01.2026 है।

**नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार और सहभागी राज्य सरकारों की एक संयुक्त क्षेत्र कंपनी)

**रिक्ति सूचना**

एनएचएसआरसीएल, रेल मंत्रालय और प्रतिभागी राज्य सरकारों की एक संयुक्त क्षेत्र कंपनी है जिसे मुंबई–अहमदाबाद के बीच पहले हाई–स्पीड कॉरिडोर के निर्माण का कार्य सौंपा गया है।

एनएचएसआरसीएल केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/एसपीवी/मेट्रो रेल/रेल मंत्रालय/सरकारी विभागों/निजी क्षेत्र (जैसा लागू हो) के सेवारत कर्मचारियों से डिजाइन–स्ट्रक्चर के क्षेत्र में विभिन्न पदों हेतु नियमित आधार पर कंपनी के साथ जुड़ने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27.01.2026 है। ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी सहायक दस्तावेजों के साथ एनएचएसआरसीएल कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में 03.02.2026 तक या उससे पहले पहुंच जानी चाहिए।
रिक्ति का विवरण आधिकारिक वेबसाइट www.nhsrcl.in पर देखा जा सकता है।
नोट: इस संबंध में कोई भी परिशिष्ट/आगे की सूचना, यदि कोई हो, केवल एनएचएसआरसीएल वेबसाइट पर ही दी जाएगी।



**Step Into Travel.**
**Step Into Veena World.**

At Veena World, a 1100+ strong team makes lakhs of travel dreams come true every year. As our world of guests expands, so does our need for passionate people who believe in human connections, not just transactions.
If you speak with warmth, think with clarity and serve with joy, we are ready to welcome you.

**Walk-in Interview**

**Sunday, 11th January - 9 am to 2 pm**

**Interview Location:** Veena World Corporate Office, 7th Level, Neelkanth Corporate Park, Kirol Road, Vidyavihar (West), Mumbai - 400 086.

**What to Bring**
Updated resume and one passport-size photograph

**Openings across Locations**
Mumbai | Pune | Delhi | Noida | Gurugram | Kolkata | Ahmedabad
Bengaluru | Hyderabad | Indore | Chennai

| Profile | Designation | CTC p.a. (₹) | Location |
|---|---|---|---|
| **Travel Sales** | | | |
| Sales - InfoSale, Online Sales, Channel Sales | Asst Manager/Incharge/ Sr Consultant/Consultant | 4L to 10L | Mumbai Pune |
| Front Sales | Asst Manager/Incharge / Sr Consultant/Consultant | 4L to 10L | All Locations |
| Business Development-MICE | Manager/Asst Manager/ Sr Exec/Exec | 7L to 15L | Mumbai Pune |
| **Travel Operations** | | | |
| Product - GIT, FIT | Incharge /Sr Exec/Exec | 5L to 9L | Mumbai |
| Contracting & Operations - GIT, FIT, MICE | Incharge/Sr Exec/Exec | 5L to 9L | Mumbai Pune |
| Air Reservations-GIT, FIT, MICE | Incharge/Sr Exec/Exec | 5L to 9L | Mumbai, Pune |
| Visa | Incharge/Sr Exec/Exec | 4L to 8L | All Locations |
| Guest Relations | Incharge/Sr Exec/Exec | 4L to 8L | Mumbai |
| **Corporate & Support** | | | |
| Marketing - Graphic Design, Branding & Promotions, Podcast & Event Coordination | Incharge/Sr Exec/Exec | 5L to 10L | Mumbai |
| Project Compliance & Audit | Incharge/Sr Exec/Exec | 6L to 10L | Mumbai |
| Finance & Accounts | Assistant Manager | 12L to 15L | Mumbai |
| Accounts - Operations Accts, Branch Accts | Sr Accountant/ Accountant | 4L to 6L | Mumbai Bengaluru |
| Human Resources - Operations, Payroll | Manager/ Assistant Manager | 12L to 18L | Mumbai |
| Hardware & Network | Sr Executive/Executive | 5L to 7L | Mumbai |

Salary ranges mentioned above are in lakhs per annum, are indicative and may vary based on the candidate's experience, skills and suitability for the profile.

If you are residing outside Mumbai, kindly scan the QR code and apply through the Careers page on www.veenaworld.com or share your resume at careers@veenaworld.com
Scan to apply
VEENA WORLD
Travel. Explore. Celebrate Life.

www.timesascent.com
TIMES ascent
Catapult your career

**Hyderabad (Sind) National Collegiate Board's**
**Hashmatrai & Gangaram Himathmal Mansukhani Institute of Management**
C.H.M. Campus, Opp. Railway Station, Ulhasnagar (W) - 421 003.
**Minority**
APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE FOLLOWING POSTS FROM THE ACADEMIC YEAR 2025-2026.
**UN-AIDED**

| S.N. | Cadre | Subject | Total No. of Posts | Category |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Director | – | 01 | 01 – OPEN |
| 2. | Associate Professor | Management | 01 | 01 – OPEN |

The above posts are open to all, however candidates from any category can apply for the post.
Reservation for women will be as per **University Circular No. BCC/16/74/1998 dated 10th March, 1998. 4% reservation shall be for the persons with disability as per University Circular No. Special Cell/ICC/2019-20/05 dated 05th July, 2019.**
Candidates having knowledge of Marathi will be preferred.
**The Educational Qualification, Experience & pay-scale for the post of Director & Associate Professor are as prescribed by the University of Mumbai, AICTE & DTE from time to time.**
**Please refer University Circular No. मशिप्रमा / शिशिप्रमा / शैक्षणिक / ०१ / २०२०-२०२१ दिनांक २१ जानेवारी, २०२१ for qualifications and experience at the time of interview.**
Applicants who are already employed must send their application through proper channel. Applicants are required to account for breaks, if any in their academic career.
Application with full details should reach **SECRETARY, Hyderabad (Sind) National Collegiate Board's, Mistry Bhawan, First Floor, 122, Dinshaw Wachha Road, Churchgate, Mumbai – 400 020.** Within 15 days from the date of publication of this advertisement. **This is University approved advertisement.**
Sd/-
**SECRETARY**

**IFCI LIMITED**
आई एफ सी आई लिमिटेड
(A Government of India Undertaking)
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय: आईएफसीआई टॉवर, 61 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019.
दूरभाष : 011–41732000
ईमेल: contract@ifciltd.com
वेबसाइट : www.ifciltd.com
सीआईएन : L74899DL1993GOI053677

**अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करने की सूचना**
**विज्ञापन संख्या: आईएफसीआई/2025-26/05**

आईएफसीआई लिमिटेड निम्नलिखित पदों (अनुबंध पर) के लिए अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | पद का शीर्षक | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | एसोसिएट डायरेक्टर (आईटी) | 1 (अनारक्षित) |
| 2. | एसोसिएट डायरेक्टर | 2 (अनारक्षित) |
| 3. | सीनियर एसोसिएट – टेक्निकल (एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी)) | 1 (अनारक्षित) |
| 4. | सीनियर एसोसिएट – टेक्निकल (दुर्लभ मृदा स्थायी चुंबक (आरईपीएम)) | 1 (अनारक्षित) |
| 5. | एसोसिएट – टेक्निकल (दुर्लभ मृदा स्थायी चुंबक (आरईपीएम)) | 1 (अनारक्षित) |

इच्छुक उम्मीदवार पात्रता मानदंड, मुख्य जिम्मेदारियों और अन्य नियम व शर्तों वाले विस्तृत विज्ञापन के लिए कंपनी की वेबसाइट www.ifciltd.com को देखें।
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 जनवरी, 2026 है।**
इस विज्ञापन के संबंध में कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल हमारी वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। उम्मीदवार अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।
हस्ता/–
महाप्रबंधक
(मानव संसाधन)
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06/01/2026



NBT AI टाइम मशीन

## जब 14 साल के Fischer ने रचा इतिहास

आज ही के दिन 1958 में बॉबी फिशर (Bobby Fischer) ने अपना पहला US Chess चैंपियनशिप खिताब जीता था। तब वह 14 साल के थे। यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि शतरंज की दुनिया में 'फिशर युग' की शुरुआत थी। इसके साथ फिशर अमेरिका के सबसे युवा चैंपियन बने। इसी उपलब्धि ने उनके लिए 'इंटरजोनल' के रास्ते खोले, जहां प्रदर्शन कर वे आगे चलकर दुनिया के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने।

नवभारत टाइम्स | मुंबई


NBT

Front Page-2

गुरुवार, 8 जनवरी 2026, पेज 12

## AI के साथ होगी Chess की साझेदारी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में शतरंज भारत के लिए सिर्फ खेल नहीं, बल्कि बौद्धिक ताकत का प्रतीक होगा। भारत दुनिया में शतरंज का नेतृत्व करेगा और सबसे ज्यादा चैंपियन यहीं से निकलेंगे। AI और मानव की साझी खेल शैली उभरेगी, वर्चुअल और होलोग्राफिक Chess टूर्नामेंट आम होंगे। खेल तेज और ज्यादा रोमांचक बनेगा। भारत में शतरंज की लोकप्रियता क्रिकेट जैसी होगी। शतरंज हमारी रणनीतिक सोच, नेतृत्व क्षमता और ग्लोबल पहचान का अहम आधार होगा।



AI Images

# दुनिया के सबसे बड़े टेक्नॉलजी शो में दिखी भविष्य की साफ झलक

Pradeep.Tiwari@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दुनिया के सबसे बड़े टेक्नॉलजी ईवेंट कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (CES) में भविष्य की झलक दिख रही है। अमेरिका के लास वेगस (Las Vegas) शहर में सैकड़ों टेक कंपनियां अपने नए प्रोडक्ट्स और आइडियाज को लेकर पहुंची हैं। 6 जनवरी से शुरू हुआ टेक का यह महाकुंभ 9 जनवरी तक चलेगा। CES में 150 देशों के लोग हिस्सा ले रहे हैं। 40% से ज्यादा इनोवेटर्स इस बार अमेरिका के बाहर से हैं। 9 जनवरी तक CES में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI), डिजिटल हेल्थ, एनर्जी, रोबोटिक्स और मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों के इनोवेशन दिखेंगे।




### शरीर से जले और कटे का दाग हटा देगी डिवाइस

दक्षिण कोरिया की कंपनी Kolmar Korea ने ऐसी डिवाइस पेश की है जो शरीर पर मौजूद पुराने निशान, जैसे जलने या कट के दाग का इलाज भी करती है और ऊपर से मेकअप भी कर देती है। जैसे डॉक्टर एक्स-रे देखकर बीमारी समझते हैं, वैसे ही यह मशीन फोटो देखकर तय करती है कि निशान किस तरह का है। फिर खुद ही सही दवा और स्किन से मिलता-जुलता रंग चुनकर हल्का पाउडर स्प्रे कर देती है। पूरी प्रक्रिया सिर्फ 10 मिनट में पूरी हो जाती है। डिवाइस स्किन को नुकसान भी नहीं होता।

### इंसानों जैसा रोबॉट, फैक्ट्री में करेगा काम

Hyundai की कंपनी बोस्टन डायनमिक्स ने इंसान जैसा दिखने वाला रोबॉट Atlas पहली बार दुनिया के सामने पेश किया। Atlas इंसानों की तरह चल सकता है, झुक सकता है, चीजें पकड़ सकता है और वजन उठा सकता है। यह फैक्ट्री में काम करने वाला ऐसा मजदूर है जो थकता नहीं।



### ऐसा लॉलिपॉप, जिसको खाते ही आपको सुनाई देगा गाना

Lollipop Star नाम की कंपनी ने ऐसा लॉलिपॉप लॉन्च किया, जिसे खाते समय गाना सुनाई देता है। सोच रहे होंगे कि बिना ईयरफोन गाना कैसे? इसका जवाब है, हड्डियों के जरिए आवाज पहुंचाने वाली तकनीक। जब आप लॉलिपॉप को मुंह में रखते हैं, तो उससे निकलने वाली कंपन जबड़े की हड्डी के जरिए सीधे कान तक पहुंचती है। ऐसे लॉलिपॉप का मजा लेते हुए गाना सुन सकते हैं।






SPEED News


**ईरान ने मोसाद के लिए जासूसी करने के** के दोषी एक शख्स को फांसी दे दी। दोषी की पहचान अली अर्देस्तानी के रूप में हुई है। मोसाद इस्राइल की जासूसी एजेंसी है।





**इस्राइल ने यरुशलम के पास एक बसावट** परियोजना को शुरू करने से पहले अंतिम बाधा पार कर ली है। यह वेस्ट बैंक को प्रभावी रूप से दो हिस्सों में बांट देगी।

**अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड** रीगन के बेटे माइकल रीगन का निधन हो गया। रीगन 'न्यूजमैक्स' टीवी नेटवर्क से जुड़े थे। 'द माइकल रीगन शो' फेमस था।





**अमेरिका की खुफिया जानकारी सोवियत** संघ को बेचने वाले CIA के पूर्व एजेंट एल्ड्रिक एमेस की 84 वर्ष की आयु में मैरीलैंड की जेल में मौत हो गई।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# तेल वेनेज़ुएला का, बेचेगा अमेरिका


## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, 3-5 करोड़ बैरल तेल मिलेगा

■ एपी/आईएएनएस, काराकास (वेनेज़ुएला)/वॉशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि वेनेज़ुएला में अंतरिम सरकार अमेरिका को बाजार मूल्य पर 3-5 करोड़ बैरल हाई क्वॉलिटी वाला तेल देगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि तेल जहाजों द्वारा सीधे अमेरिका पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तेल बेचा जाएगा और राष्ट्रपति के रूप में पैसे पर उनका कंट्रोल होगा लेकिन इसका इस्तेमाल वेनेज़ुएला और अमेरिका के लोगों के फायदे के लिए किया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक घर और ऑफिस वाइट हाउस वेनेज़ुएला के संबंध में तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ ओवल ऑफिस में शुक्रवार को मीटिंग करेगा। इसमें एक्सॉन, शेवरॉन और कोनोको फिलिप्स के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। मामले के जानकार एक व्यक्ति ने नाम उजागर न करने की शर्त पर यह जानकारी दी। तेल की कीमत करीब 56 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल है जिससे ट्रंप द्वारा मंगलवार देर रात घोषित किया गया। यह सौदा 2.8 अरब अमेरिकी डॉलर तक का हो सकता है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार, अमेरिका औसतन प्रतिदिन करीब 2 करोड़ बैरल तेल और संबंधित उत्पादों की खपत करता है। वेनेज़ुएला से आने वाली यह खेप लगभग ढाई दिन की आपूर्ति के बराबर होगी।

**ट्रंप बोले, चीन-रूस से रिश्ते खत्म करे वेनेज़ुएला:** ट्रंप प्रशासन ने वेनेज़ुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से कहा है कि जब तक वे वाइट हाउस की शर्तें नहीं मानते, तब तक वेनेज़ुएला को और तेल निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह जानकारी सरकार की योजना से जुड़े लोगों ने दी है। एबीसी न्यूज के मुताबिक, शर्त यह है कि वेनेज़ुएला को चीन, रूस, ईरान और क्यूबा से अपने रिश्ते खत्म करने होंगे और उनके साथ आर्थिक सहयोग बंद करना होगा। वेनेज़ुएला को तेल उत्पादन के लिए केवल अमेरिका के साथ साझेदारी करनी होगी। कच्चा तेल बेचते समय भी उसे प्राथमिकता देनी होगी।



**योजना...** ट्रंप ने कहा कि तेल जहाजों से सीधे अमेरिका पहुंचाया जाएगा। उसे बेचा जाएगा और राष्ट्रपति के रूप में पैसे पर उनका कंट्रोल होगा लेकिन इसका इस्तेमाल वेनेज़ुएला और अमेरिका के लोगों के लिए होगा।

### टैरिफ पर मैक्रों का उड़ाया मज़ाक

ट्रंप ने अपनी पार्टी के सांसदों को संबोधित करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ हुई बातचीत का जिक्र किया। राष्ट्रपति ने दावा किया कि फ्रांसीसी नेता से प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की कीमतें बढ़ाने के लिए कहा। शुरू में मैक्रों ने मना कर दिया। मगर, ट्रंप ने शैंपेन और वाइन सहित फ्रांसीसी सामान टैरिफ का सामना करने के लिए तैयार हो जाएं। ट्रंप ने बताया, 'मैक्रों ने कहा डील मंजूर है। गुजारिश है इस बारे में लोगों को मत बताइएगा।'



फैक्ट है कि सभी हेलिकॉप्टर मिले

## अपाचे पर ट्रंप ने बढ़ा-चढ़ाकर दिया बयान, डिलिवरी के लिए मिले मोदी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**डॉनल्ड ट्रंप** ने मंगलवार को एक बार फिर बढ़ा-चढ़ाकर बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि भारत ने अमेरिका से 68 अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर मंगवाए थे और उनकी डिलिवरी इतनी धीमी थी कि पीएम नरेंद्र मोदी को इस देरी पर चिंता जताने के लिए उनसे मुलाकात करनी पड़ी। TOI के अनुसार, सरकारी समझौतों, डिलिवरी रेकॉर्ड, तैनाती की जानकारी और सैन्य और कूटनीतिक सूत्रों से बातचीत की समीक्षा से पता चलता है कि यह दावा तथ्यों से मेल नहीं खाता। असल में, भारत ने कुल मिलाकर केवल 28 अपाचे हेलिकॉप्टर ही ऑर्डर किए थे, और दिसंबर 2025 तक सभी हेलिकॉप्टरों की डिलिवरी पूरी हो चुकी थी।



**कांग्रेस का तंज, बिना न्योता मिलने क्यों गए PM**

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ट्रंप के अपाचे हेलिकॉप्टर सौदे को लेकर दिए गए ताजा बयान पर कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर पीएम बिना न्योते ट्रंप से मिलने क्यों पहुंचे थे। पार्टी का कहना है कि ट्रंप के बयान ने मोदी सरकार की विदेश नीति और अमेरिका के साथ रिश्तों की हकीकत उजागर कर दी है। जिस मुलाकात को कूटनीतिक उपलब्धि बताकर प्रचारित किया गया था, उसी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।


वाइट हाउस बोला

### ग्रीनलैंड पर हमले की सोच रहा US



एपी, कोपेनहेगन : अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रहा है। उसमें सैन्य कार्रवाई भी शामिल हो सकती है। वाइट हाउस ने कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना अमेरिका के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा की प्राथमिकता है। अमेरिका के सैन्य कार्रवाई के बारे में सोचने के बयान देने के बाद डेनमार्क और ग्रीनलैंड अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ बैठक करने की मांग की है।

## भारत-वेनेज़ुएला के रिश्तों की गवाह एक सड़क...




नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में डिप्लोमैट इलाके में है यह सड़क।

Meghna.Dhulia @timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अमेरिका के हमलों के कारण लैटिन अमेरिकी देश वेनेज़ुएला सुर्खियों में है। इस वक्त दिल्ली में मौजूद एक सड़क दोनों देशों के पुराने और गहरे रिश्तों की याद दिलाती है। चाणक्यपुरी के राजनयिक क्षेत्र में स्थित सिमोन बोलिवर मार्ग का नाम वेनेज़ुएला के स्वतंत्रता सेनानी सिमोन बोलिवर के नाम पर कई दशक पहले रखा गया था।

घने पेड़ों से घिरी यह सड़क दिल्ली की रोजमर्रा की भागदौड़ में सहज रूप से घुली हुई है। मगर, वैश्विक संकट के समय, इस हरी-भरी सड़क पर लगा साइनबोर्ड साझा इतिहास, विचारधाराओं और भारत के उपनिवेश-विरोधी संघर्षों के प्रति लंबे समय से चले आ रहे समर्थन की याद दिलाता है। सिमोन बोलिवर मार्ग कौटिल्य मार्ग से सरदार पटेल मार्ग तक जाती है और नई दिल्ली के राजनयिक इलाके के बीच से गुजरती है। इतिहासकारों के अनुसार, चाणक्यपुरी की कई सड़कों की तरह इसका नाम भी सोच-समझकर रखा गया था। 1947 के बाद दिल्ली की योजना बनाने वालों ने उन नेताओं को सम्मान दिया जो औपनिवेशिक शासन से आजादी के प्रतीक थे।



(1783–1830)

### कौन थे सिमोन बोलिवर?

- सिमोन बोलिवर दक्षिण अमेरिका के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में थे। उन्होंने स्पैनिश साम्राज्य से आजादी दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई।
- कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू और वेनेज़ुएला की आजादी में उन्होंने नेतृत्व किया।
- गुलामी की आजादी देने की मांग की।
- लैटिन अमेरिकी देशों के लिए यूनियन का विचार रखा।
- दक्षिण अमेरिका की आजादी के प्रतीक होने के कारण उन्हें मुक्तिदाता कहा जाता है।

# दिल्ली में अतिक्रमण हटाने पर हुआ पथराव, 5 जवान ज़ख्मी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पुरानी दिल्ली** के तुर्कमान गेट इलाके में मंगलवार देर रात अदालत के आदेश पर अतिक्रमण हटाने गई एमसीडी की टीम पर पथराव हो गया, जिसमें 5 पुलिस वाले घायल हो गए। लोगों के साथ पुलिस की झड़प हुई। माहौल बिगड़ता देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले फेंके और लाठीचार्ज किया। 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 30 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। वहीं 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज और बॉडी कैमरों की मदद से अन्य संदिग्ध आरोपियों की पहचान की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दरियागंज के रहने वाले काशिफ, मोहम्मद कैफ, समीर, अदनान और तुर्कमान गेट के रहने वाले मोहम्मद अरीब के रूप में हुई है। सेंट्रल जिला के डीसीपी निधिन वालसन ने बताया कि फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास लंबे समय से अवैध निर्माण और अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। पिछले साल 12 नवंबर को कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। एमसीडी की टीम देर रात बड़े पैमाने अतिक्रमण हटाने गई थी। एक बैंक्वेट हॉल और एक डायग्नोस्टिक सेंटर समेत कई अवैध ढांचों को तोड़ा गया। कोई अनहोनी न हो इसलिए मंगलवार शाम से ही इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। जैसे ही तोड़फोड़ की कार्रवाई तेज हुई, वहां मौजूद लोगों की भीड़ उग्र हो गई।

**तुर्कमान गेट के पास चला बुलडोज़र**

**30 से अधिक** संदिग्धों को लिया गया हिरासत में, 5000 से अधिक पुलिस बल तैनात

**300 से अधिक** सीसीटीवी फुटेज की मदद से संदिग्धों की पहचान की जा रही



आंसू गैस के गोले भीड़ को हटाने के लिए चलाने पड़े पुलिस को।

**जामा मस्जिद के पास सर्वे का आदेश**

**दिल्ली हाई** कोर्ट ने बुधवार को एमसीडी व संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे जामा मस्जिद के पास सर्वे कराकर पार्कों और सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। इसके लिए दो महीनों का वक्त दिया। कोर्ट ने यह आदेश फरहत हसन व अन्य की याचिका पर पारित किया। याचिका में मस्जिद के चारों ओर पार्कों में हुए अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की गई है।

## मोदी-नेतन्याहू की फोन पर बात

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इस्राइल के पीएम बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ फोन पर बात की। इस बातचीत की जानकारी खुद पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट लिखकर दी।

पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने इस बातचीत में नेतन्याहू और इस्राइल के लोगों को नए साल की शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच भारत- इस्राइल रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करने के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की गई। भारत सरकार की ओर से जारी हुए बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस के अपने रुख को दोहराया। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ लड़ाई की जरूरत पर बल दिया।



## 'टैरिफ पर दबाव बनाने की कोशिश'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** अमेरिका के साथ ट्रेड डील और भारी भरकम एकतरफा टैरिफ लगाए जाने के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि यह पहली बार नहीं है, जब भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। लक्जमबर्ग के दौरे के वक्त वहां भारतीय मूल के डायस्पोरा के साथ हुए संवाद में विदेश मंत्री ने एक सवाल के जवाब में ऐसा कहा। हालांकि इस दौरान उन्होंने अमेरिका का नाम नहीं लिया।

जयशंकर ने इस दौरान अटल बिहारी वाजपेयी के वक्त हुए 1998 के परमाणु परीक्षणों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस वक्त देश के राजनीतिक नेतृत्व ने जब ये फैसला लिया तो ये कोई आसान निर्णय नहीं था। उस वक्त भी भारत के खिलाफ प्रतिबंध और दूसरे कड़े निर्णय देखे गए। इसके साथ ही विदेश मंत्री ने बिना नाम लिए अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा कि आज के वक्त में देश वही काम करते हैं, जिनसे उनका सीधा फायदा होता है, लेकिन दूसरों को फ्री की सलाह दी जाती है।

> देश वो करते हैं जो फायदा देता है, बाकी को सलाह दी जाती है: जयशंकर

स्ट्रीट डॉग्स पर सुनवाई | सुप्रीम कोर्ट बोला- डॉग्स के काटने से ही नहीं, आवारा जानवरों से सड़क हादसे में जा रही जान

## डॉग काटेगा या नहीं, कोई बता सकता है?: SC

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** स्ट्रीट डॉग्स पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सवाल किया कि संस्थानों में स्ट्रीट डॉग्स की जरूरत क्यों है? क्या कोई बता सकता है कि कौन सा डॉग किस मूड (काटने के मूड में है या नहीं) में है? नगरीय निकायों द्वारा नियमों और निर्देशों का अनुपालन न करने की ओर ध्यान दिलाते हुए कोर्ट ने कहा, सड़कों पर डॉग्स और आवारा जानवर नहीं होने चाहिए। डॉग्स के काटने से ही नहीं, आवारा पशुओं की वजह से सड़क हादसों में भी लोगों की जान जा रही है। नगर निकायों को नियमों, कार्य प्रणालियों और निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा कि वह सुनवाई इसलिए कर रही है, क्योंकि कई वकीलों और पशु कार्यकर्ताओं ने दावा किया है कि 7 नवंबर को आदेश पारित होने से पहले उनकी बात नहीं सुनी गई थी। 7 नवंबर को कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों समेत सभी संस्थागत परिसरों से स्ट्रीट डॉग्स को हटाने का निर्देश दिया था।

> डॉग्स की स्कूल, अस्पताल में जरूरत क्या: कोर्ट



**इलाज से परहेज बेहतर: कोर्ट**

पूर्व आदेश में संशोधन का अनुरोध करने वाले याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, समाधान सभी डॉग्स को पकड़ना नहीं है। उनकी आबादी कंट्रोल करने के लिए पकड़ना, नसबंदी करना, टीकाकरण करना और छोड़ना... इस फॉर्मूले को अपना सकते हैं, जिससे काटने की घटनाओं में कमी आएगी। कोर्ट ने कहा, इलाज से परहेज बेहतर है। इस मामले में बहस करने के लिए कुछ खास नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवारा जानवरों को हटाने के निर्देश पर जिन राज्यों ने हलफनामा नहीं दिया, उनके लिए कोर्ट ने कहा, सख्ती से निपटेंगे।



### नेहा राठौर को SC से अंतरिम प्रोटेक्शन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को पहलगाम आतंकी हमले पर सोशल मीडिया पोस्ट के सिलसिले में उनके खिलाफ दायर मामले में बुधवार को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी। ये टिप्पणियां कथित तौर पर पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के संबंध में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी को निशाना बनाकर की गई थीं।

### हाथी के हमलों में 6 लोगों की गई जान

■ **भाषा, चाईबासा :** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में जंगली हाथी के अलग-अलग हमले में एक ही परिवार के 4 सदस्यों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। चाईबासा के वनाधिकारी आदित्य नारायण ने बताया कि मंगलवार देर रात नोआमुंडी और हटगमरिया में हाथी ने 6 लोगों को मार डाला।

### जांच समिति बनाने में कोई रोक नहीं: SC

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकसभा स्पीकर को जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार आरोपों की जांच के लिए समिति बनाने से रोकने वाला कोई प्रावधान नहीं है। जस्टिस वर्मा ने अपने आवास से कैश मिलने के मामले में समिति की वैधता को चुनौती दी है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: cci Time: 01-07-2026 23:03 Color:



**1000** करोड़ का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है भिवंडी-निज़ामपुर मनपा का जनता पर

# जनता बेहाल, नेता मालामाल

## भिवंडी में 40 प्रत्याशी करोड़पति, वसई-विरार में दो अरबपति

■ **विजयकुमार सिंह, भिवंडी:** मनपा चुनाव की 90 सीटों के लिए कुल 439 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें से बीजेपी के 6 नगरसेवक निर्विरोध चुने गए हैं। 'श्रमिकों की नगरी' भिवंडी में भले ही अधिकतर लोग मुफलिसी में जी रहे हों, तमाम समस्याओं से ग्रस्त हों, लेकिन यहां के जनप्रतिनिधि करोड़पति हैं। चुनाव मैदान में उतरे और निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों में से 40 उम्मीदवार करोड़पति हैं। प्रभाग 17 (ब) से बीजेपी के निर्विरोध उम्मीदवार सुमित पाटील सबसे अमीर नगरसेवक हैं। उनकी कुल संपत्ति 60.97 करोड़ रुपये से अधिक है।

### ये उम्मीदवार भी हैं करोड़पति

प्रभाग 23 (क) से बीजेपी के नारायण चौधरी की संपत्ति 55.75 करोड़ रुपये से अधिक है। प्रभाग 23 (ब) से बीजेपी की निर्विरोध चुनी गई भारती चौधरी की संपत्ति करीब 35.57 करोड़ रुपये, प्रभाग 9 (अ) से शिंदे सेना के संजय म्हात्रे की संपत्ति 29.04 करोड़, प्रभाग 22 (अ) से बीजेपी की गीता नाईक की संपत्ति 26.13 करोड़ रुपये, प्रभाग 21 (ब) से शिंदे सेना की वंदना काटेकर की संपत्ति 25.23 करोड़ रुपये, प्रभाग 21 (ड) से शिंदेसेना के पूर्व उपमहापौर मनोज काटेकर की संपत्ति 24.71 करोड़ रुपये और प्रभाग 6 (ड) से भिवंडी विकास आघाड़ी से जावेद दलवी की संपत्ति 23.99 करोड़ रुपये है।

AI Image



### एक अरब से अधिक है विलास पाटील परिवार की संपत्ति

**प्रभाग 1 (ड) से कोणार्क विकास आघाडी से उम्मीदवार पूर्व महापौर विलास पाटील की कुल संपत्ति 56.83 करोड़ रुपये से अधिक है। पाटील की पत्नी प्रभाग 1 (ब) से पूर्व महापौर प्रतिभा पाटील की कुल संपत्ति 56.83 करोड़ रुपये से अधिक है। पाटील के पुत्र 1 (क) से मयुरेश पाटील की कुल संपत्ति 3.09 करोड़ रुपये से अधिक है।**

### उल्हासनगर: आधे से ज्यादा उम्मीदवार करोड़पति

■ **अरविंद त्रिपाठी, उल्हासनगर:** उल्हासनगर मनपा में बीजेपी की उम्मीदवार हेमा पिंजानी की संपत्ति 93 करोड़ रुपये है, जबकि शिंदे सेना के राजेंद्र सिंह भुल्लर की संपत्ति 57 करोड़ रुपये है। कांग्रेस के विजय ठाकुर के पास 38 करोड़ रुपये की संपत्ति है। बीजेपी और शिंदे सेना में सबसे ज्यादा करोड़पति उम्मीदवार हैं, जबकि कांग्रेस, उद्धव सेना और MNS में लखपति उम्मीदवारों की संख्या सबसे ज्यादा है। हेमा पिंजानी के हलफनामे में अलग-अलग कंपनियों, JCB मशीनों, डंपरों, चार पहियों वाहन आदि का रिकॉर्ड है। शिंदे सेना के राजेंद्र सिंह ने 57 करोड़, 57 लाख की संपत्ति दिखाई है। विधायक कुमार आयलानी की पत्नी मीना आयलानी की संपत्ति 44 करोड़ रुपये, कांग्रेस के विजय ठाकुर की 38 करोड़ रुपये, एनसीपी अजित पवार की भारत राजवानी (गंगोत्री) की 33 करोड़ रुपये, शिंदे सेना के विजय पाटिल की 33 करोड़ रुपये, साईं पार्टी प्रमुख जीवन ईदनानी की 24 करोड़ रुपये, शिंदे सेना के महेश सुखरामानी की 12 करोड़ रुपये, अरुण आशान की 11 करोड़ रुपये, जया मखीजा की 10 करोड़ रुपये, मीनाक्षी पाटिल की 8 करोड़ रुपये, बीजेपी के राजेश वधारिया की 10 करोड़ रुपये, शिंदे सेना और पूर्व विधायक पप्पू कालानी की बेटी सीमा कालानी की 9 करोड़ रुपये आदि उम्मीदवारों की संपत्ति करोड़ों रुपये से अधिक है।

> बीजेपी की हेमा पिंजानी की संपत्ति 93 करोड़ रुपये, शिंदे सेना के राजेंद्र सिंह भुल्लर की 57 करोड़

### वसई-विरार: बविआ के अजीव पाटील 291.65 करोड़ के मालिक

■ **NBT न्यूज, वसई:** बहुजन विकास आघाडी के दो उम्मीदवार अरबपति हैं। साथ ही 30 से ज्यादा उम्मीदवार करोड़पति हैं। यह जानकारी उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए हलफनामे से सामने आई है।

वसई-विरार मनपा की 115 सीटों के लिए 557 उम्मीदवार मैदान में हैं। इन उम्मीदवारों में से अलग-अलग पार्टियों के 30 से ज्यादा उम्मीदवार करोड़पति हैं। बविआ के अजीव पाटील 291.65 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। उनके बाद बविआ के ही पंकज ठाकुर 143 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर हैं। बविआ के पूर्व नगरसेवक हार्दिक राउत के पास 18 करोड़



रुपये, प्रफुल्ल साने के पास 30 करोड़ रुपये, शेखर धुरी के पास 5 करोड़ रुपये, अशीफ शेख के पास 30 करोड़ रुपये, प्रशांत राउत के पास 1 करोड़ रुपये, कल्पेश मानकर के पास 14 करोड़ रुपये, धनंजय गावड़े के पास 18 करोड़ रुपये, किरण ठाकुर के पास 21 करोड़ रुपये की संपत्ति है। सुवर्णा पाटील के पास 11 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

बीजेपी के कई उम्मीदवार भी करोड़पति हैं। महेश पाटील की कुल संपत्ति 73.63 करोड़ रुपये है, जबकि मनोज पाटील की कुल संपत्ति 8 करोड़ रुपये है। गौरतलब है कि उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति चुनावी हलफनामे में जाहिर की है।

## अखिलेश यादव का दौरा रद्द, सपा में बढ़ी खींचतान

Vijay.Pandey1@timesofindia.com

■ **मुंबई:** मनपा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष अबू आसिम आजमी और विधायक रईस शेख के बीच बढ़ती दूरियों से पार्टी के प्रदर्शन पर असर होने की आशंका बढ़ रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मनपा चुनावों के लिए प्रस्तावित दौरा रद्द हो गया है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। पार्टी चुनाव नतीजों के बाद दोनों के बीच की इस खींचतान पर फैसला ले सकती है। समाजवादी पार्टी मुंबई की खास सीटों के अलावा भिवंडी और आसपास के कुछ इलाकों में मजबूत मानी जाती है।

**भायखला और गोवंडी पर होगा असर:** पिछले चुनाव में सपा के मुंबई में सात नगरसेवक थे। जिनमें से एक भायखला और छह नगरसेवक गोवंडी से जीते थे। सपा के भायखला के प्रभाग 211 से रईस शेख नगरसेवक रह चुके हैं। उन्होंने अपने पसंदीदा उम्मीदवार के लिए यहां से टिकट मांगा था। लेकिन पार्टी ने टिकट नहीं दिया। जिसके बाद उन्होंने अपने करीबी वकार को कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा दिया है। जिसके बाद सपा की यह मजबूत सीट खतरे में पड़ गई है। गोवंडी से जो रईस एक बार नगरसेवक रहे हैं, उस इलाके में प्रचार से उन्होंने पूरी तरह से दूरी बना ली है। एक सूत्र के अनुसार, दोनों लोगों में अदावत काफी पुरानी है। काफी कोशिशों के बावजूद भी पार्टी समस्या नहीं सुलझा पा रही है।



### भिवंडी में भी होगा असर

**भिवंडी** में बेहद मजबूत रही सपा के कई कार्यकर्ता और रईस शेख समर्थक टिकट न मिलने पर कांग्रेस और एनसीपी के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। जाहिर तौर पर इससे पार्टी को नुकसान होना तय दिख रहा है। भिवंडी के एक पदाधिकारी के मुताबिक, यह खींचतान मनपा का पूरा समीकरण ही बदल रही है। शेख कहते हैं कि सांप्रदायिक ताकतों को दूर रखने के लिए मैं प्रयासरत हूं। मेरे ऊपर अनावश्यक रूप से कई आरोप लगाए जा रहे हैं। वहीं, विधायक अबू आसिम आजमी से इस संदर्भ में संपर्क नहीं हो सका। गौरतलब है कि अबू आसिम आजमी और रईस शेख किसी समय काफी करीबी थे। बीएमसी में शेख को लाने वाले आजमी ही थे और शेख बीएमसी में मजबूती से आवाज उठाते रहे। मुंबई सपा के कार्यकारी अध्यक्ष यूसुफ अब्राहनी कहते हैं कि कुछ दिक्कतें जरूर हैं। दोनों के बीच का मामला आंतरिक है और जल्द हल कर लिया जाएगा।

> चुनाव के नतीजों पर पड़ सकता है असर

### जनता की मांग

## जनप्रतिनिधियों को अवैध शेड्स तुरंत हटाने चाहिए



मैं प्रभाग 24 का निवासी हूं। यहां की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इस कॉम्प्लेक्स में कई रेस्टोरेंट बीएमसी के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। नियमों के अनुसार वेदर शेड सिर्फ बरसात के मौसम में लगाए जा सकते हैं, लेकिन यहां उन्हें अवैध रूप से लगाया गया है। इससे इमारत के रहवासियों की जान को खतरा है और कभी भी आग लग सकती है। बीएमसी अधिकारियों की मिलीभगत से यह सब हो रहा है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों को इन अवैध शेड्स को तुरंत हटवाना चाहिए। - रमेश सलेशा

### भेजें वॉर्ड की समस्याएं



**आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं हैं, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते हैं, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।**

## इलेक्शन ब्रीफ

### ठाणे में सहभागी ही करेंगे विकास कार्य पूरा: तटकरे




■ **NBT न्यूज, ठाणे:** NCP (AP) के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने कहा है कि भले ही आज हम मनपा चुनाव में विरोधी पक्ष के रूप में महायुति के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं, लेकिन कल सत्ता में शामिल होकर ठाणे शहर के विकास काम को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की राजनीति में ठाणे का बड़ा महत्व है। एक वक्त गणेश नाईक और वसंत डावखरे इसी ठाणे में हमारे साथ थे, लेकिन बदलते राजनीतिक समीकरण के चलते सब दूर हुए। इसके बावजूद अधिक से अधिक जगहों पर हमारी विजय हुई। ठाणे शहर जिला NCP की समीक्षा बैठक का आयोजन बुधवार की शाम ठाणे स्थित होटल टिपटॉप प्लाजा में हुआ। इस दौरान तटकरे बैठक में मौजूद सभी उम्मीदवारों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहे थे।

### कांदिवली: कांग्रेस के सामने साख बचाने की चुनौती

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाने वाला कांदिवली विधानसभा क्षेत्र पर अब बीजेपी-शिवसेना का कब्जा है। इस क्षेत्र में 8 प्रभाग हैं, जिनमें 7 पर बीजेपी-शिवसेना काबिज हैं। यहां उत्तर भारतीय, मराठी और मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अधिक है। प्रभाग 28 में कांग्रेस की पूर्व नगरसेविका डॉ.अजंता यादव चौथी बार किस्मत आजमा रही हैं। इन पर कांग्रेस की साख बचाने की भी जिम्मेदारी है, क्योंकि कांदिवली में यही एकमात्र सीट है, जहां पर कांग्रेस का दबदबा कायम है। हालांकि, इस बार महायुति ने वृषाली हुंडारे को उतारा है। तीन बार की नगरसेविका रह चुकीं डॉ. यादव के सामने पहली बार चुनावी दंगल लड़ने उतरी वृषाली से इनका सीधा मुकाबला है।

### बविआ से नाराज होकर BJP में आए 15 बागी मैदान में



सुषमा दिवेकर | चंद्रकांत गोरिवले | निलेश चौधरी

■ **NBT न्यूज, वसई:** बहुजन विकास आघाडी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए 15 बागियों को बीजेपी ने चुनाव मैदान में उतारा है। इसमें 7 पूर्व नगरसेवक व 8 बड़े पदाधिकारी हैं। विधानसभा चुनाव में बहुजन विकास आघाडी के तीन उम्मीदवार महायुति से हार गए थे। उसके बाद बीजेपी यहां हावी होने लगी। बीजेपी अब बविआ की मनपा में सत्ता को कमजोर करने की तैयारी में है। इसलिए पिछले कुछ दिनों से बीजेपी ने बविआ के नाराज कार्यकर्ताओं और पुराने नगरसेवकों को अपनी तरफ खींचना शुरू कर दिया है।


### सांसद मनोज तिवारी ने मुंबई मे किया रोड शो और सभा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** चुनावी जंग में उत्तर प्रदेश और बिहार से भी नेता प्रचार करने आ रहे हैं। दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने बुधवार को मुंबई में प्रचार किया। तिवारी ने बीजेपी के प्रभाग 135 के उम्मीदवार नवनाथ बन के समर्थन में मानखुर्द शिवाजी नगर में रोड शो किया। उसके बाद कुर्ला में प्रभाग 149 में रोड शो और सभा किया। गुरुवार को तिवारी कालीना, चांदीवली और कांदिवली में सभा करेंगे। इसके अलावा भोजपुरी अभिनेता से नेता बने रवि किशन, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' मुंबई में बीजेपी और शिवसेना गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभाएं करेंगे।

## BJP-BVA के नेताओं में छिड़ी जुबानी जंग

### बविआ में शामिल हुए शेखर धुरी बोले, 'दुबे दंपती चला रहे हैं BJP

■ **NBT न्यूज, वसई:** वसई विरार मनपा चुनाव को लेकर बीजेपी- बविआ के बीच आरोप-प्रत्यारोप की जंग शुरू हो गई है। पिछले दिनों हितेंद्र ठाकुर ने बीजेपी के विधायकों पर कई गंभीर आरोप लगाए, तो बीजेपी नेता पूनम महाजन ने भी ठाकुर पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बविआ यहां तीस साल से राज कर रही है और यहां कोई विकास कार्य नहीं दिखता है। यह उसकी सबसे बड़ी नाकामी है। उधर, बीजेपी से बगावत कर बविआ में शामिल हुए उम्मीदवार व पूर्व नगरसेवक शेखर धुरी ने बीजेपी नेताओं पर हमला करना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वसई



विधानसभा की विधायक स्नेहा दुबे पंडित और उनके पति नवीन दुबे बीजेपी पार्टी को चला रहे हैं। बता दें कि वसई पश्चिम के रहने वाले शेखर धुरी कई सालों से संघ से जुड़े रहे वह बीजेपी के काफी पुराने पदाधिकारी रहे और एक बार नगरसेवक भी रहे। वह इस बार भी चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उन्हें बीजेपी से टिकट नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पार्टी के बड़े नेताओं से भी मदद मांगी थी। लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया गया। टिकट नहीं मिलने से काफी नाराज थे। नामांकन भरने के दिन उन्होंने हितेंद्र ठाकुर की बहुजन विकास आघाडी में शामिल हो गए।

ठाकुर ने उन्हें प्रभाग 26 से उम्मीदवार बनाया है। धुरी ने आरोप लगाया है कि पुराने कार्यकर्ताओं को छोड़ने का काम मौजूदा बीजेपी नेताओं ने किया है। धुरी ने विधायक स्नेहा दुबे पंडित की कड़ी आलोचना की।

### सुना है कि...

#### विधायकजी टिकट बांटो, लेकिन शर्तें लागू रहेंगी

**एमएमआर क्षेत्र के** एक महानगरपालिका में दो विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें से एक हिस्से पर तो एक राष्ट्रीय पार्टी ने बकायदा प्रक्रिया के तहत उम्मीदवारी बांटी। लेकिन दूसरे हिस्से पर दूसरी पार्टी के एक विधायक को एबी फॉर्म बांटने की जिम्मेदारी दे दी। चर्चा है कि सीटें जीतने की शर्त पर पार्टी ने यह बंटवारा किया है। दरअसल, पार्टी हर हाल में मेयर बनाना चाहती है, इसलिए दूसरी पार्टी के विधायक से भी समर्थन लेने से गुरेज नहीं कर रही है। - धूमकेतु

## लोकसभा, विधानसभा हार चुकी यामिनी फिर मैदान में

### लौटीं BMC की ओर, प्रभाग 209 से प्रत्याशी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दक्षिण मुंबई में एक उम्मीदवार तीन चुनाव लोकसभा, विधानसभा और बीएमसी लड़ चुकी हैं। इसमें से दो चुनावों में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में भायखला के प्रभाग 209 का चुनाव रोचक हो गया है। यहां पर शिवसेना से यामिनी जाधव, कांग्रेस से रफिया डामुदी उम्मीदवार हैं।



यामिनी शिवसेना विधायक थीं। विभाजन के बाद वह शिंदे गुट के साथ चली गईं। इसके बाद पार्टी ने लोकसभा चुनाव में यामिनी को उतारा था, जहां पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद पार्टी ने उन्हें भायखला सीट से विधानसभा सीट से टिकट दिया। लेकिन जीत नहीं पाईं। अब वह शिंदे गुट से बीएमसी चुनाव लड़ रही हैं। पिछले चुनाव में प्रभाग 210 से चुनाव लड़ीं, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। अब फिर मैदान में हैं।

## अंधेरी पूर्व में हिंदी भाषी उम्मीदवार लगा रहे पूरा जोर, बढ़ रहा रोमांच

### निर्दलीय उम्मीदवार भी भर रहे दम, उठा रहे मुद्दे

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई

**देशभर की निगाहें** बीएमसी चुनाव पर टिकी हुई हैं। एक ओर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की रणनीति चुनाव को मराठी बनाम हिंदी भाषी रंग देने की है, वहीं बीजेपी ने साफ तौर पर हिंदी भाषी वोट बैंक पर अपना फोकस केंद्रित किया है। बीएमसी चुनाव में लगभग सभी दलों ने उत्तर भारतीय और हिंदीभाषी नेताओं को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसमें बीजेपी, शिंदे सेना, कांग्रेस, उद्धव गुट, एनसीपी सहित निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं, जो चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। अंधेरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र में प्रभाग नंबर 80 से बीजेपी से दिशा यादव, 86 से रितेश कमलेश राय, 82 से निर्दलीय रूबी दीपक जायसवाल जैसे हिंदीभाषी उम्मीदवार हैं, जो चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

> बीजेपी ने हिंदी भाषी वोट बैंक पर अपना फोकस केंद्रित किया

प्रभाग नंबर 86 से पूर्व नगरसेवक कमलेश राय के पुत्र रितेश राय महायुति में शिंदे गुट की तरफ से मैदान में हैं। यहां उनका मुकाबला उद्धव सेना के कलाइव डायस और कांग्रेस से नितिन सालागरे से है। रितेश के माता-पिता दोनों नगरसेवक रहे चुके हैं। चुनाव प्रचार में इस सीट पर मंत्री आशीष शेलार जाकर प्रचार कर रहे हैं। इस सीट पर विनीत सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं प्रभाग नंबर 80 से स्वर्गीय पूर्व नगरसेवक सुनील यादव की पुत्री दिशा यादव चुनाव लड़ रही हैं। यहां उनका मुकाबला उद्धव गुट की एकता चौधरी से है।

### कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला



रितेश राय



रूबी जायसवाल

**प्रभाग नंबर 82** में बीजेपी के जगदीश्वरी अमीन कुट्टी, कांग्रेस की समरा फातिमा खान और उद्धव गुट की पायल नाइक को निर्दलीय रूबी दीपक जायसवाल टक्कर दे रही हैं। प्रभाग नंबर 76 में कोई हिंदीभाषी उम्मीदवार नहीं है, जबकि 75 में सुरेशनाथ तिवारी और दिनेश प्रताप सिंह निर्दलीय किस्मत आजमा रहे हैं। इन इलाकों में उम्मीदवार पानी, सड़क, सफाई, पुनर्विकास और स्थानीय समस्याओं को प्रमुख मुद्दा बनाकर सीधे मतदाताओं से संवाद शुरू किया है। सोशल मीडिया प्रचार और जनसंपर्क अभियानों से चुनावी माहौल नजर आने लगा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार का बीएमसी चुनाव बेहद रोचक होने वाला है, जहां कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय या चौंकाने वाला साबित हो सकता है।

> सड़क, सफाई, पुनर्विकास और स्थानीय समस्याओं पर रिझा रहे प्रत्याशी

## हॉट सीट किसमें कितना है दम मतदान की तारीख करीब आने के साथ ही दिलचस्प हो रहा मुकाबला

### 4-4 बार के नगरसेवक रहे प्रत्याशियों में टक्कर



सुदेश चौधरी | प्रशांत राउत

■ **सुरेंद्र नेगी, विरार:** विरार पूर्व का प्रभाग 7 हॉट सीट मानी जा रही है। इस प्रभाग के एक पैनल में ऐसे दो उम्मीदवार हैं, जो इस चुनाव से पहले एक ही पार्टी बविआ से 4-4 बार नगरसेवक रह चुके हैं। इसमें से एक पूर्व नगरसेवक बविआ को छोड़कर शिंदे गुट में शामिल हो चुनावी मैदान में हैं, तो दूसरी तरफ उसके सामने बविआ का उम्मीदवार है। पहले दोनों बविआ के दिग्गज नेताओं में शुमार थे। मगर अब दोनों एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। इस प्रभाग में बविआ के दो पूर्व नगरसेवक सुदेश चौधरी व प्रफुल्ल झा शिवसेना शिंदे गुट से चुनाव लड़ रहे हैं। सुदेश चौधरी पहले बविआ से चार बार नगरसेवक व तीन बार सभापती रह चुके हैं। उनके सामने बविआ के प्रशांत राउत हैं, वे भी बविआ से चार बार नगरसेवक व एक बार सभापति रह चुके हैं। इस वॉर्ड के 'पैनल अ' में सुदेश चौधरी का मुकाबला प्रशांत राउत से है।

> **विरार** के प्रभाग 7 पर दिलचस्प है मुकाबला

#### 17 हजार हिंदीभाषी मतदाता

**वसई-विरार में** हर बार बहुजन विकास आघाडी एकतरफा जीता है, लेकिन समय के साथ-साथ यहां की राजनीति में भी काफी बदलाव आए। वर्तमान में यहां के राजनीतिक समीकरण काफी बदल गए हैं। खास बात यह है कि इस प्रभाग में कुल 34 हजार मतदाता हैं, जिसमें लगभग 17 हजार हिंदीभाषी हैं।

### दो धुरंधरों के बीच जीत की हैट्रिक लगाने की जंग



कप्तान मलिक | अशरफ आजमी

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com

■ **मुंबई :** प्रभाग क्रमांक 165 पर मुख्य उम्मीदवार जीत के लिए नहीं, बल्कि अपनी जीत की हैट्रिक के लिए मैदान में हैं। इस सीट पर एनसीपी (अजित गुट) के अब्दुल रशीद मलिक (कप्तान मलिक) और कांग्रेस के अशरफ आजमी के बीच मुकाबला है। कप्तान प्रभाग 170 के नगरसेवक थे, लेकिन अपने परिवार के सदस्य के लिए अपनी सीट छोड़ इस बार प्रभाग 165 से चुनावी जंग में उतरे हैं। ऐसे में इस सीट पर रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा। जबकि अशरफ आजमी ने पिछला चुनाव इसी प्रभाग से जीता था। बीजेपी ने यहां से रूपेश पवार को उतारा है। मुस्लिम बहुल सीट होने के कारण यहां कांग्रेस और एनसीपी के मुस्लिम उम्मीदवार हैं। कप्तान और आजमी दोनों की इलाके में अच्छी पकड़ है। यहां मुस्लिम और उत्तर भारतीय वोटरों की संख्या 50% से अधिक है। हिंदी और भोजपुरी का इस्तेमाल कर वोटरों से कनेक्ट कर रहे हैं।

> **प्रभाग 165** में एनसीपी (अजित गुट) और कांग्रेस के बीच मुकाबला

#### ऐसा है प्रभाग का गणित

**प्रभाग 165 में** 44.50% मुस्लिम वोटर हैं, जबकि मराठी वोटरों की संख्या 24.86% है। इस वजह से इस प्रभाग में उम्मीदवार की जीत मुस्लिम समुदाय के रुख से ही तय होती है। इस प्रभाग में कुल 41,850 वोटर हैं। 41,850 वोटरों में 18,622 मुस्लिम वोटर हैं। इसके बाद सबसे अधिक 10,403 मराठी वोटर हैं।

### 'ज्योति बनाम प्रज्योति' का मुकाबला रोमांचक



ज्योति नजमा खान | प्रज्योति हंडोरे

Akhilesh.Tiwari@Timesofinda.com

■ **मुंबई:** प्रभाग 140 में इस बार का चुनावी मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है। यहां आमने-सामने हैं दो महिला उम्मीदवार एनसीपी (अजित पवार) की ज्योति नजमा खान और कांग्रेस उम्मीदवार प्रज्योति, जो राज्यसभा सांसद चंद्रकांत हंडोरे की बेटी हैं। इस प्रभाग में करीब 47 हजार मतदाता हैं, जिनमें लगभग 60% मुस्लिम मतदाता हैं। कुल 16 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन असली टक्कर इन्हीं दो के बीच मानी जा रही है। यह सीट एनसीपी की मानी जाती है। 2017 में भी एनसीपी ने यहां जीत दर्ज की थी। इस बार एनसीपी ने ज्योति खान पर दांव लगाया है, जिनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय विधायिका सना खान भी जोर-शोर से प्रचार कर रही हैं। दूसरी ओर, प्रज्योति के समर्थन में उनकी मां और पूर्व नगरसेविका संगीता हंडोरे तथा पिता चंद्रकांत हंडोरे पूरी ताकत झोंक रहे हैं, ताकि परिवार का राजनीतिक वर्चस्व बरकरार रहे।

> **प्रभाग 140** में कांग्रेस और NCP (AP) में सीधी टक्कर

#### क्या कहते हैं उम्मीदवार

**ज्योति का कहना** है कि जीतने के बाद उनका फोकस सड़क, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने पर रहेगा। उन्होंने बताया कि कई इलाकों में आज भी टीन के पत्रों से बने अस्थायी शौचालय हैं, जिनकी तत्काल सुधार जरूरत है। वहीं, प्रज्योति ने कहा कि उनका ध्यान केवल जनता की समस्याओं के समाधान पर है।

### निर्दलीय बिगाड़ेंगे दोनों शिवसेनाओं का खेल



सुरेश आवले | सतीश पवार

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे घाटकोपर पूर्व के प्रभाग क्रमांक 125 में 21 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें से 11 प्रत्याशी निर्दलीय हैं, जो बीएमसी चुनाव में शिंदे सेना के उम्मीदवार सुरेश आवले और UBT के सतीश पवार के लिए चुनौती बन सकते हैं। सामान्यतः प्रभाग में आवले और पवार के बीच सीधी लड़ाई दिखाई दे रही है। लेकिन निर्दलीय किसके वोट काट दें, कह नहीं सकते। क्षेत्र में करीब 50 हजार कुल मतदाता हैं। इसमें 25 हजार मराठी, साढ़े 6 हजार हिंदी भाषी, करीब 10 हजार गुजराती और मारवाड़ी सहित अन्य समुदाय के वोटरों का समावेश है। इस प्रभाग में पंतनगर, समता कॉलोनी, माता रमाबाई नगर, और विक्रोली गांव सहित अन्य इलाके शामिल हैं। इस प्रभाग में एनसीपी, आम आदमी पार्टी, वंचित बहुजन आघाडी, जनता दल सेक्युलर, बहुजन समाज पार्टी और आरपीआई सहित अन्य ने भी उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। जो पूरी तरह से प्रचार में जुटे हैं।

> **प्रभाग 125** में 11 निर्दलीय बने बड़े दलों के लिए चुनौती

#### विकास को मिलेगा जनादेश

**शिंदे गुट के** आवले का कहना है कि उनके विकास कार्य को जनादेश मिलेगा। वहीं, UBT के पवार को उम्मीद है कि जनता उन्हें मौका देगी। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार कल्लू गुप्ता का कहना है कि इलाके में जल संकट के चलते आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के समर्थन से मैंने चुनाव में उतरने का निर्णय लिया है।

# सार्वजनिक हित के अलावा मैंग्रोव्स नहीं कटेंगे: हाई कोर्ट


## वर्सोवा-भाईंदर कोस्टल रोड में 45,675 मैंग्रोव्स काटने की मंजूरी

## BMC को मैंग्रोव्स के रखरखाव की ऑडिट रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में मैंग्रोव के पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करते हुए कहा है कि मैंग्रोव बाढ़ के खिलाफ और तटीय कटाव रोकने में प्राकृतिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मुंबई और ठाणे की इकोलॉजी के लिए मैंग्रोव बेहद जरूरी हैं, इसलिए जब तक स्पष्ट रूप से सार्वजनिक हित साबित न हो, तब तक नष्ट नहीं किया जा सकता। यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने प्रस्तावित वर्सोवा-भाईंदर कोस्टल रोड के लिए 45,675 मैंग्रोव की कटाई को मंजूरी दे दी।

**BMC को दिया निर्देश:** चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अनखड़ की खंडपीठ ने बीएमसी को निर्देश दिया कि वह अगले 10 साल तक हर साल पालघर जिले में क्षतिपूर्ति स्वरूप लगाए जाने वाले 1.37 लाख मैंग्रोव के रखरखाव को सुनिश्चित करे और वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट कोर्ट को दे। ऐसा न करने पर प्राधिकरण को कोर्ट की अवमानना की चेतावनी दी है।

कोर्ट ने कहा कि अनुमति के बिना मैंग्रोव नहीं काटे जा सकते। इसी कारण बीएमसी ने कोस्टल रोड परियोजना के लिए मैंग्रोव कटाई की अनुमति मांगते हुए अदालत में आवेदन दायर किया था। यह मैंग्रोव 26.32 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित कोस्टल रोड परियोजना के लिए काटे जाने हैं। 18,263 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट से 84 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित होगा।




**1.37 लाख मैंग्रोव्स लगाएगी BMC**

बीएमसी के अनुसार, यह कोस्टल रोड प्रोजेक्ट आम लोगों के लिए फायदेमंद होगा। इससे वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और एसवी रोड पर ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। वर्सोवा और भाईंदर के बीच की दूरी करीब 10 किलोमीटर कम हो जाएगी और 146.86 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। कटे हुए मैंग्रोव के बदले बीएमसी 1.37 लाख मैंग्रोव पेड़ लगाएगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि सतत और संतुलित विकास संविधान के अनुच्छेद 21 का अहम हिस्सा है और इस विषय में गंभीरता जरूरी है।

# मुंबई में 9% स्टूडेंट्स की अपार आईडी अब भी लंबित

■ **मुंबई:** विद्यार्थियों की डिजिटल शैक्षणिक पहचान को मजबूत करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने मुंबई शहर के सभी स्कूलों को 31 जनवरी तक अपार (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्टर) आईडी तैयार करने का काम शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए हैं। विद्यार्थियों के आधार कार्ड के वैलिडेशन का काम लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन अब भी 9% विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार नहीं हो सकी है। इस अंतर पर शिक्षा विभाग ने नाराजगी जताई है और वॉर्ड तथा स्कूल स्तर पर विशेष शिविर लगाने के आदेश दिए हैं। विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि शिविरों से संबंधित रिपोर्ट निर्धारित समय में कार्यालय में जमा कराई जाए।

शिक्षा विभाग ने 31 जनवरी 2026 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के दिए निर्देश

शिक्षा विभाग के अनुसार, 5 जनवरी 2025 तक मुंबई शहर जिले में 95.16% स्टूडेंट्स का आधार वैलिडेशन पूरा हो चुका है। नियमों के तहत जिन स्टूडेंट्स का आधार वैलिडेशन हो गया है, उनके अभिभावकों की सहमति लेकर तत्काल अपार आईडी बनाई जानी थी। हालांकि, अब तक केवल 86% स्टूडेंट्स की ही अपार आईडी तैयार हो पाई है। विभाग ने इसे लापरवाही मानते हुए दक्षिण, उत्तर और पश्चिम मुंबई के शिक्षा निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि अपने क्षेत्रों के सभी स्कूलों में प्रक्रिया को तेज करें।

### अपार आईडी क्यों है अहम

- स्टूडेंट्स की डिजिटल शैक्षणिक पहचान सुनिश्चित होती है।
- पढ़ाई और प्रगति का निरंतर रिकॉर्ड रखा जा सकता है।
- स्कूल बदलने पर भी शैक्षणिक डेटा सुरक्षित रहता है।

# रात में रेकी, दिन में चोरी, वाहन चोर पुलिस गिरफ्त में

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे आरोपी अकबर खान उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है, जो दिन में रेकी कर रात को पार्क किए गए वाहनों की चोरी करता था। पुलिस को आरोपी के खिलाफ 26 से अधिक वाहन चोरी के मामले मिले हैं, जिनमें उसकी संलिप्तता रही है। इनमें से चार वाहन चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है।

चोरी के करीब 26 मामले हैं दर्ज



पुलिस के अनुसार, 3 मई को मालाड स्थित माइंड स्पेस फैशन फैक्ट्री के सामने एक ट्रक चोरी की घटना हुई थी। इसकी शिकायत बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। क्राइम ब्रांच ने सीसीटीवी फुटेज की जांच से आरोपी को पकड़ा। जांच में पता चला कि आरोपी अक्सर जमानत मिलने के बाद भी वाहनों की रेकी करने के बाद चोरी करता था। पप्पू की गिरफ्तारी से बांगुर नगर, पवई, वनराई सहित कई थानों में दर्ज चार वाहन चोरी के मामलों का खुलासा हुआ। क्राइम ब्रांच ने आगे की जांच के लिए आरोपी को बांगुर नगर पुलिस के हवाले कर दिया है।







प्रार्थना सभा

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



# सिद्धार्थ भैय्या

संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, एक्विटास इन्व्हेस्टमेंट्स

13 जुलाई 1976 - 31 दिसंबर 2025

AEQUITAS

हमें बताते हुएँ बड़ा दुःख हो रहा है की, सिद्धार्थ भैय्या हमारें बींच नही रहें।
सत्यनिष्ठा, जिज्ञासा और दृढ़ विश्वास से प्रेरित, उन्होंने अपने कार्य, मूल्यों और संबंधों के माध्यम से अनेक जीवनों को स्पर्श किया।

प्रार्थना सभा

स्थान: रामा एवं सुंदरी वाटुमल सभागृह, के. सी. कॉलेज, चर्चगेट, मुंबई.
दिनांक: गुरुवार, 8 जनवरी 2026; समय: संध्या 5 बजे से 7 बजे तक (वेलेट पार्किंग उपलब्ध)

स्नेहपूर्ण स्मृति में

मधुसूदन एवं चंदा भैय्या, भावना भैय्या, अमित एवं पूर्वा भैय्या, ओम, निवेदिता एवं क्रिशा
संजय एवं गायत्री अग्रवाल, प्रशांत एवं श्रद्धा गुप्ता, नव्या
नीरव शाह एवं एक्विटास परिवार

"धन तो केवल प्रतिफल है। जीवन में उद्देश्य ऊँचा होना चाहिए। जीवन एक ही बार मिलता है – उसका सर्वोत्तम उपयोग करो।" – सिद्धार्थ

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP4 User: cci Time: 01-07-2026 22:48 Color:



# सेवाभाव को वापस लाना है: CM



■ अनिल कुमार शुक्ला, ठाणे: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अफसोस जताते हुए कहा कि कई नगरसेवक खुद को वॉर्ड का मालिक समझने लगे हैं। जनता उन्हें समस्याएं और प्रश्नों के समाधान के लिए चुनती है, लेकिन वे चाहते हैं कि उनके क्षेत्र में एक सुई भी उनकी अनुमति के बिना न हिले। फडणवीस ने कहा कि इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है और सेवा भाव को वापस लाना जरूरी है।

ठाणे स्थित गडकरी रंगायतन सभागार में बुधवार रात आयोजित 'आपला ठाणे - आपला देवाभाऊ' चर्चा सत्र में पूछे गए सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने मतदान में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने और मतदान का प्रतिशत 80 से 85 % होने की बात की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मतदान प्रतिशत अधिक होता है तो जनप्रतिनिधियों पर जनता का दबाव बना रहता है। नेता का संवेदनशील होना जरूरी है। संवेदनहीन व्यक्ति चुनाव जीत सकता है, पर अच्छा नेता नहीं बन सकता। फडणवीस ने माना कि ठाणे, मुंबई और आसपास की मनपाओं में बीजेपी के पदाधिकारियों की अलग-अलग चुनाव लड़ने की इच्छा थी। पर दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व के विचारों को लेकर आगे बढ़ रहे एकनाथ शिंदे को डिस्टर्ब करना ठीक नहीं समझा गया, इसलिए एक साथ चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय लिया गया।

# CM का अजेंडा, कानून-विकास

## उल्हासनगर से गुंडाराज खत्म करने पर बोले फडणवीस

■ अरविंद त्रिपाठी, उल्हासनगर: उल्हासनगर में आयोजित महानगरपालिका चुनावी सभा को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शहर के विकास और कानून-व्यवस्था को लेकर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उल्हासनगर सभी समाजों और संस्कृतियों का शहर है। लेकिन जिस स्तर का विकास यहां होना चाहिए था, वह नहीं हो पाया।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'उल्हासनगर नाम से शहर है, लेकिन हालात गांव से भी खराब है। अन्य महानगरपालिकाओं की तुलना में यहां विकास बहुत पीछे रह गया है। अब इस स्थिति को बदलना जरूरी है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि वे केवल सवाल उठाने वाले नेता नहीं, बल्कि समाधान देने और काम करके दिखाने वाले व्यक्ति हैं। उनका मिशन परिवर्तन का है और इस परिवर्तन को कोई रोक नहीं सकता।

मुख्यमंत्री ने ठाणे और नवी मुंबई का उदाहरण देते हुए कहा कि इन शहरों में बड़े पैमाने पर विकास हुआ है, लेकिन उल्हासनगर इस बदलाव से वंचित रहा। उन्होंने बताया कि एमएमआरडीए के माध्यम से मुंबई महानगर क्षेत्र में साढ़े चार लाख करोड़ रुपये के विकास कार्य किए गए हैं। आने वाले समय में उल्हासनगर को भी इस विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। कानून-व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि उल्हासनगर में गुंडाराज नहीं चलेगा और यहां केवल कानून का राज होगा। सभा में विधायक कुमार आयलानी, बीजेपी जिला अध्यक्ष राजेश वधारिया, उद्योगपति महेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।



महानगरपालिका की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस।

### सत्ताधारियों ने बिगाड़ी भिवंडी की सूरत

NBT न्यूज, भिवंडी: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मनपा में वर्षों से सत्ताधारियों की नाकामी ने भिवंडी शहर की सूरत बिगाड़ कर रख दी है। इस चेहरे को बदलने के लिए बीजेपी के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि ठाणे और नवी मुंबई की तर्ज पर भिवंडी का विकास करने के लिए मनपा में महायुति का महापौर जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसीलिए भिवंडी की जनता ने बीजेपी के छह सदस्यों को निर्विरोध चुनकर भेजा है।

छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर आयोजित विजय संकल्प सभा में मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि मनपा की सत्ता को 'एटीएम' की तरह देखने वालों को अब किनारे करने का समय आ गया है। शहर के विकास के लिए महायुति सरकार ने सड़कों का कॉन्क्रीटीकरण और मेट्रो परियोजना शुरू की। अब इस व्यवस्था को बदलने का समय आ गया है। मेट्रो लाइन-5 का ठाणे से भिवंडी तक का पहला चरण 2027 में, जबकि भिवंडी से कल्याण का दूसरा चरण उसके अगले दो वर्षों में शुरू हो जाएगा। ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सड़क चौड़ीकरण, फ्लाईओवर और अंडरपास के माध्यम से रास्ता निकाला जाएगा।

### उनको मिर्ची लगी तो, हम क्या करें: मुख्यमंत्री

■ NBT न्यूज, कल्याण: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका चुनाव में महायुति के 21 उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना जनता के विश्वास की बड़ी जीत है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिन दलों को उम्मीदवार ही नहीं मिले, वही अब सवाल उठा रहे हैं। 'तुमको मिर्ची लगी तो मैं क्या करूं' ऐसा कहते हुए मुख्यमंत्री ने विरोधियों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन दलों को उम्मीदवार ही नहीं मिले, वे अब अपनी विफलता का ठीकरा महायुति पर फोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। पहले ईवीएम पर आरोप लगाए गए और अब निर्विरोध चुनाव पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जबकि देश में अब तक 35 सांसद निर्विरोध चुने गए हैं, जिनमें से 33 कांग्रेस के शासनकाल में थे, तब लोकतंत्र खतरे में नहीं था। लेकिन आज आरोप लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि इस बार महायुति को कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के इतिहास का सबसे बड़ा और प्रचंड जनादेश मिलेगा।

# नवी मुंबई के पावने में साकेत महायज्ञ का हुआ भव्य समापन

## 11 दिनों तक चला यह आध्यात्मिक आयोजन

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: नवी मुंबई के पावने स्थित गामी इंडस्ट्रियल पार्क में आयोजित साकेत महायज्ञ का भव्य समापन हुआ। यह महायज्ञ 24 दिसंबर से प्रारंभ हुआ था। श्रद्धालुओं और स्वयंसेवकों का आगमन 20 दिसंबर से ही शुरू हो गया था। सद्गुरु फाउंडेशन के तत्वावधान में और बाबा जयगुरुदेव के प्रिय शिष्य एवं आध्यात्मिक गुरु सद्गुरुश्री दयाल के सान्निध्य में आयोजित इस महायज्ञ में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु सहभागी हुए। काशी से पधारे विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 11 दिनों तक नौ कुंडीय महायज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न आकृतियों वाले आठ प्रकार के यज्ञकुंड आकर्षण का केंद्र रहे।

इस आयोजन में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रो. राकेश सिन्हा, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह, विधायक प्रशांत ठाकुर और विधायक महेश बाल्दी समेत कई गणमान्य लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। लगभग 22 एकड़ में फैले परिसर में संपूर्ण व्यवस्था स्वयंसेवकों ने संभाली। इस अवसर पर सद्गुरुश्री दयाल ने अपने संदेश में धर्म से पहले कर्म को शुद्ध करने, प्रेम, दया, करुणा और क्षमा को जीवन में अपनाने पर बल दिया।



बाबा जयगुरुदेव के प्रिय शिष्य एवं आध्यात्मिक गुरु सद्गुरुश्री दयाल के सान्निध्य में आयोजित हुआ महायज्ञ।

## महानगर खेल

### टाइम्स शील्ड: आर्य के शतक से जीता डॉकयार्ड

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: टाइम्स शील्ड क्रिकेट टूर्नामेंट के 'डी' डिविजन के मैच में नेवल डॉकयार्ड (45 ओवर में 322/4) ने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल (38.1 ओवर में 193/9) को 129 रन से हराया। डॉकयार्ड टीम के आर्य शिरोरा ने 130 (111 बॉल, 13 फोर) और रोहित यादव ने 62 रन बनाए जबकि देवीदास कोली ने 4 और एस सी ने 3 विकेट लिए। कोकिलाबेन अस्पताल टीम के प्रथमेश एम ने 38 रन बनाए। एक अन्य मैच में मोहित टी के नॉटआउट 91 रन (63 बॉल, 13 फोर और 2 सिक्स) की बदौलत JSW ग्रुप (19.2 ओवर में 151/5) ने IPCA स्पोर्ट्स क्लब (41.5 ओवर में 148) को 5 विकेट से हराया। IPCA टीम के राहुल बहु ने 47 रन बनाए। एक अन्य मैच में संदेश कोली के ऑलराउंड प्रदर्शन (63 रन और 4 विकेट) की बदौलत युनाइटेड पटनी इंडस्ट्रीज प्रा. लि. (43 ओवर में 199/9) ने ICICI स्पोर्ट्स क्लब (23.1 ओवर में 90) को 109 रन से मात दी। ICICI टीम के नीलेश कोरपे ने 5 विकेट झटके।


TIMES interact
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

## TRAVEL TIMES

Summer Holidays 2026
EARLY BIRD DISCOUNT
PURE VEG & JAIN GROUP TOURS
EUROPE With Kitchen Caravan — BEST OF EUROPE 14 Days; GRAND EUROPE 18 Days with Italy
USA - 21 Days — SFO - Lake Tahoe - Mammoth Lake, Las Vegas - LA - Niagara, Washington - Newyork - Orlando
WONDERS OF EUROPE - 13 Days — Prague - Salzburg, Zell Am See - Vienna, Budapest
AUSTRALIA - 13 Days — Sydney - Cairns, Gold Coast - Melbourne
DISCOVER SCANDINAVIA - 13 Days — Copenhagen - Bergen, Oslo - Stockholm, Helsinki
For more details call: Guideline
HEAD OFFICE: 4062 2222 / 96192 51138
GHATKOPAR: 97690 94408 | KANDIVALI: 98198 23156

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

### भर्ती

#### रिक्त पद

REQ. Executive for sakinaka based export company to Procure Orders. Attractive Salary + Incentive. 9820016602 / kamalgupta050649@gmail.com

पैकिंग फेसिंग लड़के / लड़कियां चाहिए, जोगेश्वरी (वेस्ट), समय : सुबह - 9:00 से 5:30 संपर्क - 9819555525 / 9819555526

#### भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

#### अकादमिक

#### शिक्षक

WANTED Qualified Female Teacher B.A./M.A., B.Ed. (English Literature) degree in Secondary Section. B.Sc., B.Ed. (Mathematics) in Secondary Section ECCED degree holder teacher to teach in Pre-Primary Section Candidates must be fluent in English and Schooling from English Medium School. Matunga Premier School welcomes applicants to send their updated resume on jobsimps@gmail.com

#### अन्य रिक्तियां

#### सेवानिवृत्त व्यक्ति

START-SECOND-CAREER in Govt. Regd. Firm for VRS, Retired, NRI, H'wives. Age: 50+. Effective Package+Rewards Dattatreya Gawde 9867769036

#### सुरक्षा

सीक्योरिटी सिक्युरिटी कंपनी के लिए चाहिए सिक्युरिटी गार्ड वेतन 23000/- Mahim west- के लिए ड्यूटी 12 घंटा . 9821071385/ 7518169627

### व्यक्तिगत

#### खोया एवं पाया

I Tanveer Shaikh lost Carloax University final year marksheet Reg 771031111644. Finder please contact 9920551280.

#### नाम परिवर्तन

I,DAWARE Ajit Ananda r/o Jeeur, Kolhapur, M.H-416201 have changed my Son name from Ritvik to Ritvik Ajit Daware vide aff. No 59AB864732 dt 07/01/2026 at Nashik

I, Manda spouse of No 14399184Y Ex Hav Dalavi Ganesh Baban of Vill/PO- Jite, Teh- Mahad, Dist- Raigad(MH), PIN- 402301 have changed my name from Manda to Manda Ganesh Dalvi vide affidavit No. 355204518513688002784 79 dated 07 Jan 2026.

I, Moniram Monmatho Naskar, residing at Ramchandra Kediya Chawl, Room No. 222, Akurli Road, Narsi Pada, Hanuman Nagar, Mumbai, have changed my name to Maniram Monmatho Naskar for passport issuance. I'm the father of Anjana Naskar.

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

## SOCIAL EVENT

एकल श्रीहरि वनवासी विकास ट्रस्ट, मुंबई
देश के 9 करोड़ वनवासी बंधुओं को संस्कार शिक्षा के माध्यम से विकास की मुख्य धारा में शामिल करने हेतु इस बार
श्री रामकथा
परम पूज्य श्री विजय कौशलजी महाराज की रसमयी वाणी में
मुख्य यजमान : श्री रामअवतारजी एवं गायत्रीदेवी मोदी
4 से 10 जनवरी 2026, दोपहर 3 से 6 बजे
11 जनवरी 2026, सुबह 10 से 1 बजे
कथा स्थल: विष्णु हनुमान पार्क, बांगुर नगर गोरेगांव - पश्चिम, मुम्बई
श्रीहरि रथ लोकार्पण
श्रीहरि रथ प्रायोजक : श्री ज्योतिप्रसाद तापड़िया
आज की कथा : श्री भरत चरित्र
ट्रस्टी : श्री योगेंद्र राजपुरिया, श्री सत्यनारायण काबरा, श्री मुकुटबिहारी सेकसरिया
श्री महावीर प्रसाद गुप्ता, श्री दिनेश अग्रवाल, श्री विनोद लाठ, श्री मुकुल अग्रवाल, श्री सुरेशचंद्र अग्रवाल
श्रीमती मंजू लोढ़ा, श्रीमती निशा जैन, श्रीमती भगवतीदेवी मित्तल
सौजन्य : गोविन्द सराफ-श्रीराम सिल्क मिल्स
AJAY BANKA

## EDUCATION FORUM

www.treehousehighschool.com
TREE HOUSE HIGH SCHOOL
AI-Integrated Day School
with Sports Campus & Foundation Programs for NEET | JEE
A SMARTER CAMPUS. A STRONGER CHILD. A WINNING FUTURE.
AI Learning
Sports Power
Competitive Foundation Program
SPORTS IS NOT EXTRA. IT IS ESSENTIAL
ADMISSIONS OPEN FOR ACADEMIC YEAR 2026 - 27
VIRAR (W) (CBSE) (Affiliation No.: 1130629) (Nursery to Grade XII) Call: 8291116885 8291378885
VASAI (W) (ICSE) (Affiliation No.: MA268) (Nursery to Grade X) Call: 8779366179 9372504210


TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.


## NBT स्मृति — यादों के चिराग

### प्रार्थना सभा

शोक संदेश
हमारे पूजनीय



**श्री रामावतारजी उपाध्याय**

(सुपुत्र स्व. श्री बजरंगलालजी उपाध्याय) रामगढ़ शेखावटी का देवलोक गमन दि. ६ जनवरी २०२६ को प्रातः हो गया है।

।। प्रार्थना सभा ।।

दि. ८ जनवरी २०२६ सायंकाल ४ से ६ बजे तक सत्यनारायण गोयनका भवन, जे. बी. नगर, पीरामल उद्यान के पास, जे. बी. नगर/ चकाला मेट्रो स्टेशन, अंधेरी ईस्ट मुम्बई - ६९

।। सादर श्रद्धांजलि ।।

रामानुज जोशी (दुबई), महेश उपाध्याय, अरुणकुमार जोशी-संरक्षक रमेश शर्मा, सतिश उपाध्याय, संजय त्रिपाठी, शिवशंकर उपाध्याय, प्रहलाद शर्मा, विनोद उपाध्याय -पदाधिकार एवं समस्त कार्यकारिणी

### स्मृति सन्देश

14th ANNIVERSARY



In Loving Memory of
**Late Sardar Surjan Singh Ahuja**
05.01.1936 - 08.01.2012
An Industrialist, Visionary, Philanthrophist and Guide
WE MISS YOU
Fondly remembered by:
Satwant Kaur Ahuja
S.P. Ahuja
A.P. Ahuja
and Family
AHUJA GROUP OF INDUSTRIES

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

### ।। प्रार्थना सभा ।।

।। श्री राधेश्याम ।।

"जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि।।" - श्रीमद्भगवद्गीता-2(27)

अर्थ - जो जन्मा है उसकी मृत्यु निश्चित है और मृत्यु के बाद पुनर्जन्म भी निश्चित है, इसलिए इस अटल सत्य पर शोक करना व्यर्थ है।



21.04.2006 - 04.01.2026

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि कन्हैया कसेरा के पुत्र

**राम कसेरा**

का आकस्मिक देवलोक गमन रविवार दिनांक 04 जनवरी 2026 को हो गया है।

**बैठक विवरण :**

दिनांक : गुरुवार, 08 जनवरी 2026 । समय : दोपहर 4 से 6
स्थान : 1ला माला, श्री राघवेंद्र स्वामी मठ, गुरुद्वारा के पास, सेक्टर 22, खारघर-नवी मुंबई -410210

**शोकाकुल परिवार :**

जगदीश प्रसाद कसेरा (पितामह) । कन्हैया - रुचि कसेरा (पिता-माता)
लोकेश - प्रियंका कसेरा (चाचा - चाची) । प्रमोद, प्रदीप कसेरा (ताऊजी)
मासूम, श्याम, राघव, केशव (भाई) । जयप्रकाश - निर्मला बंसल (नाना - नानी)

एवं समस्त कसेरा परिवार (बिसाऊ प्रवासी)


फर्म : कार्गो कॉन्सेप्ट्स बॉम्बे प्राईवेट लिमिटेड
के.एल.जे. लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड
श्रीमती राजकुमारी जगदीश प्रसाद कसेरा वेलफेयर ट्रस्ट
संपर्क : 9323738365 / 9320022323 / 9821359099 / 9819892324

### REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



ग्यारवी पुण्यतिथी
**डॉ. जयदेव रामरतन त्रिपाठी**
निधन - 8/01/2014

भगवान आपकी पुण्य आत्मा को शांती प्रदान करें. पत्नी - स्वर्गीय शान्ता जे. त्रिपाठी पुत्र - सुरेश, सौरभ, पुत्रवधु- अर्चना, सुषमा, पौत्र - हर्षवर्धन, स्वप्निल, शिवांग पौत्रवधु - हर्षिदा, प्रिया, श्रद्धा परपौत्र - युवान एवम् समस्त त्रिपाठी परिवार त्रिपाठी सदन, जोगेश्वरी (पश्चिम)



38वीं पुण्यतिथि
**सेठ श्री तिलकराजजी अग्रवाल**
(29-11-1922 - 08-01-1988)

पुण्यनीय। आपका सरल, मधुर, उदार एवं समाजसेवा में समर्पित महान व्यक्तित्व हमारे लिए सदा प्रेरणास्रोत रहेगा। हमारे सादर श्रद्धासुमन समर्पित हैं। प्रभु आपके पदचिन्हों पर चलने की हमें शक्ति प्रदान करें।

* श्रद्धावनत *
तिलकराज हेमराज अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट
अग्रवाल सेवा समाज अग्रोहा विकास संस्थान
शीतल कुमार अग्रवाल विनोद कुमार अग्रवाल
अग्रवाल मेटल कंपनी - कलकत्ता आयरन एण्ड स्टील कंपनी
207-बी, पृथ्वी एन्क्लेव, दूसरी मंजिल, 107- ठाकुरद्वार रोड, मुंबई - 400 002.


BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad Please contact:
Jitendra Boricha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Adstimesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP5 User: cci Time: 01-07-2026 22:51 Color:



# ऑस्ट्रेलिया जैसी घटना गिरगांव चौपाटी पर हो सकती है: साटम

## BJP का आरोप, मुंबई की डेमोग्राफी बदलने की साजिश

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**बीएमसी चुनाव** में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम ने कहा है कि मुंबई के गिरगांव चौपाटी में ऑस्ट्रेलिया के बोंडी बीच जैसी घटना हो सकती है। बुधवार को मीडिया के सामने साटम ने आरोप लगाया कि मुंबई की डेमोग्राफी बदलने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि राजनीतिक संरक्षण के साथ मुंबई के स्लम में गैर-कानूनी कब्जा और घुसपैठ कराई जा रही है। उद्धव ठाकरे सरकार में मंत्री रहे नेताओं ने बांग्लादेशी और रोहिंग्या को बसाया है। यह सोची-समझी इंटरनैशनल साजिश है, लेकिन हम मुंबई का रंग नहीं बदलने देंगे।

मुंबई में समुदाय विशेष पर साइलेंट डेमोग्राफिक और कल्चरल अटैक का आरोप लगाते हुए साटम ने कहा कि यह एक सोची-समझी घुसपैठ और वोट बैंक की पॉलिटिक्स का हिस्सा है। सुरक्षित मुंबई ही विकसित मुंबई हो सकती है। उन्होंने एक तरह से चेतावनी देते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के बोंडी बीच पर हुई गोलीबारी जैसी घटना गिरगांव चौपाटी पर भी हो सकती है। साजिश के तहत मुंबई के अलग-अलग हिस्सों में सरकारी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। इसके बाद गैर-कानूनी कंस्ट्रक्शन किए जाते हैं और उनमें बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाया जाता है। उन्हें आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड बनवाने में मदद की जाती है। उनके जरिए 'वोट जिहाद' भी किया जाता है।



### 'अवैध इमारतों का मालिक कौन?'

**साटम ने** दावा किया कि TISS की रिपोर्ट के मुताबिक, 1951 में मुंबई में हिंदू आबादी 88%, जो 2011 में घटकर 66% रह गई। इसी दौरान, दूसरे समुदाय की आबादी 8% से बढ़कर 21% हो गई। मालवणी, मालाड, मानखुर्द, देवनार और कुर्ला इलाकों में लाखों अवैध झुग्गियां बन गई हैं। मालवणी में लगभग 10,000 अवैध इमारतों का मालिक कौन है? इनमें कौन रहता है? इन लोगों को वोटर किसने बनाया? साटम ने बेंगलुरु पुलिस की तरफ से गिरफ्तार किए गए विदेशी विद्यार्थी के हालिया मामले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट वीजा पर आई महिला घाटकोपर और नालासोपारा इलाकों में कैसे रह सकती है? उसे किसने पनाह दी? मुंबई पुलिस ने 2025 में 800 करोड़ रुपये के ड्रग्स जब्त किए हैं। कौन सा लोकल गैंग ड्रग ट्रैफिकिंग चला रहा था और कौन सी पॉलिटिकल पार्टियां उन्हें बचा रही थीं? सिर्फ 2025 में मुंबई पुलिस ने 1,000 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों को देश से बाहर भेजा है और यह संख्या हर साल बढ़ रही है। इससे मुंबई की सुरक्षा को खतरा है।

### हसीना को क्यों नहीं भेजते वापस: मलिक



**साटम ने** बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला उठाया, जिस पर अजित पवार की एनसीपी के नेता नवाब मलिक ने जवाब दिया कि आप पहले शेख हसीना को क्यों नहीं भेजते, जिनकी वजह से बांग्लादेश में हिंदू परेशान हैं? अमित शाह को इस पर ध्यान देना चाहिए। मलिक ने कहा कि मुंबई में हर कोई मुंबईकर है, भारतीय नागरिक है और इस तरह से किसी एक समुदाय को टारगेट करना 'उनका' नया अजेंडा नहीं है। 30-40 साल से ऐसी ही बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपको याद दिलाना चाहते हैं, जब आडवाणी केंद्रीय गृह मंत्री थे, तब उन्होंने कहा था कि आप इन लोगों को वर्क परमिट दें। इस समस्या को हल करने के लिए बीजेपी ने यहां आने वाले बांग्लादेशियों को वर्क परमिट देकर इसका हल निकालने का प्रोग्राम बनाया था। मलिक ने कहा कि खुद साटम के चुनाव क्षेत्र में 60,000 मुस्लिम वोटर हैं। वह इसका जिक्र क्यों नहीं करते?

## फटाफट खबरें

### मंदिर में की चोरी, 2 आरोपी गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** कांदिवली पुलिस ने एक मंदिर में घुसकर डोनेशन बॉक्स से पैसा चुराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान प्रशांत चोरट और अली रजा खान के तौर पर हुई है। 23 दिसंबर को सुबह 3 से 5 बजे के बीच आरोपियों ने मंदिर के दरवाजे का लॉक तोड़ा और डोनेशन बॉक्स से 50 हजार रुपये चुरा लिए। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से मीरा रोड में रहने वाले खान को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर चोरट को सातारा से पकड़ा गया।

### उम्मीदवार के रिश्तेदार के खिलाफ केस दर्ज

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** कुरार पुलिस ने एक चुनाव उम्मीदवार के रिश्तेदार के खिलाफ बीएमसी या पुलिस से बिना इजाजत के कुरार गांव में मेडिकल कैंप लगाने के आरोप में केस दर्ज किया है। बीएमसी के जूनियर इंजिनियर व चुनाव फ्लाइंग स्क्वॉड के हेड की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। FIR में आरोपी वॉर्ड नंबर-43 से चुनाव लड़ रहीं एक उम्मीदवार का करीबी रिश्तेदार है, जिसके खिलाफ आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है।

### ऐक्टर चंद्रचूड़ सिंह के भाई के बंगले में चोरी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** ऐक्टर चंद्रचूड़ सिंह के भाई और फिल्म व टीवी प्रड्यूसर अभिमन्यु सिंह के बंगले से 1.37 करोड़ रुपये के हीरे, सोने और चांदी के गहने चोरी के आरोप में ओशिवरा पुलिस ने मनोज राठौड़ (40) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि राठौड़ सिर्फ ओशिवरा और वर्सोवा के बीच के बंगलों को निशाना बनाता था। संदिग्ध की पहचान पांच फीट की कद-काठी और CCTV फुटेज से हुई। इस आधार पर विरार (ईस्ट) से मनोज को पकड़ा गया।

### पूर्व सांसद नवनीत राणा को कोर्ट से राहत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई की मझगांव कोर्ट ने पूर्व सांसद नवनीत राणा को फर्जी कास्ट सर्टिफिकेट केस से बरी कर दिया है। हालांकि, उनके पिता के खिलाफ केस जारी रहेगा। केस के निराधार होने का दावा करते हुए राणा ने मामले से आरोपमुक्त करने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बता दें कि राणा अमरावती से निर्दलीय लोकसभा सांसद रह चुकी हैं।

### डिलिवरी बॉय बनकर छात्रा पर हमला

■ **NBT रिपोर्ट, अंधेरी:** अंधेरी स्थित मरोल इलाके में फर्जी आईडी पहनकर पार्सल डिलिवरी करने के बहाने 22 वर्षीय छात्रा के घर में घुसकर लूटपाट और जानलेवा हमला करने के मामले में 23 वर्षीय आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी उसी सोसायटी में सिक्युरिटी गार्ड है, जिसमें छात्रा रहती है। घटना 29 दिसंबर की शाम सवा चार बजे हुई थी। करीब 15 सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी पकड़ा गया।

# चुनाव की हर गड़बड़ी पर BMC के स्क्वॉड की रहेगी पैनी नजर

## चार स्क्वॉड मिलकर करेंगे चुनावी गतिविधियों की निगरानी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**बीएमसी चुनाव** में कोई दिक्कत न हो और प्रक्रिया पारदर्शी रहे, इस काम में प्रशासन ने अलग-अलग निगरानी के लिए चार फ्लाइंग स्क्वॉड बनाए हैं। इनमें कोड ऑफ कंडक्ट स्क्वॉड, स्टैटिक सर्विलांस स्क्वॉड, फ्लाइंग स्क्वॉड और डिजिटल सर्विलांस स्क्वॉड शामिल हैं। बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने लगातार राज्य चुनाव आयोग के साथ मिलकर आवश्यक कदम उठाया है।

■ **कोड ऑफ कंडक्ट स्क्वॉड:** इस स्क्वॉड का काम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन रोकना है। यह पथक उम्मीदवारों की गतिविधियों, प्रचार सामग्री, सभाओं और जुलूसों पर नजर रखेगा। लोगों की शिकायतों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। संबंधित निर्वाचन अधिकारी और पुलिस को मामले की जानकारी देने देंगे।

■ **स्टैटिक सर्विलांस स्क्वॉड:** स्टैटिक स्क्वॉड का काम चुनाव के दौरान संवेदनशील स्थानों और चेक पोस्ट पर मौजूद रहकर नकदी, शराब, हथियार और मतदाताओं को प्रभावित करने वाली वस्तुओं की अवैध ढुलाई पर निगरानी रखना है। इसके अलावा, वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर अवैध सामग्री मिलने पर जब्ती और कानूनी कार्रवाई करना है। इसका उद्देश्य धन बल और गैर-कानूनी प्रलोभनों पर प्रभावी नियंत्रण रखना है।

■ **फ्लाइंग स्क्वॉड :** यह एक मोबाइल टीम के रूप में चुनाव क्षेत्र में लगातार गश्त करता रहेगा। यह आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ी शिकायतों और सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई करेगा। नकदी, शराब, उपहार या किसी भी तरह के प्रलोभन के अवैध वितरण पर नजर रखना जिम्मेदारी होगी। जरूरत पड़ने पर जांच, जब्ती और कानूनी कार्रवाई कर संबंधित निर्वाचन अधिकारी और पुलिस को तुरंत सूचना दी जाएगी।

AI image



### डिजिटल सर्विलांस स्क्वॉड

इसका मुख्य काम चुनाव से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों की विडियो रिकॉर्डिंग करना होगा। इसमें प्रचार रैलियां, सभाएं, जुलूस, खर्च से जुड़े मामले और आचार संहिता उल्लंघन की घटनाएं शामिल हैं। रिकॉर्ड किए गए विडियो को साक्ष्य के रूप में तुरंत निर्वाचन अधिकारी को सौंपना भी इसका जिम्मा होगा।

### CET सेल का स्टूडेंट्स को लाइव गाइडेंस आज

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** स्टेट कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) सेल के शैक्षणिक वर्ष 2026-27 में विभिन्न कोर्स के एडमिशन का ऐलान हो चुका है। सभी 17 प्रवेश परीक्षाओं में भाग लेने वाले इच्छुक स्टूडेंट्स के लिए 8 जनवरी को दोपहर 3 बजे यूट्यूब पर लाइव मार्गदर्शन किया जाएगा। स्टूडेंट्स समय-समय पर आधिकारिक वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर जानकारी लेते रहें। सीईटी सेल के मुताबिक एमसीए और एमएचएमसीटी कोर्स की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

> कई कोर्स के रजिस्ट्रेशन शुरू

### गाड़ियों का फिटनेस सर्टिफिकेट रीन्यू होना हो रहा मुश्किल

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** महाराष्ट्र के कई जिलों में फिटनेस सर्टिफिकेट रीन्यू करने की प्रक्रिया पूरी तरह ठप है। 26 दिसंबर को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के निर्देश के बाद यह स्थिति उत्पन्न हुई है। मंत्रालय का आदेश है कि जहां ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन (ATS) हैं, वहां आरटीओ मैनुअल फिटनेस परीक्षण नहीं करेगा। साथ ही, वाहन पोर्टल पर रोक लगाने (रिस्ट्रिक्शन) से भी कई जिलों में फिटनेस प्रमाणपत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं।

> राज्य के कई जिलों में प्रभावित हो रहीं परिवहन सेवाएं

यही वजह है कि ट्रक और अन्य कमर्शल वाहनों को फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं मिल रहे हैं। इससे खाद्यान्न, एफएमसीजी, ईंधन और इंडस्ट्रियल कच्चे माल की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (AIMTC) के पूर्व अध्यक्ष बल मलकीत सिंह ने बताया कि सिर्फ नासिक में एक ATS केंद्र है। ऐसे में, दूर-दराज के जिलों से वाहनों को केवल फिटनेस के लिए वहां ले जाना संभव नहीं है। उन्होंने मांग की है कि जब तक सभी जिलों में पर्याप्त ATS नहीं बनते अंतरिम व्यवस्था की जाए।




# NCP ने किया शहर को खुशहाल बनाने का वादा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई मनपा में अकेले चुनाव लड़ने वाली अजित पवार की एनसीपी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में शहर को खुशहाल बनाने का वादा किया है। साथ ही, शहर को प्रदूषण मुक्त करने, चौबीस घंटे पानी सप्लाई, फेरीवाला नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने की बात कही है। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि हमारा विजन है 'सबके लिए मुंबई'। इसमें गरीब, मिडिल क्लास और अमीर को बराबर मौके मिलेंगे।

बीएमसी चुनाव के लिए एनसीपी ने बुधवार को अपना घोषणापत्र पेश करते हुए शहर की बुनियादी समस्याओं पर व्यापक रोडमैप रखा है। पार्टी नेता नवाब मलिक ने कहा कि मुंबई में ट्रैफिक की समस्या का कारण आंतरिक सड़कों का बंद होना है। यदि प्राथमिकता के आधार पर आंतरिक मार्ग खोले जाएं, तो ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है। एनसीपी ने पांचवीं कक्षा से ही महानगरपालिका स्कूलों में कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करने का वादा किया है, जिससे कम उम्र से ही कुशल कामगार और विशेषज्ञ तैयार किए जा सकें।

#### पार्टी के घोषणापत्र की खास बातें

- वर्किंग वुमेन के लिए हॉस्टल बनाने की घोषणा।
- 700 वर्गफीट तक के घरों को प्रॉपर्टी टैक्स से छूट देने का वादा।
- जल संकट और बाढ़ की समस्या से निपटने मीठी नदी के प्रवाह को डायवर्ट कर अंडरग्राउंड टनल और पवई क्षेत्र में बड़े जल भंडारण टैंक बनाना।
- जितना पानी उपयोग, उतना ही बिल की बात और स्मार्ट वॉटर मीटर लगाने का समर्थन।
- धारावी पुनर्विकास का समर्थन किया जाएगा, लेकिन किसी को बेघर न किए जाने की बात।
- प्रदूषण नियंत्रण के लिए 'डस्ट फ्री मुंबई' और क्लाइमेट रेजिलिएंट मुंबई योजना के तहत एकीकृत बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर।

### प्रेमी के प्राइवेट पार्ट पर हमला, महिला गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शादी से इनकार करने पर प्रेमी के प्राइवेट पार्ट पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने 25 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी कंचन महतो को पुलिस ने कुर्ला रेलवे स्टेशन से पकड़ा है। वह वारदात के बाद गाजियाबाद भाग गई थी। वहां से मुंबई लौटने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

> दोनों शादीशुदा थे, महिला करना चाहती थी शादी

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित टैक्सी चालक जोगिंदर महतो का कंचन से प्रेम संबंध था। दोनों विवाहित हैं, लेकिन कंचन जोगिंदर से शादी करना चाहती थी। जोगिंदर ने जब शादी से इनकार कर दिया, तो वह नाराज हो गई और 1 जनवरी की रात नया साल विश करने के बहाने जोगिंदर को घर बुलाया और चाकू से हमला कर दिया। जोगिंदर को बीएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कंचन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। स्थानीय कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।





# घर की नौकरानी निकली चोर, 10.24 लाख के गहने बरामद

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** माटुंगा पुलिस ने छह महीने पुरानी चोरी का पर्दाफाश करते हुए घर में काम करने वाली नौकरानी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसके द्वारा घर के लॉकर से करीब 10.98 लाख रुपये के सोने के गहने चोरी किए गए थे, जिनमें से 10.24 लाख रुपये के गहने पुलिस ने बरामद कर लिए हैं।

शिकायत के अनुसार, 05 जून को शिकायतकर्ता के पिता ने अपनी पत्नी के सोने के गहने सुरक्षित रखने के लिए शिकायतकर्ता को दिए थे। उसने ये गहने दादर (ईस्ट) स्थित अपने घर के लॉकर में रख दिए। अलमारी की चाबी न मिलने और नौकरी की व्यस्तता के कारण वह करीब छह महीने तक लॉकर नहीं खोल सकी। घर में काम करने वाली तीनों नौकरानियों से पूछने पर भी किसी ने चाबी मिलने की बात नहीं कही।

AI image



03 जनवरी को शिकायतकर्ता ने ताला खोलने वाले को बुलाकर लॉकर खुलवाया, तो उसमें से सोने के गहने गायब मिले। शक के आधार पर दर्ज शिकायत की जांच के दौरान पुलिस ने तीनों नौकरानियों से पूछताछ की। तकनीकी जांच और पूछताछ में खुलासा हुआ कि कविता शिंदे नामक नौकरानी ने ही चोरी को अंजाम दिया था। उसकी निशानदेही पर कुल 10.24 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति जब्त की गई।

# हत्या के प्रयास में फरार आरोपी को नेपाल बॉर्डर से किया अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** खार पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 29 दिसंबर की शाम खार (प.) स्थित ट्यूलिप बिल्डिंग में यह घटना हुई थी। आरोपी वहां कारपेंटर का काम करता था। वेतन न मिलने को लेकर हुई रंजिश में उसने अपने साथी मनोज जांगिड़ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए होली फैमिली अस्पताल में भर्ती कराया गया।

AI image




> यूपी पुलिस की मदद से खार पुलिस की कार्रवाई

घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। खार पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी का लोकेशन ट्रेस किया गया। पहले उसकी मौजूदगी वसई में मिली। बाद में वह उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में मिला। आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि वह नेपाल भागने की फिराक में है। इसके बाद खार पुलिस की अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश पुलिस से संपर्क किया और सीमा से आरोपी अरेस्ट कर लिया।

# मतगणना के दिन ढोल-नगाड़ों का तगड़ा इंतजाम

## जीत का ढोल 12 हजार तक, क्षेत्र में घूमने के लिए 45 हजार में बुकिंग

Manish.Jha@timesofindia.com

■ **मुंबई:** मतगणना वाले दिन के लिए हर पार्टी मिठाई से लेकर ढोल-नगाड़े बुक करने में जुटी है। ढोल-ताशे वाले विजेता उम्मीदवारों से लगभग 6 हजार रुपये ज्यादा वसूलने के मूड हैं, जो नामांकन वाले दिन से दोगुने हैं। उनका कहना है कि वह जश्न का दिन होगा, इसलिए सभी पैसे देना चाहेंगे। आखिर, माहौल खुशी का जो है, तो नेता पैसा भी खुशी-खुशी देने को तैयार रहेंगे।

कांदिवली के रफ ऐंड टफ बैंड के संचालक चांद भाई ने बताया कि इस चुनाव के दौरान ढोल-ताशे वालों की डिमांड काफी है। नामांकन वाले दिन प्रति बुकिंग करीब 6 हजार रुपये चार्ज किए थे। इस दौरान, उन्होंने चार से पांच लोगों की टीम के साथ हर उम्मीदवार के यहां 2 से 2.30 घंटे तक बैंड बजाए। यह ढोल पार्टी ऑफिस से नामांकन कार्यालय तक के बीच तय होती है। वहीं, मतगणना वाले दिन 10 हजार से ज्यादा में ढोल हो रही है। इसमें वोटिंग सेंटर से पार्टी कार्यालय तक बैंड बजाए जाएंगे। वहीं, विजेताओं की तरफ से क्षेत्र में घूमने पर यह रकम करीब 45 हजार तक हो जाएगी।




**ज्यादा बुकिंग BJP से:** किस पार्टी से अधिक बुकिंग मिले हैं, इस सवाल के जवाब में दोनों ढोल वालों ने बताया कि अधिकतर बुकिंग बीजेपी की तरफ से मिली है। उन्हें ही नहीं, अधिकतर ढोल-ताशे वालों को बीजेपी के ही उम्मीदवारों ने बुकिंग दी है। इसके बाद, शिवसेना (उद्धव गुट) की बुकिंग मिली है, लेकिन पैसे कम दे रहे हैं। इसीलिए, इस पार्टी से बुकिंग कम ली जा रही है।

### ...तो हो सकती है जोखिमभरी डील

मालाड दफ्तरी रोड पर शाहीन ढोल के मालिक मो. समसुद्दीन अंसारी के ढोल-ताशे की बुकिंग भी जोरों पर है। अंसारी ने बताया कि कई बुकिंग मिली है, लेकिन उन्होंने चार से पांच बुकिंग ही ली है। डर है कि कहीं उम्मीदवार हार गए, तो जो पैसा मिलना होगा, वह भी नहीं मिलेगा। वर्कर्स (ढोल बजाने वाले) को अडवांस में पैसा देना होता है। वहीं, रफ-टफ बैंड के चांद भाई ने बताया कि पैसा तो है, लेकिन जोखिम भी काफी है। उनके पास आठ से दस उम्मीदवारों की बुकिंग है। इससे अधिक बुकिंग का जोखिम नहीं उठाना चाहते।

## इलेक्शन ब्रीफ

### कार्यकर्ता चाहें, तो विपक्ष एक भी सीट नहीं पाए: श्रीकांत शिंदे



■ NBT न्यूज, कल्याण: कल्याण-डोंबिवली में शिवसेना-बीजेपी के 20 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। अगर कार्यकर्ता मेहनत करें, तो विपक्ष को एक भी सीट नहीं मिलेगी। यह बात सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने टिटवाला में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। सांसद शिंदे ने वॉर्ड नंबर 1 से 10 का दौरा किया और लोकल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और महायुति के उम्मीदवारों से बातचीत की। उन्होंने वॉर्ड में चुनावी कैंपेन का रिव्यू करते हुए क्षेत्र में डिवेलपमेंट के कार्यों की चर्चा की। इस दौरान संतोष तारे, उपेक्षा भोईर आदि मौजूद थे।

### वसई-विरार में BJP बेशक जीतेगी: केशव उपाध्ये

■ NBT न्यूज, वसई: वसई-विरार मनपा चुनाव के लिए बड़े नेताओं की सभाएं शुरू हो गई हैं। 9 जनवरी को नालासोपारा के सेंट्रल पार्क मैदान में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सभा होनी है। बुधवार को बीजेपी प्रवक्ता केशव उपाध्ये नालासोपारा आए और पार्टी कार्यकर्ताओं से बैठक की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के जरिए राज्य भर में किए जा रहे विकास कार्यों को लोगों ने पसंद किया है। मनपा चुनाव में बीजेपी नंबर वन पार्टी बनेगी। वसई-विरार में भी लोग विकास के पक्ष में वोट करेंगे और बीजेपी-शिवसेना-श्रमजीवी, आगरी सेना महायुति की वसई-विरार में बिना किसी शक के जीत होगी।

# इलेक्शन से पहले ठाणे में पुलिस का ऐक्शन

## 78 करोड़ 35 लाख 60 हजार की ड्रग्स जब्त

■ अनिल कुमार शुक्ला, ठाणे: मनपा चुनाव के मद्देनजर ठाणे पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में चलाए गए ऑपरेशन ऑलआउट में बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ, हथियार और शराब की जब्ती के साथ नगदी भी बरामद की गई है। सभी मनपा क्षेत्र में अधिक से अधिक ड्रोन के जरिए पुलिस अवैध गतिविधियों पर नजर रख रही है। ठाणे पुलिस के अनुसार ऑपरेशन ऑलआउट के तहत अब तक बीएनएस, 2024 के प्रतिबंधक अधिनियम 126, 128, 129 के तहत 11508 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा 307 लोगों को तड़ीपार घोषित भी किया गया है। साथ ही, एमपीडीए के तहत 49 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत ठाणे, भिवंडी, कल्याण-डोंबिवली, उल्हासनगर मनपा क्षेत्र के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। इस दौरान अब तक 78 करोड़ 35 लाख 60 हजार 458 मूल्य के मादक पदार्थ को जब्त किया है। इसमें 1491 किलो गांजा, चरस, कोकीन, एमडी, हेरोइन इत्यादि है।

पुलिस के अनुसार मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 3144 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की तरफ से कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आयुक्तालय परिसर में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। आयुक्त आशुतोष डुंबरे के मार्गदर्शन में सभी 5 जोन में पुलिस अधिकारी कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

पकड़े गए 3144 तस्करों से बरामद किए गए 1491 किलो मादक पदार्थ

TMC, KDMC, UMC, भिवंडी मनपा क्षेत्र में 11508 लोगों की धरपकड़



### करीब 2 करोड़ 17 लाख की नकदी जब्त

पुलिस कार्रवाई में नाकाबंदी के दौरान 2 करोड़ 16 लाख 89 हजार की नकदी भी बरामद की गई है। इसके अलावा पुलिस ने 10 लाख 92 हजार 465 रुपये की 13215 लीटर शराब जब्त की है। ठाणे, भिवंडी, कल्याण-डोंबिवली, उल्हासनगर मनपा क्षेत्र में की गई कार्रवाई में पुलिस ने 27 हथियार (पिस्तौल आदि), 37 जीवित कारतूस, 142 चाकू और छुरा बरामद किया है। आयुक्तालय में 3760 लाइसेंसी हथियारों में से 3069 को विभिन्न पुलिस स्टेशन में जमा कराया गया है।

# 'भाईजान' से परहेज, फिर भी प्रचार में जुटे कार्यकर्ता

## BJP-शिंदेसेना के कार्यकर्ता कर रहे मुस्लिम कैंडिडेट्स का प्रचार

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर: मीरा-भाईंदर में महायुति की दोनों पार्टियां BJP और शिवसेना (शिंदे गुट) खुद को हिंदुत्व का असली ब्रैंड ऐम्बेसडर साबित करने में जुटी हैं। इसी कड़ी में दोनों दल 'भाईजान' से जरूरी दूरी बनाते हुए एक-दूसरे को 'भाईजान' का संबोधन देने में लगे हैं। लेकिन, चुनावी जरूरत और जीत के गणित में दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस, NCP (अजित गुट), AIMIM के मुस्लिम उम्मीदवारों का प्रचार करना पड़ रहा है। BJP विधायक नरेंद्र मेहता और शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक एक दूसरे को 'भाईजान' साबित करने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके कार्यकर्ता अन्य दलों के 'भाईजान' का प्रचार कर रहे हैं। ऐसे में, शहर में एक विरोधाभास माहौल सा है।

निकाय महा मुकाबला

**BJP कार्यकर्ता कर रहे अमजद शेख का प्रचार:** प्रभाग क्रमांक 9 में पिछली बार कांग्रेस के समर्थन से निर्दलीय जीत हासिल करने वाले अमजद शेख इस बार NCP (अजित गुट) से चुनाव लड़ रहे हैं। अमजद पिछले पांच वर्षों में प्रभाग में न एक कार्यालय खोल सके हैं और न ही एक कार्यकर्ता जोड़ पाए हैं। ऐसे में, उनके प्रचार का सारा जिम्मा BJP के कार्यकर्ताओं पर है। जो लोग कल तक अपने गले में BJP का पट्टा डालकर घूम रहे थे, वही अब 'घड़ी' में 'चाबी' भर रहे हैं।

**शिवसेना उम्मीदवार कर रहे रउफ कुरैशी का प्रचार:** 'भाईजान' के प्रचार में शिवसेना (शिंदे गुट) भी पीछे नहीं है। भाईंदर (वेस्ट) के प्रभाग-3 में शिवसेना (शिंदे गुट) उम्मीदवार केटलिन परेरा और प्रतिभा तांगडे कांग्रेस के रउफ कुरैशी साथ-साथ प्रचार करते नजर आ रहे हैं। जिस सीट से रउफ चुनाव लड़ रहे हैं, वहां शिवसेना (शिंदे गुट) ने कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा है। बता दें कि प्रभाग 19 में मुस्तफा बनारा और कहकशां शेख को उम्मीदवार बनाया है।



मीरा-भाईंदर चुनाव के दौरान बीजेपी और शिंदे सेना के कार्यकर्ता अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचार प्रसार में जुटे हैं।

### 'विजय संकल्प सभा' से शिंदेसेना के उम्मीदवारों की तस्वीरें गायब




इसी सभा में शिंदे सेना के उम्मीदवारों को अनदेखा किया है।

■ NBT न्यूज, भिवंडी: बुधवार को भिवंडी के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर मुख्यमंत्री की 'विजय संकल्प सभा' थी। लेकिन प्रचार के लिए मंच पर लगाए गए मुख्य बैनर पर केवल BJP उम्मीदवारों की ही तस्वीरें छपी थीं। महायुति का हिस्सा होने के बावजूद शिंदेसेना के एक भी उम्मीदवार की फोटो इस बैनर पर नहीं होने के कारण पार्टी के उम्मीदवारों में नाराजगी दिखी। इस महत्वपूर्ण सभा से शिंदेसेना के नेताओं ने लगभग दूरी बनाए रखी। सभा में शिंदेसेना से केवल श्याम पाटील, मनोज काटेकर, कमलाकर पाटील ही दिखे। स्थानीय स्तर पर इसे BJP और शिंदेसेना के बीच दूरी के तौर पर देखा जा रहा है।

### शेख के आते ही कांग्रेसियों ने गले से उतारा कांग्रेसी गमछा

■ NBT न्यूज, भिवंडी: नैबीनगर स्थित खान कंपाउंड में कांग्रेसी उम्मीदवारों के लिए आयोजित सभा में सपा विधायक रईस शेख के आते ही वहां मौजूद कांग्रेसियों के गले से कांग्रेस का गमछा निकाल लिया गया। इनमें औरंगाबाद से आए प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष कमाल फारुकी भी थे। बता दें कि प्रभाग-9 से कांग्रेसी कैंडिडेट प्रशांत लाड, तारिक मोमिन, दानिश अंसारी, जोहा अंसारी के लिए प्रचार सभा आयोजित थी। सूत्र बताते हैं कि इन चारों को रईस शेख की सिफारिश पर कांग्रेस से टिकट मिला है और शेख इनका प्रचार भी कर रहे हैं। खान कंपाउंड की सभा में विधायक के आते ही सभी कांग्रेसियों के गले से पंजे वाला कांग्रेस का गमछा निकाल लिया गया, जिसे कांग्रेसी भी नहीं समझ पाए।



# खतरे से बाहर हैं हमले में घायल कुरैशी

पेज 1 से आगे


जोन-3 के डीसीपी मनीष कलवानिया ने बताया कि शाम 5 बजे संत ज्ञानेश्वर नगर में रैली के दौरान कुरैशी के पेट पर चोटें आईं। वह खतरे से बाहर हैं। खेरवाड़ी के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमले से इलाके में तनाव का माहौल बन गया। खेरवाड़ी पुलिस हमलावर की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही थी। हमले का मकसद भी अभी पता नहीं चला है।

चुनाव प्रचार के दौरान किया गया था चाकू से हमला, मकसद अभी पता नहीं

**कौन है हाजी सलीम कुरैशी:** AIMIM मुंबई के पूर्व जनरल सेक्रेटरी हाजी सलीम कुरैशी सितंबर 2024 में शिवसेना (शिंदे) गुट में शामिल हुए थे। उनकी पत्नी गुलनाज सलीम कुरैशी बांद्रा (ईस्ट) के प्रभाग 92 की नगरसेविका रह चुकी हैं।

### निर्दलीय प्रत्याशी पर पत्थरों से हमला

मालवणी पुलिस के तहत निर्दलीय उम्मीदवार अरबाज असलम शेख पर मंगलवार शाम अज्ञात लोगों ने पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया। शेख प्रभाग 34 से चुनाव लड़ रहे हैं। मालवणी गेट नंबर 5 से प्रचार करते हुए गुजरने के दौरान यह घटना हुई। पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। शेख के भाई ने केस दर्ज कराया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।



### मामूली विवाद में युवक की हत्या

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: कोपरीगांव में मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे लड़कों के एक समूह ने अमित यादव (20) नामक युवक की हत्या कर दी। आरोपियों ने चाकू से अमित की छाती, पेट, कमर और गले पर कई हमले किए थे। गंभीर जख्मी हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हमले के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर एक आरोपी पकड़ा गया, फिर उसकी निशानदेही पर पर 2 अन्य आरोपी पकड़े गए। करीब 11 लोगों को आरोपी बनाया है। फरार आरोपियों की तलाश कर रहे हैं।

### नाबालिग के यौन शोषण का आरोपी कोर्ट से बरी

■ भाषा, ठाणे: ठाणे कोर्ट ने नाबालिग लड़की का पीछा करने और उसके यौन उत्पीड़न के आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया कि उसके कृत्यों से 'यौन मंशा' प्रकट नहीं होती, जो यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत अपराध साबित करने के लिए आवश्यक तत्व है। आरोपी मयूरेश कैलास शेलके (25) पेशे से मजदूर है। आरोप था कि उसने वर्ष 2019 में 15 वर्षीय पीड़िता के घर में प्रवेश कर उससे अपने प्रेम का इजहार किया था।

### चाचा भतीजी का रिश्ता हुआ शर्मसार, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, वसई: पेल्हार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी के साथ उनके चाचा द्वारा दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित लड़की के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पोक्सो रेप के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पेल्हार क्षेत्र में रहने वाली 36 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया कि अगस्त, 2025 में उनके देवर ने उनकी 16 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया है।

### दोस्ती की आड़ में युवती से रेप

■ NBT न्यूज, भिवंडी: भिवंडी की 23 वर्षीय एक युवती से दोस्ती करके एक युवक ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी ने दोनों का निजी विडियो व फोटो सोशल मीडिया पर रिश्तेदारों के बीच वायरल करने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

सोशल मीडिया पर विडियो वायरल करने की दी धमकी, केस दर्ज

### बदलापुर में आग, हादसा टला

■ NBT न्यूज, बदलापुर: खरवाई MIDC में एक कंपनी में आग लग गई। परिसर से लगातार 10 से 11 धमाकों की आवाजें सुनी गईं, जिससे अफरा-तफरी मच गई। खबर लिखे जाने तक दमकल गाड़ियां मौके पर थीं, आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है।

## स्टेट अपडेट

### BJP की आलोचना से बचें DCM पवार: बावनकुले

■ भाषा, पुणे: महाराष्ट्र के मंत्री और बीजेपी नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, उपमुख्यमंत्री अजित पवार को भाजपा की आलोचना करने से बचना चाहिए और उसे अतीत के पन्ने खोलने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। भाजपा नेता बावनकुले ने मंगलवार को यहां मीडिया के सामने पवार को नगर-निकाय चुनावों से पहले 'महायुति' की समन्वय समिति में सर्वसम्मति से लिए उस निर्णय की याद दिलाई, जिसमें कहा गया था कि भले ही गठबंधन के सहयोगी अलग-अलग चुनाव लड़ें, लेकिन वे प्रचार के दौरान एक-दूसरे की आलोचना नहीं करेंगे।

### ऐसी विचारधारा बर्दाश्त नहीं: CM

■ भाषा, नागपुर: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा, जेएनयू में पैदा हुई ऐसी विचारधारा वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम की यह टिप्पणी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) में विरोध-प्रदर्शन को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर आई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में उमर खालिद व शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया।

### आदिवासी युवती को 3 लाख में बेचा

■ भाषा, पालघर: पुलिस ने 20 वर्षीय आदिवासी युवती को शादी का झांसा देकर 3 लाख रुपये में बेचने और उसका उत्पीड़न करने के आरोप में 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कतकारी समुदाय की युवती का आरोप है कि मई 2024 में उसे नासिक के एक व्यक्ति से शादी को मजबूर किया गया था। आरोपी व उसकी मां ने कथित तौर पर 2 बिचौलियों को 3 लाख रुपये दिए थे।

सीमा शुल्क आयुक्त (सामान्य) का कार्यालय
निपटान अनुभाग, जवाहरलाल नेहरू कस्टम हाउस
न्हावा शेवा, तालुका- उरण, जिला- रायगढ़ 400707
ई-मेल- disposal-jnch@gov.in दूरभाष- 022-27244956

फाइल संख्या - GEN/DISP/EAUC/378/2024-DISP दिनांक :07-01-2026

ई-नीलामी सह ई-निविदा सूचना
नीलामी संख्या 07/2025-26 दिनांक 16.01.2026

जवाहरलाल नेहरू कस्टम हाउस, न्हावा शेवा, तालुका- उरण, जिला- रायगढ़, महाराष्ट्र, मेसर्स एमएसटीसी लिमिटेड, मुंबई 400021 के माध्यम से 16.01.2026 को विभिन्न वस्तुओं की ई-नीलामी/ई-निविदा दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आयोजित करेगा। नीलामी की प्रक्रिया और नियम व शर्तें एमएसटीसी की वेबसाइट www.mstcindia.co.in पर देखी जा सकती हैं। वस्तुओं/लॉट का निरीक्षण संबंधित गोदामों में 09.01.2026 से 14.01.2026 तक दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक किया जा सकता है। ... 14.01.2026 को या उससे पहले 5,00,000/- रुपये (केवल पांच लाख रुपये) की ईएमडी/सुरक्षा जमा राशि जमा करानी होगी। ... disposal-jnch@gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

(मनोज कुमार)
अपर सीमा शुल्क आयुक्त
निपटान अनुभाग, जेएनसीएच

"जेएनसीएच द्वारा मेसर्स एमएसटीसी के माध्यम से 16.01.2026 को ई-नीलामी सह ई-निविदा आयोजित की जाएगी।"

पश्चिम मध्य रेल
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/114/2026)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण/विनिर्देश के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in "ई" निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 38254155B | POLY रिंग | 70664 नंबर | 03/02/2026 |
| 2 | 40251836 | पॉलीमर सेट Arm इंसुलेटर | 2071 नंबर | 05/02/2026 |
| 3 | 38255025 | टॉप साइड बेयरर लाइनर | 12000 नंबर | 06/02/2026 |
| 4 | 38255022 | अपलेकेड हाई कैपेसिटी ड्राफ्ट गियर | 1500 नंबर | 09/02/2026 |
| 5 | 38254120 | Poly लाइनिंग टॉप & बॉटम ऑफ कॉन्स्टेंट कॉन्टैक्ट | 17067 सेट | 09/02/2026 |
| 6 | 38253675 | ब्रेक बीम कम्पोजीट विद बुशेस | 1650 नंबर | 16/02/2026 |
| 7 | 40252757A | 60 KVA ट्रांसफार्मर | 22 नंबर | 18/02/2026 |
| 8 | 38253559 | 7/8" (22.2 MM) DIA BULL लॉक बोल्ट पिन | 69262 नंबर | 02/03/2026 |

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई-टेण्डर आमंत्रित करते हैं। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेण्डर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेण्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें- क्र.सं.-1, NIT No.: 25-26-C-33-127, Date: 27.12.2025, Name of work including Location: ए) नर्मदापुरम-एडीईएन/एम/भोपाल के अधीन विद्युत कार्य सहित 10 बिस्तरों वाली आरपीएफ बैरक का निर्माण। बी) संत हिरदाराम नगर - एडीईएन/एम/भोपाल के अधीन विद्युत कार्य सहित आरपीएफ चौकी भवन का निर्माण, Published cost of tender (Rs.): ₹ 1,66,17,416.01, Earnest Money: ₹ 2,33,100, Completion period: 08 माह, Last date for submitting tender: 19.01.2026, क्र.सं.-2, NIT No.: 25-26-N-27-129, Date: 01.01.2026, Name of work including Location: ए) एडीईएन (एन) गुना के अंतर्गत गुना-बीना खंड के बीच हैंडपंपों की मरम्मत और रखरखाव 2 वर्ष के लिए। बी) एडीईएन (एन) गुना उप-मंडल के अंतर्गत किसी भी स्टेशन पर आवश्यकतानुसार 2 वर्ष के लिए जल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था, Published cost of tender (Rs.): ₹ 27,33,855.19, Earnest Money: ₹ 54,700, Completion period: 24 माह, Last date for submitting tender: 23.01.2026, क्र.सं.-3, NIT No.: 25-26-C-34-130, Date: 02.01.2026, Name of work including Location: भोपाल डिवीजन-लूप लाइनों के सीएसआर में वृद्धि (सोमलखेड़ी, रेहटवास, पवई, धनखेड़ी, दीवान गंज, ओबेदुल्लागंज, मिसरोद-कुल 7 स्टेशन, Published cost of tender (Rs.): ₹ 48,53,710.83, Earnest Money: ₹ 97,100, Completion period: 08 माह, Last date for submitting tender: 26.01.2026, क्र.सं.-4, NIT No.: 25-26-N-28-131, Date: 02.01.2026, Name of work including Location: सीनियर डीईएन/नार्थ/बीपीएल सेक्शन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले गर्डर पुलों में एच-बीम का उपयोग करके चैनल स्लीपरों का नवीनीकरण, Published cost of tender (Rs.): ₹ 2,36,03,600.16, Earnest Money: ₹ 2,68,000, Completion period: 12 माह, Last date for submitting tender: 27.01.2026, क्र.सं.-5, NIT No.: 25-26-S-25-130, Date: 03.01.2026, Name of work including Location: भाग ए) एसएसई (पी.डब्ल्यू.) खंडवा के अंतर्गत ट्रैक की विविध पी.वे. मरम्मत और रखरखाव, भाग बी) एसएसई (पी.डब्ल्यू.) खिरकिया के अंतर्गत ट्रैक की विविध पी.वे. मरम्मत और रखरखाव और भाग सी) एसएसई (पी.डब्ल्यू.) हरदा के अंतर्गत ट्रैक की विविध पी.वे. मरम्मत और रखरखाव, Published cost of tender (Rs.): ₹ 2,25,70,496.83, Earnest Money: ₹ 2,62,900, Completion period: 12 माह, Last date for submitting tender: 28.01.2026.

वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण), पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय, उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, झंझारपुर
(राजस्व शाखा)
आम सूचना

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहनों के मालिक को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2016 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में जब्त वाहनों के अधिहरण (Confiscation) हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में निम्नलिखित अधिहरण वाद संचालित है। बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन) नियमावली-2022 के नियम-12 (ख) के आलोक में राशि भुगतान पर वाहनों को छोड़ने का प्रावधान है।
अतः आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपना पक्ष रखने हेतु प्रपत्र-4 में वाहन विमुक्ति का आवेदन प्रस्तुत करें अन्यथा इन वाहनों को अधिहरित कर नीलामी हेतु आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र० | उत्पाद अधिहरण वाद सं० | वाहन सं० | वाहन का प्रकार | चेसिस नं० | इंजन नं० | थाना कांड सं० | वाहन मालिक का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15/25-26 | MH04B Q4578 | स्कॉर्पियो | MA1TA2BD C32E80457 | BD34E41 672 | 55/25 | Tauseef Ashfaque Shaikh,S/o-Ashfaque Shaikh R/o-At-701 Seven Heaven, Bhayader Rd Mira, P.S.-Thane, Maharashtra- 401107 |

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, झंझारपुर

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.021236 (Revenue) 2025-26
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

भारत सरकार / अंतरिक्ष विभाग
निर्माण व अनुरक्षण प्रभाग / द्रव नोदन प्रणाली केंद्र
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन / वलियमला पी ओ, तिरुवनंतपुरम, केरल
फोन: 0471-256 7445 / 7326 / 7577 ई-मेल: contracts_cmg@lpsc.gov.in

ई-निविदा आमंत्रित करने की संक्षिप्त सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन ई पी सी निविदाओं हेतु आवेदन आमंत्रित करते हैं।

| विवरण | ब्यौरा |
|---|---|
| कार्य का नाम | ई पी सी मोड-1 में एल पी एस सी, इसरो, वलियमला, तिरुवनंतपुरम जिला, केरल में एन जी एल वी के लिए एन एफ ए टी सुविधा की योजना, डिजाइन एवं निर्माण (सिविल, विद्युत, ए सी, यांत्रिक एवं संबंधित कार्य)। |
| ई-निविदा सूचना सं. | एल पी एस सी-वी/सीएमडी/सीएस/01/1145/टीई-023/2025-26 दिनांक 05.01.2026 |
| निविदा के लिए निर्धारित राशि | ₹ 8075 लाख |
| कार्य समाप्त की अवधि | बीस (20) माह |
| बयाना राशि जमा (ई.एम.डी) | ₹ 90,75,000/- (नब्बे लाख पचहत्तर हजार) |
| अवधि, जिसके दौरान निविदा दस्तावेज के लिए अनुरोध किया जा सके | 08.01.2026 को 17.30 बजे से 04.02.2026 को 23:30 बजे तक |
| निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अवधि | 08.01.2026 को 17.31 बजे से 04.02.2026 को 23:59 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण | 08.01.2026 को 18:00 बजे से 16.02.2026 को 09:00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण के लिए जवाब | 18.02.2026 को 17:00 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.03.2026 को 14:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की नियत तिथि एवं समय | 02.03.2026 को 15:00 बजे |

इच्छुक निविदाकार पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण हेतु वेबसाइट https://www.isro.gov.in/Tenders.html, https://www.lpsc.gov.in/tender.html पर दिए गए विस्तृत द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) निविदा आमंत्रित करने हेतु सूचना (एन आई टी) का संदर्भ लें एवं वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/isro पर निःशुल्क निविदा देखें।

एसडी/- प्रधान, सी एम डी, एल पी एस सी, वलियमला

भोजपुर समाहरणालय, आरा
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)
दूरभाष :-06182-221312 (का०)
06182-233311 (आ०)
06182-233474 (फैक्स)
ई-मेल:-dm-bhojpur.bih@nic.in

ज्ञापांक-30/म0नि0, आरा,

अधिहरित (Conficated) वाहनों के नीलामी की अति अल्पकालीन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भोजपुर जिला अंतर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (यथा संशोधित) में विभिन्न थाना कांडों/उत्पाद वादों में जब्त एवं समाहर्त्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, भोजपुर के न्यायालय द्वारा सुसंगत प्रावधानों के तहत राजसात् किए गए निम्नलिखित वाहनों में अंकित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) अपर समाहर्त्ता भोजपुर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय कमिटी द्वारा दिनांक 28.01.2026, 12.02.2026 एवं दिनांक 27.02.2026 को 11:30 बजे पूर्वाहन से समाहरणालय सभाकक्ष, भोजपुर /सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध एवं उत्पाद कार्यालय परिसर, भोजपुर (आरा) (आरा) में की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को आवेदन आधार कार्ड/पैन कार्ड की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति तथा अग्रधन की राशि को बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत) के रूप में जो Assistant Commissioner Excise, Bhojpur (Ara) के पदनाम से एवं Payable at SBI Ara में देय होगा के साथ सहायक आयुक्त मद्यनिषेध कार्यालय में दिनांक 22.01.2026 के संध्या 05:00 बजे तक जमा करना होगा।

नीलामी योग्य वाहनों का विवरण :-

| क्र० सं० | थाना काण्ड संख्या | अधिहरण वाद संख्या/विविध उत्पाद वाद संख्या | जप्त वाहन की विवरणी (वाहन का प्रकार/पंजीकरण संख्या/इंजन नम्बर/चेसीस नम्बर इत्यादि) | मूल्यांकन राशि (रुपया में) | अग्रधन की राशि (20%) | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नारायणपुर थाना कांड सं0-114/23 | 180/2024 23.09.2024 | मारुती सुजुकी कार MH02AY-8953 | 40000/- | 8,000/- | पता अप्राप्त | Scrap |
| 2 | गीधा थाना कांड सं0-568/23 | 564/2024 21.04.2025 | ट्रक MH14HG3286 चेसिस नं0-MC2F7HRC0JL153228 | 6,00,000/- | 1,20,000/- | जयशंकर चन्द्रमा पाण्डेय, पे0-चन्द्रमा, सा0- सारा सिटी फ्लैट न0-509 खराब वाडी चकन, जिला-पुणे, महाराष्ट्र 410501 Mob-8856445525 | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

जिला पदाधिकारी, भोजपुर (आरा)

PR- 21045 (EXCISE) 2025-26 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: kamlesh.mestry Time: 01-07-2026 22:20 Color:





# सफलता के मार्गदर्शक

SPOTLIGHT



इमर्जिंग आइकॉन 2026 के दौरान इनकी उपलब्धियों को मिला सम्मान



दीप प्रज्वलन में शामिल राकेश लोढ़ा, आशीष पैठे, केवलचंद जैन, विनोद जैन वडाला, प्रफुल्ल रागावत, सिद्धराज लोढ़ा, ललित गांधी

## सोना-चांदी: निवेश की परंपरा से नए दौर की ज्वेलरी पर हुई चर्चा

**सोना-चांदी के नए ट्रेंड और बाजार की चुनौतियों को समझने के लिए नवभारत टाइम्स (NBT) ने मुंबई में प्रमुख ज्वेलरी मैन्युफैक्चरर्स और रिटेलर्स के साथ एक विशेष पैनल डिस्कशन का आयोजन किया। इस चर्चा में उद्योग विशेषज्ञों ने बाजार की मौजूदा स्थिति, भविष्य की संभावनाओं और निवेश के बदलते रुझानों पर खुलकर अपने विचार रखे।**



Reponse.UP@timesofindia.com

भारत में सोना और चांदी केवल आभूषण नहीं, बल्कि सदियों से सुरक्षित निवेश और पारिवारिक संपत्ति माने जाते रहे हैं। आम धारणा यह रही है कि गहने सिर्फ श्रृंगार के लिए नहीं, बल्कि जरूरत के समय काम आने वाली अनमोल पूंजी है। इसी विश्वास के कारण भारतीय परिवार पीढ़ियों से सोने-चांदी में निवेश को सर्वोपरि रखते आए हैं। लेकिन वर्तमान समय में सोने और चांदी की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम उपभोक्ताओं की खरीद क्षमता को काफी हद तक प्रभावित किया है, जिसका सीधा असर बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। इसी मौजूदा हालात और बदलते ट्रेंड को समझने के लिए नवभारत टाइम्स (NBT) ने मुंबई के प्रमुख ज्वेलरी मैन्युफैक्चरर्स और रिटेलर्स के साथ एक विशेष पैनल डिस्कशन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आभूषण टाइम्स के राकेश लोढ़ा और सिद्धराज लोढ़ा द्वारा पॉवर्ड था। इसके स्पॉन्सर स्वर्ण शिल्प चेन ऐंड ज्वेलरी प्राइवेट लिमिटेड के प्रफुल्ल रागावत थे। कार्यक्रम के को-स्पॉन्सर, नाकोडा के केवलचंद जैन थे और यह



पैनल 1



पैनल 2

कार्यक्रम वी चेन ज्वेलरी प्राइवेट लिमिटेड के विनोद जैन वडाला द्वारा सपोर्टेड था।

इस चर्चा में उद्योग से जुड़े दिग्गजों ने खुले तौर पर बाजार की चुनौतियों, उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और भविष्य की संभावनाओं पर अपनी राय साझा की। इसके साथ ही एनबीटी ने ज्वेलरी सेक्टर के उभरते सितारों को सम्मानित करने के उद्देश्य से 'इमर्जिंग आइकॉन 2026' का भी आयोजन किया।

इस खास मौके पर इमर्जिंग आइकन्स को



पैनल 3

सम्मानित करने के लिए कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं। मिस इंडिया अर्थ 2014-15 अलंकृता सहाय—जो वर्तमान में चर्चित मॉडल और अभिनेत्री है—भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। उनके साथ अभिनेत्री प्रीति झंगियानी, जिन्होंने मॉडलिंग से करियर की शुरुआत की और 'मोहब्बतें' जैसी लोकप्रिय फिल्म में अभिनय किया, मौजूद रहीं। इसके अलावा 'तारे जमीन पर', 'धड़क 2' और हालिया वेब सीरीज 'महारानी 4' से पहचान बनाने वाले अभिनेता विपिन कुमार शर्मा भी नजर आए। जाने-माने रेसलर, मोटिवेशनल स्पीकर और अभिनेता संग्राम सिंह, 'ढोल', 'चाइना टाउन' और 'दिल कबड्डी है' जैसी फिल्मों तथा 'लॉकअप' व 'बिग बॉस' जैसे रियलिटी शोज में दिख चुकी पायल रोहतगी और साथ ही टेलीविजन, फिल्मों और बैड्स ऑफ बॉलिवुड फेम अभिनेता रजत बेदी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

पैनल डिस्कशन के दौरान कारोबारियों ने बताया कि सोने-चांदी के व्यवसाय में कीमतों की स्थिर और संतुलित वृद्धि बेहद जरूरी होती है। यदि कीमतों में 20 से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है, तो लंबी अवधि में बाजार स्थिर बना रहता है। लेकिन जब कीमतों में 60 प्रतिशत तक की तेज उछाल आ जाती है, तो बाजार अस्थिर हो जाता है और इसका सीधा असर खरीद-फरोख्त पर पड़ता है। यही कारण है कि मौजूदा समय में गहनों की तुलना में सोने-चांदी के कॉइन और बार की बिक्री अधिक देखी जा रही है।

महंगाई के चलते आम लोगों की खरीद क्षमता जरूर घटी है, लेकिन इसके साथ ही एक नया ट्रेंड भी उभरकर सामने आया है। अब उपभोक्ता भारी गहनों की जगह 14 और 18 कैरेट की ज्वेलरी को प्राथमिकता दे रहे हैं। हल्के वजन, आधुनिक डिजाइन और किफायती दामों वाली ज्वेलरी की मांग तेजी से बढ़ रही है। व्यापारियों का मानना है कि यह बदलाव बाजार को लंबे समय में नई दिशा देगा।

पैनल में यह भी बताया कि दुनिया भर में सबसे अधिक सोने के गहने आज भी भारतीय परिवारों के पास हैं। पुरानी और पुश्तैनी ज्वेलरी का रिटर्न आज भी काफी अच्छा माना जाता है, जिससे यह साफ होता है कि सोना अब भी भरोसेमंद निवेश है। वहीं नई पीढ़ी को लेकर कारोबारियों ने सकारात्मक रुख जताया। आज की पीढ़ी अधिक शिक्षित है और सोना-चांदी खरीदते समय हॉलमार्क और शुद्धता पर विशेष ध्यान देती है।

मार्केटिंग के लिहाज से भी ज्वेलरी कारोबार में बदलाव साफ नजर आ रहा है। पैनलिस्ट्स ने कहा कि ग्राहकों से व्यक्तिगत तौर पर संवाद करना, उनके साथ भरोसे और रिश्ते बनाना तथा उनकी जरूरतों को समझना पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है। भविष्य की बात करें तो विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाला समय चांदी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। औद्योगिक उपयोग और निवेश के बढ़ते रुझान को देखते हुए अब कहा जा रहा है कि "चांदी ही नया सोना है।"



निखिल रणावत, स्वर्ण शिल्प चेन एंड ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड



कुश जगावत, उत्सव सीजेड गोल्ड ज्वेल्स लिमिटेड



रजत बेदी



विपिन शर्मा



संग्राम सिंह



अलंकृता सहाय



पायल रोहतगी



प्रीति झंगियानी



बलराज ठाडेश्वर, श्रीनगर: हाउस ऑफ मंगलसूत्र



स्नेह सुरेश जैन, रॉयल चेन्स प्राइवेट लिमिटेड



राहुल मेहता, सिल्वर एम्पोरियम (राहुल मेहता की ओर से शिल्पा मेहता द्वारा प्राप्त)



अंश जैन, वी चेन्स ज्वेलरी प्राइवेट लिमिटेड



राज कोठारी, मास्टर चेन्स एंड ज्वेल्स



प्रतीक मुनोत, शंकेश्वर ज्वेलक्राफ्ट एलएलपी



वंश जैन, शांति गोल्ड इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड



श्रेयांश जैन, मुक्ति गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड



अंकित मेहरा, यूनिक चेन्स एंड ज्वेल्स लिमिटेड



अक्रांत कोठारी, आर. कोठारी ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड



आर्यन सुराना, आराधना ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड



निखिल जैन, समृद्धि ज्वेलक्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड



किरण शाह, अंसा ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड



रचित पमेचा, मायरा (स्काई चेन्स)



श्रेयांश हरन, राजेंद्र ज्वेलरी हाउस



ध्रुव सकरिया, सकरिया ज्वेलर्स



विनय सोभावत, आनंद दर्शन सिल्वर्स



शुभ जैन (कागरेचा), फॉरएवर ज्वेल्स



धीरज सरुपरिया, लक्ष्मी गोल्ड



हीत जैन, पूजा ज्वेलर्स



प्रीतेश मेहता, शौर्य ज्वेल्स



प्रणव राणावत, ब्रह्मांड ज्वेल्स



नमन जैन, नकोड़ा



आयुष सिंघवी, अरिहंत 925 ज्वेलरी प्राइवेट लिमिटेड



केतन कोठारी, आर.के. ज्वेल्स

# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । मुंबई । गुरुवार, 8 जनवरी 2026




सत्ता का चरित्र स्थायी नहीं होता, परिस्थितियां बदलते ही राजनीति का चेहरा भी बदल जाता है – *राम मनोहर लोहिया*

## कुर्सी के लिए दोस्ती

राजनीति में जब भी कोई बड़ा उलटफेर होता है, तो कहावत झट से रख दी जाती है कि सियासत है ही संभावनाओं का खेल और इसमें कोई स्थायी दोस्त या स्थायी दुश्मन नहीं होता। हालांकि महाराष्ट्र निकाय चुनाव में पद की चाहत ने जिस तरह की संभावनाएं पैदा कर दीं, उससे बड़े-बड़े जानकार हैरान हैं। BJP-कांग्रेस और BJP-AIMIM का गठबंधन भले कुछ वक्त ही चला, पर इसने साबित कर दिया कि आज की राजनीति में विचारधारा से ज्यादा अहमियत सत्ता की है।

**दो जगह खेल ।** यह उलटफेर देखने को मिला है अंबरनाथ और अकोट नगर पालिका में। अंबरनाथ में एकनाथ शिंदे की शिवसेना को सत्ता से बाहर रखने के लिए BJP, कांग्रेस और अजित पवार गुट की NCP ने मिलकर अंबरनाथ विकास अघाड़ी बना लिया, जबकि अकोट में BJP और AIMIM एक हो गए। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस पर नाराजगी जताई है और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने अपने एक विधायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जबकि कांग्रेस ने अंबरनाथ में अपने पार्षदों को सस्पेंड कर दिया है।



महाराष्ट्र निकाय चुनाव

**सहयोगियों में अनबन ।** आमतौर पर स्थानीय स्तर पर नेताओं को परिस्थितियों के अनुसार फैसले लेने की छूट होती है। लेकिन, ये गठबंधन राज्य में बड़े स्तर पर चल रही सियासत का भी संकेत देते हैं। राज्य में सत्ताधारी BJP और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच की अनबन कई बार सतह पर आ चुकी है। पिछले साल नवंबर में दोनों दलों ने एक-दूसरे पर नेताओं की पोचिंग यानी लालच देकर अपनी तरफ मिलाने का आरोप लगाया था। तब शीर्ष स्तर पर सहमति बनी थी कि दोनों एक-दूसरे के नेताओं को नहीं लेंगे।

**अजित से नाराजगी ।** इससे आपसी असंतोष दब तो गया, पर लगता नहीं कि दूर हुआ। समझने वाली बात है कि सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दूसरे सहयोगी डिप्टी सीएम अजित पवार के साथ रिश्ते भी नरम-गरम रहे हैं। भ्रष्टाचार से जुड़े उनके एक बयान को लेकर BJP ने तल्ख प्रतिक्रिया दी है।

**जनता से धोखा ।** गठबंधन के साथियों के बीच मनमुटाव आम बात है। कई बार वैचारिक मतभेद बड़े भी हो जाते हैं, लेकिन उनका इतना बढ़ जाना कि एक-दूसरे को रोकने के लिए विपक्ष से हाथ मिला लेना असल में जनता के साथ धोखा है। जहां विचारों के स्तर पर कोई मेल ही न हो, वहां कुर्सी के लिए हाथ मिला लेना सरासर अवसरवादिता है। जिन दलों की राजनीति ही एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी है और जो केंद्र से राज्य तक प्रतिद्वंद्वी हैं, क्या एक जगह जनता के हित में तालमेल से चल पाएंगे? इसमें संशय है।

### गुस्ताख़ी माफ़

## बगल में छुरी

'बताइए भाई साहब, ये भी कोई बात हुई कि किसी देश में घुसो और वहां के राष्ट्रपति को किडनैप कर लो?' श्रीमान क ने सुबह की दुआ-सलाम के ऐन बाद सवाल दाग दिया। वह वेनेजुएला में डॉनल्ड ट्रंप के एक्शन पर खफा थे।



अखिलेश प्रताप सिंह

मैं कुछ कहता, उससे पहले ही गुड मॉर्निंग अंकल का नारा लगाते हुए बल्लू बादशा आ पहुंचा। उसने श्रीमान क की मुख मुद्रा देख कहा, 'आप भी नाराज हैं अंकल? सुप्रीम कोर्ट भी नाराज हो गया है। गंदी हवा साफ ही नहीं हो रही।' 'नाराजगी की बात तो है', मैंने अपना टुकड़ा जोड़ा। 'जिनको जिम्मा दिया, वे ठीक से काम न करें, तो कोर्ट नाराज होगा ही।' मैं ज्ञान वर्षा का माहौल बना ही रहा था कि बल्लू ने टोक दिया। 'पिछले साल और उसके पिछले साल किसको फटकारा गया, याद है?' मेरे चेहरे पर निल बटा सन्नाटे की तस्वीर देख बल्लू मुस्कुराया। 'बस एक-दो महीने की बात और है। जाड़े का मौसम खत्म, तो चिंता भी खत्म। पर आप क्यों गुस्से में हैं?' उसने श्रीमान क से पूछा।



'कुछ तो लिहाज होना चाहिए। इस तरह दुनिया चलेगी क्या?' श्रीमान क फिर फट पड़े।

'अंकल, लग रहा है कि आपको भी बिना कुछ छिपाए काम करने वाले पसंद नहीं हैं।' बल्लू ने लय पकड़ ली, जिसका मुझे डर था। 'वो जो शरीफ बिल क्लिंटन साहब थे, उन्होंने यूगोस्लाविया से लेकर इराक तक में क्या किया और क्यों किया, कुछ याद है? ये जो कंपनियां पर्यावरण बचाओ के विज्ञापन देती हैं, उनका बिजनेस कैसे चलता है? महिला सम्मान का नारा और काम छिछोरों का, ऐसे लोग देखे नहीं आपने?'

बैकफुट पर आ गए श्रीमान क सहारे के लिए मेरी ओर देख रहे थे। बल्लू ने कहा, 'ट्रंप ने जो बोला, वो किया। सबको पहले से पता था, मिलकर रोक लेते! ज्यादा खतरनाक तो मुंह में राम, बगल में छुरी वाले होते हैं। ट्रंप को छोड़िए, आप यह देखिए कि किसने बाउंड्री वॉल बढ़ाकर फुटपाथ कवर कर लिया है। बताइए, कॉलोनी ऐसे चलेगी क्या?'

### एकदा

संकलन : हरिप्रसाद राय

## अपमान की चोट

हिंदी खड़ी बोली में 'राधेश्याम रामायण' के रचनाकार कथावाचक पंडित राधेश्याम उन दिनों न्यू अल्फ्रेड कंपनी के लिए धार्मिक कथाओं पर नाटक लिखते थे। एक दिन वह अपने मित्र मदन मोहन के साथ वहां अपना ही लिखा नाटक 'वीर अभिमन्यु' देखने पहुंचे। कंपनी के मैनेजर ने सम्मान के साथ सोफे पर तो बैठाया, लेकिन थोड़ी ही देर में उन्हें पिछली बेंच पर जाकर बैठने को कहा। पंडित जी उठकर पास के संगम थियेटर में चले गए। वहां उन्हें अगली पंक्ति में बैठाया गया और पान-पानी से सम्मानित किया गया। संगम के मालिक के आग्रह पर उन्होंने 17-18 दिनों में ही से श्रवण कुमार नाटक तैयार किया। अल्फ्रेड के मालिक सोहराब जी को जब उनके अपमान की बात पता चली तो उन्होंने अपने मैनेजर को बर्खास्त कर दिया। मैनेजर भागा-भागा पंडित जी से माफी मांगने आया, तो पंडित जी ने सहजता से उसे माफ कर दिया। इतना ही नहीं अल्फ्रेड के मालिक से कहकर उसे वापस रखवा दिया और वह अल्फ्रेड के लिए भी नाटक लिखने लगे। अपनी आत्मकथा 'मेरा नाटक काल' में पंडित जी ने लिखा है कि मैं सम्मान के लिए थोड़ा तुनकमिजाज हो गया था। उसके बाद उन्होंने लिखा- 'परिवर्तन'।

Subrata Dhar



### व्याकरण का हवाला देकर प्रतिनिधित्व को नकारने की कोशिश नई नहीं है

# हिंदी बच गई, पर बराबरी के सवाल का क्या





नमिता जोशी

ओटीटी सीरीज The Family Man का एक छोटा सा सीन आज की सबसे बड़ी भाषाई बहस को समझने के लिए काफी है। बेटा अपने पिता से कैजुअली कहता है कि बहन धृति अब खुद को 'she' नहीं कहलाना चाहती, बल्कि 'they' कहलाना पसंद करती है। पिता की आंखें फैल जाती हैं तो बच्चा बताता है कि LGBTQ solidarity में वह ऐसा कर रही है। पिता घबराकर पूछता है, लेकिन they तो कई लोगों के लिए बोलते हैं अकेले इंसान को they कैसे कहेंगे?

**ग्लोबल है बहस ।** बेटा पूरे कॉन्फिडेंस के साथ कॉन्सेप्ट समझाता है कि सामाजिक कुरीतियों से लड़ने वाले लोग non-binary लोगों का सपोर्ट करने के लिए खुद को he या she कहलाने के बजाय they/them कहते हैं। उन्होंने अपना pronoun यानी सर्वनाम ही बदल लिया है, पर पिता का चेहरा बताता है कि grammar और identity की टक्कर ने उसका दिमाग वहीं जाम कर दिया है। वह लंबी सांस भरते हुए पूछता है कि they, them को हिंदी में क्या कहेंगे तो बच्चा बताता है कि हिंदी में अभी इसके pronoun नहीं बने हैं। पिता पूरे मुद्दे की संवेदनशीलता को नजरअंदाज करते हुए भाषा की शुद्धता पर आकर ठहरता है और कहता है, शुक्र है हिंदी बच गई।

यह सीन आज अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी से लेकर भारत तक चल रही ग्लोबल बहस का संक्षिप्त रूप है। दुनिया समझ चुकी है कि भाषा सिर्फ नियमों की किताब नहीं। यह पहचान की राजनीति है। अंग्रेजी में singular 'they' को लेकर 10 साल से तीखी बहस चल रही है। UK में स्कूल और विश्वविद्यालय pronoun एजुकेशन चला रहे हैं। कनाडा की Parliament में non-binary पहचान को प्रतिनिधित्व देने के लिए pronoun गाइडलाइंस बदले गए। फ्रांस 'iel' पर बंटा हुआ है। वहां he के लिए il और she के लिए elle नाम का pronoun है। लेकिन non-binary लोगों के लिए iel शब्द ईजाद हुआ तो बहस छिड़ गई। स्पैनिश में non binary के लिए 'Latinx' बना तो भाषा के ज्ञानियों ने कहा कि यह शब्द एक्स लगने से कठिन हो गया है। बनाना ही है तो इसको 'Latine' कर दो। बहरहाल, भाषा बदल रही है, पहचान अपना हक मांग रही है और समाज दोनों के बीच रास्ता खोज रहा है।

अब जरा हिंदी पर लौटिए। जैसे ही NBT कहता है, 'सैनिक का स्त्रीलिंग सैनिका होना चाहिए', 'कलाकार का कलाकारा', 'विधायक का विधायिका', या 'व्यापारी का व्यापारिणी' तो वही grammar-shock पैदा हो जाता है जो The Family Man के उस पिता के चेहरे पर था। फर्क बस इतना है कि अंग्रेजी वाली बहस identity को लेकर है, जबकि हिंदी वाली बहस बराबर प्रतिनिधित्व को लेकर। पर दोनों की जड़ एक है, भाषा का पुराना ढांचा बदलने से विरोध पैदा होता है।

**बराबरी = की भाषा**

**नवभारत टाइम्स की पहल**

**जड़ कहां है**

- समस्या व्याकरण नहीं, लोगों की सोच में है
- शब्द नहीं है तो बनाए/अपनाए जा सकते हैं
- असल डर है सत्ता-संरचना में बदलाव का

तो फिर हिंदी के ज्ञानियों को इतना दर्द क्यों? क्योंकि भाषा में बदलाव का विरोध व्याकरण के नाम पर होता है, पर असल में वह सत्ता संरचना का मामला है। सदियों से भाषा ने आदमी यानी पुरुष को ही सामान्य माना। कलाकार? मतलब पुरुष कलाकार। पत्रकार? मतलब पुरुष पत्रकार। सैनिक? मतलब पुरुष सैनिक। यही कारण है कि बराबरी की भाषा सिर्फ भाषा सुधार का कोई छोटा-मोटा कार्यक्रम नहीं। यह प्रतिनिधित्व की लड़ाई है। यह भाषा से पूछती है, अगर महिलाएं हर पेशे में मौजूद हैं, तो तुम्हारे पास उनके लिए शब्द क्यों नहीं? यही सवाल असहज कर देता है। 'द फैमिली मैन' का वह पिता व्याकरण के नियमों में अटका हुआ था। समस्या व्याकरण नहीं थी, उसके मानसिक ढांचे में थी। हिंदी समाज भी उसी जगह अटका हुआ है। वह कहता है, शब्द नहीं हैं, जैसे शब्द पेड़ों पर उगते हों। शब्द बनाए जाते हैं, अपनाए जाते हैं और फिर भाषा के रक्तप्रवाह में घुल जाते हैं।

**बुनियादी सम्मान ।** भाषा में प्रतिनिधित्व कोई दिखावटी विलासिता नहीं, यह बुनियादी सम्मान है। और अगर भाषा बराबरी को जगह नहीं देती, तो बराबरी उसे भाषा से छीनकर लेती है। बराबरी की भाषा इसी लड़ाई की अगली पंक्ति है। सवाल अब यही एक है, जब दुनिया भाषा को पहचान के हिसाब से बदल रही है, तो हिंदी को बराबरी के हिसाब से बदलने से रोकने की हिम्मत किसे और किस आधार पर है?

### कांटे की बात




### असंभव संवाद

## कास्त्रो की क्रांति से डील करने चले ट्रंप

*वेनेजुएला में सैन्य दखल के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिन दूसरे देशों को धमकी दी है, उनमें क्यूबा भी है। अमेरिका के खिलाफ विद्रोह का सबसे मशहूर चेहरा बने फिदेल कास्त्रो आज क्या जवाब देते ट्रंप को।*

AI Image



**कास्त्रो के** सिगार के धुएं ने नजर और भी धुंधली कर दी ट्रंप की। उन्होंने आंखें सिकोड़ते हुए कहा, 'धुआं यहां से निकल रहा और लोगों को लग रहा कि आग अमेरिका में लगी है। यह हमारे खिलाफ साजिश है। मैं इसे ठीक कर सकता हूं।' 'कैसे?' 'डील। वेनेजुएला का तेल अब वेनेजुएला का नहीं है। वह तेल तुम्हें मिलता था, पर अब नहीं मिलेगा। लेकिन, मिल भी सकता है। तुम हमसे हाथ मिला लो। क्यूबा को डॉलर चाहिए।' 'नहीं, कुछ लोगों के लिए सम्मान काफी है। क्रांति सौदेबाजी नहीं होती। यह लड़ाई है जीवन से मौत तक की। यह संघर्ष विचारों का है, बस तेल या डील का नहीं।' 'तुम्हारे विचार तुम्हें बचा नहीं सकते। मुझे लड़ाई जीतनी आती है।' 'और मुझे आता है लड़ते हुए टिके रहना, वह भी अपने बल पर।'

### जनता जंक्शन

इरफान




## आखिरी सांस तक मंटो के दिल में धड़कती रही मुंबई




गुलजार हुसैन

वह लाहौर का जनवरी, 1955 का सर्द महीना था, जब सआदत हसन मंटो अपनी अंतिम सांसें गिन रहे थे। उनके दिल में रह-रह कर मुंबई की याद एक हूक की तरह उठ रही थी। वह भले ही भारत से दूर जा चुके थे, लेकिन मुंबई के दिनों को भूल नहीं पाए थे। इस शहर का खुलापन, बड़प्पन वाला मिजाज, आम लोगों के भीतर की मानवीय संवेदना को वह बहुत मिस करते रहे लाहौर में। मंटो की मुंबई से संबंधित कहानियों को पढ़कर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह इस महानगर की संस्कृति में कितना ज्यादा रमे हुए थे। ग्रांट रोड की तंग गलियां हों या भायखला की चौड़ी सड़कें, उन्होंने इन जगहों को अपने अफसानों-संस्मरणों में बखूबी दर्ज किया है।

**साप्ताहिक अखबार से शुरुआत ।** देश के विभाजन के दौरान बने माहौल ने मंटो को मुंबई से दूर कर दिया था, लेकिन मुंबई उन्हें रह-रह कर याद आती रही। यहां का साहित्यिक जगत हो, फिल्म जगत हो अथवा पत्रकारिता जगत, वह कभी भूले नहीं। कम लोग जानते हैं कि मंटो ने मुंबई में एक साप्ताहिक अखबार 'द पेंटर' में काम करते हुए अपने करियर की शुरुआत की थी। तब उन्हें गुजारे लायक भी तनख्वाह नहीं मिलती थी, लेकिन इसकी उन्होंने कभी परवाह नहीं की। वह इतने मस्तमौला थे कि अखबार के दफ्तर में ही सो जाया करते थे। उनकी पत्रकारिता में मुंबई एकदम अलग अंदाज में उपस्थित है।

**जद्दन बाई भी थी दीवानी ।** मंटो की लिखी हुई कहानियों की दीवानी अभिनेत्री नर्गिस तो थीं ही, उनकी मां जद्दन बाई भी थीं। एक बार नर्गिस और जद्दन बाई भायखला के पुल के पास खड़े होकर मंटो का घर ढूंढती देखी गईं। मंटो को जब पता चला कि नर्गिस अपनी मां के साथ उनके घर से कुछ ही दूरी पर खड़ी हैं, तो वह सारा काम-धाम छोड़कर फौरन वहां पहुंचे। उनके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा, जब मिलते ही जद्दन बाई ने उनसे कहा, 'खुदा की कसम मंटो ...बहुत खूब लिखते हो।'

### आमची मुंबई



**स्वाभिमानी किरदार ।** मंटो की न जाने कितनी कहानियां ऐसी हैं, जिनमें मुंबई सांस लेती है। बदनाम गलियों में देह बेचने पर मजबूर औरतें, मजदूर, फुटपाथों पर सोने वाले, प्रेमी-प्रेमिकाएं और सड़कों पर बिलखते पागल उनकी कहानियों के किरदार हैं। मंटो ने जब भी मुंबई की वेश्याओं पर लिखा, ऐसा लगा मानो खुद उनकी आत्मा पर घाव लगा हो। उनकी एक कहानी है 'हतक'। इस कहानी की मुख्य पात्र मुंबई की बदनाम गली में रहने वाली सौगंधी है, जिसके अंतर्मन की व्यथा उन्होंने बहुत गहराई से उकेरी है। मंटो की सबसे बड़ी खासियत यही है कि उन्होंने अपने स्त्री पात्रों के स्वाभिमान को कभी टूटने नहीं दिया। सौगंधी के किरदार के बहाने मुंबई का करेक्टर भी प्रामाणिकता के साथ सामने आया है।

## भूखे को खिलाना लुभाना नहीं, राष्ट्रभक्ति है



रेखा गुप्ता,
सीएम दिल्ली

दिल्ली शाही और आत्मीय शहर है। जितना भव्य, उतना ही सादगी समेटे हुए। लुटियंस से प्रख्यात है, तो शाहदरा की तंग गलियां भी इसकी पहचान हैं। इस शहर को गढ़ने में लाखों हाथों का योगदान है। उनके बेहतर खानपान और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी सरकार की है।

दिल्ली सरकार ने कोई व्यक्ति भूखा न सोए के उद्देश्य के साथ राजधानी के कई इलाकों में अटल कैंटीन की शुरुआत की है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर शुरू की गई इस योजना के तहत जरूरतमंदों को पांच रुपये में खाने की थाली दी जाती है। योजना उस महान राजनेता को समर्पित की गई, जिनकी राजनीति करुणा, संयम और 'अंत्योदय' यानी कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान के सिद्धांत पर आधारित थी।

### रोजाना एक लाख थाली

लगभग 600 ग्राम की इस थाली में रोटी, चावल, दाल, सब्जी के साथ अचार भी परोसा जाता है, ताकि मेहनतकश लोगों को पौष्टिक आहार मिल सके। एक थाली की लागत 30 रुपये है। दिल्ली सरकार इसमें 25 रुपये देती है। पहले चरण में शहर के श्रमिक केंद्रों, झुग्गी-झोपड़ी (JJ) क्लस्टरों, औद्योगिक क्षेत्रों और परिवहन केंद्रों के पास 45 कैंटीन शुरू की गई हैं। जल्द ही 55 और कैंटीन शुरू की जाएंगी। फिर, रोजाना 1 लाख थालियां परोसी जाएंगी।

कैंटीन में LPG से खाना पकाने और RO पानी की सुविधा है। ग्राहकों को डिजिटल टोकन मिलता है और CCTV से निगरानी की जाती है। खाने की गुणवत्ता FSSAI और NABL लैब्स में जांची जाती है। 5 रुपये लेने का मकसद है कि लोगों को खाना दान नहीं बल्कि आत्मसम्मान लगे। इससे भोजन की बर्बादी रुकेगी और ग्राहक को भी भीख नहीं बल्कि अपना अधिकार लगेगा।



दिल्ली में देश भर के लोग कमाने आते हैं। यहां के निर्माण कार्यों, बाजार, कारखानों, डिलिवरी नेटवर्क और सार्वजनिक सेवाओं में इन्हीं लोगों का हाथ है। इन लोगों के कार्यस्थल पर ही सस्ता और पौष्टिक खाना मिले, यह जरूरी है। इससे पता चलता है कि शहर आपको देख रहा है, महत्व दे रहा है और आपके साथ है।

दिल्ली सरकार के लिए मजदूर, सफाईकर्मी, रिक्शा चालक आदि आंकड़ा नहीं, बल्कि प्रगति के साझेदार हैं। कहते हैं कि भूखा व्यक्ति असंतुष्ट व अस्थिर हो जाता है। खाना नहीं खाने से उसकी उत्पादकता घटने लगती है। इसलिए, सरकार ने खाद्य सुरक्षा ही शहरी सुरक्षा के मकसद के साथ योजना शुरू की है।

इस पहल में कई संगठन भी साझेदार बनने के इच्छुक हैं। सरकार एक नीति बना रही है, जिससे इनकी भागीदारी सुनिश्चित हो। हमारा सीधा मानना है कि सुशासन की कसौटी सिर्फ गगनचुंबी इमारतों से नहीं, बल्कि सबसे कमजोर शख्स को कैसे मजबूत किया जाता है, उससे तय होती है। BJP खाद्य सुरक्षा को लेकर हमेशा मुस्तैद रही है। दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार से इसका पता लगता है। वह कहते थे कि समाज की प्रगति सबसे कमजोर व्यक्ति की स्थिति से पता चलता है।

### शासन का मानवीय चेहरा

अटल जी की सरकार ने साल 2000 में अंत्योदय अन्न योजना के तहत गरीबों को रियायती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया। वह जानते थे कि खाली पेट सबसे ज्यादा विरोध होता है। उनकी सरकार ने किसान-केंद्रित सोच को भी संस्थागत बनाया। उन्होंने राष्ट्रीय किसान आयोग और राष्ट्रीय किसान नीति की परिकल्पना की। सुशासन दिवस यानी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर अटल कैंटीन की शुरुआत कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि नैतिक सामंजस्य है। अटल जी का विश्वास था कि शासन का चेहरा मानवीय होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह संकल्प अभूतपूर्व ऊंचाइयां छू रहा है। आज 80 करोड़ से अधिक जरूरतमंदों को निःशुल्क खाद्यान्न दिया जा रहा है। पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने स्वदेशी उर्वरक उत्पादन, किसान कल्याण और कृषि संप्रभुता पर जोर दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा को आयात के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

देश की राजधानी में संस्कृतियों का मेल होता है। यहां कई व्यंजनों का जायका है। एक साधारण थाली परोस कर बगैर जाति, धर्म, प्रांत पूछे आपकी भूख मिटाई जाती है। स्पष्ट होता है कि सरकार किसी से भेदभाव नहीं करती। कल्याण योजनाओं पर हमेशा बहस होगी। मगर किसी को खाना खिलाना उसे लुभाना नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति है।

मुख्यमंत्री के रूप में सुशासन को अंतिम छोर तक पहुंचाने का मेरा संकल्प अडिग है। इसकी शुरुआत पेट से होती है। थाली में परोसे गए गरम खाने से चेहरे पर आई मुस्कान से अटल जी की विरासत जीवित है। मेरे लिए यह शासन का सबसे मानवीय स्वरूप है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

## बड़ा ढीठ मेहमान है दुख, घर में आए बिना मानेगा नहीं

**जैन मुनिश्री तरुणसागरजी**

अगर जिंदगी को स्वर्ग बनाने की तमन्ना है तो पति और पत्नी, सास और बहू, बाप और बेटे को आपस में यह समझौता करना होगा कि अगर एक आग बने तो दूसरा पानी बन जाएगा। अपने घरों में थोड़े से पानी की व्यवस्था करके रखिए, पता नहीं कब किसके दिल में क्रोध की आग भड़क उठे। क्रोध आग है। अपने घरों में सहनशीलता और शांति का जल तैयार रखिए। पता नहीं, कब तुम्हारा घर क्रोध की लपटों से घिर जाए। ध्यान रखो- पति कभी क्रोध में आग बने तो पत्नी पानी बन जाए और पत्नी कभी अंगार बने तो पति जलधार हो जाए।

### कड़वे प्रवचन

जवानी पर ज्यादा मत इतराना, क्योंकि जवानी सिर्फ चार दिनों की है। अतः कानों में बहरापन आवे, इससे पहले ही जो सुनने जैसा है उसे सुन लेना। पैरों में लंगड़ापन आवे, इससे पहले ही दौड़-दौड़ कर तीर्थ-यात्रा कर लेना। आंखों में अंधापन आवे, इससे पहले ही अपने स्वरूप को निहार लेना। वाणी में गूंगापन आवे, इससे पहले ही कुछ मीठे बोल बोल लेना। हाथों में लूलापन आवे, इससे पहले ही दान-पुण्य कर डालना। दिमाग में पागलपन आवे, इससे पहले ही प्रभु के हो जाना।

दुख बड़ा ढीठ मेहमान है। अगर यह तुम्हारे घर के लिए निकल पड़ा है तो पहुंचेगा जरूर। अब अगर तुम इस मेहमान को घर आते हुए देखकर सामने का दरवाजा बंद कर लो तो यह पीछे के दरवाजे से आ जाएगा। पीछे का दरवाजा भी बंद कर लो तो यह खिड़की में से आ जाएगा। खिड़की भी बंद कर लो तो छप्पर फाड़कर, नहीं तो फर्श उखाड़कर आ जाएगा। ढीठ मेहमान है ना! इसलिए जीवन में सुख की तरह दुख का भी स्वागत करो। दुख की मेजबानी के लिए भी तैयार रहो। यह सोचकर कि वे दिन नहीं रहे तो ये दिन भी नहीं रहेंगे।

*(साभार : डायमंड बुक्स)*

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 08-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP9 User: c-suman.v Time: 01-07-2026 23:05 Color:



## फटाफट खबरें

### IT सेक्टर उछला, Titan में तेज़ी

NBT रिपोर्ट, मुंबई : शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 102.20 पॉइंट (0.12%) गिरकर 84,961.14 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह एक समय 445.85 पॉइंट तक लुढ़क गया था। वहीं, निफ्टी 37.95 पॉइंट (0.14%) की गिरावट के साथ 26,140.75 पर रहा। आईटी सेक्टर ने 2% के करीब उछाल रहा। वहीं, Titan के शेयर करीब 4% की बढ़त के साथ बंद हुए। दिसंबर 2025 में खत्म हुई तिमाही में कंपनी की कमाई में सालाना आधार पर 40% की भारी बढ़ोतरी हुई है।

### Zomato को 3.7 करोड़ का नोटिस

पीटीआई, नई दिल्ली : जोमैटो (Zomato) और ब्लिंकिट (Blinkit) की पैरेंट कंपनी इटरनल (Eternal) की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पश्चिम बंगाल के टैक्स विभाग ने कंपनी को करीब 3.7 करोड़ रुपये का GST डिमांड नोटिस थमाया है। इस रकम में टैक्स के साथ-साथ ब्याज और जुर्माना भी शामिल है। यह मामला अप्रैल 2019 से मार्च 2020 के बीच का है। कंपनी ने बताया कि यह नोटिस 'आउटपुट टैक्स' का कम भुगतान करने की वजह से भेजा गया है। कंपनी इसके खिलाफ अपील दायर करेगी।

### फूड मेले में जुटेंगे 120 से ज्यादा देश

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ग्रेटर नोएडा में गुरुवार से दुनिया का बड़ा फूड मेला 'इंडसफूड 2026' शुरू हो रहा है। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने बुधवार को बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में 120 से ज्यादा देशों के कारोबारी और खरीदार जुटेंगे। माना जा रहा है कि इससे निर्यात को नई रफ्तार मिलेगी।

### हेल्थ बीमा प्रीमियम घटाने पर बैठक

NBT रिपोर्ट: हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम को कम करने और इलाज के खर्च से आम लोगों को राहत देने के लिए इस महीने वित्त मंत्रालय बीमा कंपनियों और अस्पतालों के साथ दूसरे दौर की बैठक करने जा रहा है। ET के मुताबिक, इस बैठक की अध्यक्षता फाइनैंशल सर्विसेज सेक्रेटरी एम. नागराजू करेंगे।

# इकॉनमी में तेज़ रफ्तार का अनुमान

## मौजूदा FY में 7.4% ग्रोथ का अंदाजा, 357 लाख करोड़ की होगी अर्थव्यवस्था

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI image



नई दिल्ली : अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था इस वित्त वर्ष में 7.4% बढ़ने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में GDP ग्रोथ 6.5% थी। सरकार की ओर से बुधवार को जारी GDP ग्रोथ के पहले अग्रिम अनुमान में यह तस्वीर दिखी। सेवा क्षेत्र और मैन्युफैक्चरिंग के अच्छे प्रदर्शन से इकॉनमी को सहारा मिला। दुनिया के बड़े देशों के बीच भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। 2025 में चीन की जीडीपी ग्रोथ 4.9% और 2026 में 4.4% रहने का अनुमान है।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बेस ईयर 2011-12 के कॉन्स्टैंट प्राइसेज पर इस वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 201.90 लाख करोड़ रुपये की होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024-25 में यह 187.97 लाख करोड़ रुपये की थी। वहीं, इंफ्लेशन को शामिल करते हुए नॉमिनल GDP इस वित्त वर्ष में 357.14 लाख करोड़ रुपये यानी करीब 3.97 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है। पिछले वित्त वर्ष में यह 330.68 लाख करोड़ रुपये की थी। इस तरह नॉमिनल GDP ग्रोथ 8% होने का अनुमान है। सरकार ने पिछले साल पेश बजट में नॉमिनल GDP ग्रोथ 10.1% होने का अनुमान दिया था। इसमें कमी का असर सरकार के टैक्स रेवेन्यू पर पड़ सकता है।

- **चीन से बहुत आगे:** चीन की ग्रोथ 2026 में 4.4% रहने का अनुमान है, जबकि भारत 7% के पार है।
- **खपत में तेज़ी:** लोगों के खर्च करने की क्षमता में भी 7% की बढ़त का अनुमान है।

पहला अग्रिम अनुमान अगले वित्त वर्ष के लिए तैयार किए जा रहे आम बजट के लिहाज से अहम है, जो 1 फरवरी को पेश किया जा सकता है।

GDP ग्रोथ का यह अनुमान इससे पहले सरकार और RBI के दिए गए अनुमानों से अधिक है। सरकार ने शुरू में 6.8% तक और RBI ने 7.3% ग्रोथ का अनुमान दिया था। पिछले महीने इंटरनैशनल मॉनिटरी फंड ने कहा था कि इस वित्त वर्ष में 6.6% ग्रोथ हो सकती है। इकॉनमी की अच्छी रफ्तार के चलते हालांकि RBI हो सकता है कि अपनी फरवरी मीटिंग में रीपो रेट न घटाए।

जनवरी-मार्च तिमाही बीतने पर सरकार फिर GDP ग्रोथ के आंकड़े जारी करेगी, जिसमें पूरे साल की असल तस्वीर दिखेगी। हालांकि अभी यह साफ है कि वेतनभोगी लोगों को इनकम टैक्स में छूट और GST रेट घटाए जाने जैसे सरकार के कदमों से इकॉनमी को अच्छा सपोर्ट मिला।

इस वित्त वर्ष में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रोथ 7% होने का अनुमान है, जो पिछले साल 4.5% बढ़ा था। वहीं, सर्विसेज सेक्टर की ग्रोथ पिछले साल के 7.2% के मुकाबले 9.1% रह सकती है। हालांकि खेती-बाड़ी और इससे जुड़े सेक्टर की ग्रोथ सालभर पहले के 4.6% से घटकर 3.1% होने का अनुमान है।

**पहला अग्रिम अनुमान**

- मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज से सहारा, खेती-बाड़ी में सुस्ती
- मैन्युफैक्चरिंग 7%, सर्विसेज ग्रोथ 9.1% रह सकती है
- खेती-बाड़ी और इससे जुड़े सेक्टर की ग्रोथ घटकर 3.1%

**इनकम टैक्स, GST और ब्याज दरों में कमी, कम महंगाई और दमदार रूरल डिमांड के चलते ग्रोथ अच्छी रहने का अनुमान था। वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने और टैरिफ से निर्यात और पूंजी की आवक पर असर पड़ सकता है। सतर्क रहना होगा।** *–रजनी सिन्हा, चीफ इकनॉमिस्ट, केयरएज*

**कारोबारी माहौल सुधारने के सरकारी कदमों का प्राइवेट इनवेस्टमेंट्स पर पॉजिटिव असर पड़ा होगा। उम्मीद है कि सरकार बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर की रफ्तार बनाए रखेगी।** *–डी के जोशी, अर्थशास्त्री, क्रिसिल*

# डिजिटल लोन ऐप्स की डेटा चोरी पर हाई कोर्ट के सवाल

## RBI से पूछा- बताएं, अब तक क्या लिया है एक्शन?

AI image



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को डिजिटल लोन ऐप्स (लेंडिंग ऐप्स) की मनमानी पर रिजर्व बैंक (RBI) से जवाब मांगा है। कोर्ट में एक जनहित याचिका (PIL) दायर कर आरोप लगाया गया है कि ये ऐप्स लोन लेने वालों की प्राइवेसी और डेटा सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

चीफ जस्टिस डी. के. उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की बेंच ने केंद्र सरकार और RBI को नोटिस जारी करते हुए कहा कि हिमाक्षी भार्गव की यह याचिका 'एक गंभीर चिंता' की ओर इशारा करती है। कोर्ट ने कहा, हमें इस बात की फिक्र है कि आप इस पर क्या कार्रवाई कर रहे हैं।

अदालत ने RBI को आदेश दिया है कि वह एक हलफनामा दाखिल कर बताए कि साल 2025 की डिजिटल लेंडिंग गाइडलाइंस को लागू करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि RBI उन कंपनियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का भी ब्योरा दे जिन्होंने नियमों को तोड़ा है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि RBI की 2025 की गाइडलाइंस के बावजूद कई लोन ऐप्स अब भी लोगों के मोबाइल की कॉन्टैक्ट लिस्ट और कॉल लॉग्स जैसी प्राइवेट जानकारी तक पहुंच बना रहे हैं। याचिका में कहा गया कि ये ऐप्स जरूरत से ज्यादा पर्सनल डेटा जमा करते हैं और ग्राहकों को जबरदस्ती अपनी शर्तें मानने के लिए मजबूर करते हैं। याचिका में कहा गया है कि ये ऐप्स जिस तरह का डेटा ले रहे हैं, उसका लोन देने या पहचान (KYC) करने से कोई लेना-देना नहीं है।

हिमाक्षी ने दावा किया कि उन्होंने नवंबर 2025 में ही इन शिकायतों को लेकर RBI को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब इस याचिका के जरिए मांग की गई है कि नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर समय सीमा के भीतर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**मांगा जवाब**

- **नियमों की अनदेखी:** साल 2025 के डिजिटल लेंडिंग नियमों के बावजूद ऐप्स कॉन्टैक्ट लिस्ट और कॉल रिकॉर्ड देख रहे हैं।
- **गैर-जरूरी कवायद:** लोन ऐप्स ऐसा डेटा मांग रहे हैं जिसका लोन प्रक्रिया या KYC से कोई वास्ता नहीं है।

NBT 2 मिनट में पढ़ें

# टैरिफ पर ट्रंप की चेतावनी से चिंता, नए रास्ते बनाने में जुटे निर्यातक

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI image



नई दिल्ली : अमेरिका अगर भारतीय माल पर टैरिफ और बढ़ाएगा, तो इससे निर्यात में चुनौती बढ़ेगी। निर्यातकों ने इसको लेकर चिंता जताई है। हालांकि उनका कहना है कि हाल के महीनों में जिस तरह दूसरे देशों में पैठ बढ़ाने की कोशिशें हुई हैं, उनका फायदा दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि टैरिफ बढ़ने पर यह डायवर्सिफिकेशन और तेज होगा, जिसका लंबी अवधि में लाभ होगा।

भारत के खिलाफ पहले ही 50% टैरिफ लगा चुके अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूसी तेल की खरीद का हवाला देकर टैरिफ और बढ़ाने की चेतावनी दी है। 50% टैरिफ 27 अगस्त को लागू हुआ था। इसके बाद सितंबर से नवंबर के बीच जहां अमेरिका को निर्यात सालभर पहले के 18.8 बिलियन डॉलर से घटकर 18.7 बिलियन डॉलर पर आ गया, वहीं बाकी देशों को निर्यात 89.9 बिलियन डॉलर का रहा, जो सालभर पहले 86.2 बिलियन डॉलर था।

**कहां दिख रहा फायदा?**

FIEO के महानिदेशक डॉ अजय सहाय ने कहा, 'अमेरिकी टैरिफ लगने के बाद एक्सपोर्टर्स ने बहुत तेजी से डायवर्सिफिकेशन किया है। मरीन प्रोडक्ट्स सहित कई चीजों में फायदा दिखने लगा है। टैरिफ और बढ़े तो मुश्किल भी बढ़ेगी, लेकिन दूसरे मार्केट्स पर फोकस भी और बढ़ेगा। डायवर्सिफिकेशन एक लॉन्ग टर्म स्ट्रैटेजी है। हालांकि एक्सपोर्टर उम्मीद कर रहे हैं कि अमेरिका से ट्रेड डील जल्द हो जाएगी।'

**कहां निर्यात बढ़ा है?**

दूसरे देशों को समुद्री उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स, रेडीमेड कपड़ों और जेम्स एंड ज्वेलरी का निर्यात बढ़ा है। अप्रैल-अगस्त के मुकाबले सितंबर-नवंबर में समुद्री उत्पादों के निर्यात में अमेरिकी हिस्सा 35.3% से 21.7% पर आ गया, लेकिन चीन का हिस्सा 15.6% से 20.6% हो गया। थाईलैंड की हिस्सेदारी भी 2.3% से 7.6% और UAE की 8.8% से 15.3% हो गई। इलेक्ट्रॉनिक गुड्स के निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 55.2% से 41.1% पर आने की पूरी भरपाई तो नहीं हुई है, लेकिन UAE, चीन और ऑस्ट्रिया जैसे देशों को निर्यात बढ़ा है।

**US को निर्यात पर असर, दूसरे देशों को बढ़ा एक्सपोर्ट**

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट**

बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री दीपान्विता मजूमदार ने कहा, 'डायवर्सिफिकेशन, ग्लोबल सप्लाई चेन से बेहतर जुड़ाव और किफायती प्राइसिंग से दूसरे देशों में निर्यात और बढ़ सकता है और अमेरिका के ऊंचे टैरिफ के असर से कुछ बचाव हो सकता है। अमेरिका से ट्रेड डील हो जाए तो आसानी होगी।'

## IndiGo ने दिखाई A321 XLR की झलक



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : इंडिगो (IndiGo) एयरलाइंस ने बुधवार को अपने नए और खास विमान A321 XLR की पहली झलक दिखाई। यह भारत का पहला 'एयरबस 321 XLR' विमान है, जिसे लंबी दूरी के अंतरराष्ट्रीय सफर के लिए खास तौर पर बनाया गया है। दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान के लैंड होने की खबर देते हुए एयरलाइन ने सोशल मीडिया पर इसकी झलकियां शेयर कीं। इंडिगो ने खुशी जताते हुए कहा, भारत का पहला A321 XLR आखिरकार अपने घर पहुंच गया है। यह नैरो बॉडी होते हुए भी 8700 KM तक नॉन स्टॉप उड़ सकता है। यही खूबी इसे अलग बनाती है। 39 प्लेन आने अभी बाकी हैं।

# कपड़ा उद्योग में 2030 तक $350 बिलियन के कारोबार का लक्ष्य

## गुवाहाटी में 8-9 जनवरी को सम्मेलन : राज्य मंत्री

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने कहा है कि असम के गुवाहाटी में 8-9 जनवरी को होने वाला टेक्सटाइल मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन एक मंच है, जहां इस क्षेत्र के विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए केंद्र और राज्यों को एक साथ लाने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने इस आगामी सम्मेलन को भारत के कपड़ा क्षेत्र में भविष्य के लिए एक एकीकृत ताना बाना भी बताया। ये एक ऐसा सेक्टर है, जो लाखों लोगों की रोजी रोटी का आधार है और भारत की पहचान और विरासत को ग्लोबल मंच तक लेकर जाता है।



कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा

मंत्री ने कहा कि खेती के बाद कपड़ा देश का दूसरा सबसे बड़ा जॉब देने वाला क्षेत्र है। ये सीधे तौर पर 4.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार देता है, जबकि अप्रत्यक्ष तौर पर करीब 6 करोड़ लोगों की रोजी रोटी इससे जुड़ी है। ये क्षेत्र देश की जीडीपी में 2.3 फीसदी का योगदान देता है और औद्योगिक उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 13 फीसदी है। मार्गेरिटा ने कहा कि ये पीएम मोदी की ओर से दिए 5 एफ नजरिए को सामने रखता है, जिसके तहत ये इकॉनमी को फॉर्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन मार्केट से जोड़ता है।


मंत्री का कहना है कि वस्त्र उद्योग के आकार को 176 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 350 बिलियन डॉलर करना है। पीएम मित्र पार्क, पीएलआई स्कीम, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन और समर्थ योजना जैसी पहलों के जरिए इस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिशें जारी हैं। इस लिहाज से वस्त्र मंत्रियों का ये सम्मेलन विशेष महत्व रखता है। इसके तहत भारत को कपड़े की मैन्युफैक्चरिंग, इनोवेशन और निर्यात का एक ग्लोबल हब बनाना। दो दिन के इस प्लैटफॉर्म में इस सेक्टर के विकास को लेकर समग्र तौर पर चिंतन और विचारों का आदान प्रदान होगा।

मार्गेरिटा ने इस दौरान पीएम मोदी के एक कथन का जिक्र भी किया, जिसमें वो केंद्र और राज्यों को टीम इंडिया की तरह काम करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस दौरान इस सेक्टर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर, कच्चे माल की उपलब्धता, तकनीक के साथ साथ हथकरघा और हस्तशिल्प की समृद्ध विरासत से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार होगा। सरकार को इस समिट से बहुत उम्मीदें हैं, उसकी कोशिश है कि इस सम्मेलन से कपड़ा उद्योग में भारत को एक ऐसा केंद्र बनाया जाए जो विरासत और तकनीक का सम्मिश्रण हो।

नवभारत टाइम्स

# Enterटेनमेंट masalamix

# शाहरुख GOAT, दीपिका कमाल कीं: सोफी टर्नर



शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण को गेम ऑफ थ्रोन्स फेम सोफी टर्नर ने अपना फेवरेट बताया है। उन्होंने कहा, 'दोनों का ग्लोबल सिनेमा में बड़ा योगदान है और उन्हें विदेशों में मिल रही सराहना देखकर मुझे खुशी होती है।' जब सोफी से पूछा गया कि दोनों में से उनका फेवरेट कौन है, तो हंसते हुए उन्होंने कहा, 'अरे बाप रे, यह तो बहुत मुश्किल सवाल है। शाहरुख खान GOAT (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम यानी सर्वश्रेष्ठ) हैं। लेकिन मुझे दीपिका पादुकोण भी बहुत प्यारी लगती हैं।'



सोफी टर्नर

### 'मैं बॉलिवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी'

सोफी ने भारतीय सिनेमा में काम करने पर भी बात की। उन्होंने यह भी कहा 'मुझे भारतीय फिल्म RRR देखना बहुत अच्छा लगा। मैं भविष्य में किसी बॉलिवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे बॉलिवुड फिल्मों का डांस बेहद पसंद है और भारतीय फिल्मों का भव्य अंदाज मुझे आकर्षित करता है।' उनके मुताबिक, 'बॉलिवुड फिल्मों का प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि ऐसा नजारा मुझे कई बार हॉलिवुड के सेट पर भी देखने को नहीं मिलता।' गौरतलब है कि सोफी टर्नर अब तक किसी भारतीय फिल्म का हिस्सा नहीं रही हैं लेकिन वह 2019 में भारत आ चुकी हैं।

> मैं भविष्य में किसी बॉलिवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे बॉलिवुड फिल्मों का डांस बेहद पसंद है और भारतीय फिल्मों का भव्य अंदाज मुझे आकर्षित करता है।

# श्रद्धा कपूर के जवाब ने दी शादी की चर्चा को हवा



श्रद्धा कपूर की शादी को लेकर अक्सर फैंस सवाल पूछते हैं। अब श्रद्धा ने पहली बार अपने रिश्ते और शादी को लेकर खुलकर संकेत दिया है। दरअसल श्रद्धा से सोशल मीडिया पर फैंस ने पूछा कि वह कब शादी करेंगी? इस सवाल पर श्रद्धा ने कमेंट में लिखा, 'मैं करूंगी, विवाह करूंगी।' अब उनका यह जवाब तेजी से वायरल हो रहा है। राइटर राहुल मोदी के साथ उनका रिश्ते को लेकर अक्सर सुर्खियां बनती है। अब श्रद्धा के इस शादी वाले जवाब के बाद चर्चा तेज हो गई है कि वह इस साल ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। गौरतलब है कि 2024 से दोनों की डेटिंग की खबरें सामने आ रही हैं। लेकिन अब तक दोनों में से किसी ने इस पर खुलकर बात नहीं की।

# FA9LA के जाने माने वायरल सिंगर फ्लिपराची ने कन्फर्म किया इंडिया टूर



अक्षय खन्ना पर फिल्माए वायरल गाने FA9LA के सिंगर फ्लिपराची ने अब धुरंधर 2 में भी अपने गाने का संकेत दिया है। साथ ही उन्होंने इंडिया में अपना म्यूजिकल टूर भी कन्फर्म किया है। फ्लिपराची का असली नाम हुसाम असीम है। उन्होंने कहा, 'FA9LA को लेकर दर्शकों का रिएक्शन मेरे लिए किसी सपने से कम नहीं है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या धुरंधर 2 में भी उनका कोई गाना सुनने को मिलेगा, तो फ्लिपराची ने कहा 'मैं इसे सरप्राइज रखना चाहता था, लेकिन इतना जरूर है कि धुरंधर 2 में मेरे म्यूजिक से जुड़ी कोई खास चीज देखने-सुनने को मिल सकती है।' अपने इंडिया टूर को लेकर उन्होंने कहा, 'जरूर मैं भारत आऊंगा, हम इसके लिए सही डेट्स तलाश रहे हैं।'


सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार | Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises, Government of India | Khadi India

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार)

**भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के डहाणू, पालघर स्थित केव्हीआयसी में जी एन मल्टी डिसिप्लिनरी ट्रेनिंग सेंटर में अकुशल लोगों को स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग देता है और उन्हें उद्यमी बनने में मदद करता है।**

मुफ्त प्रशिक्षण कोर्स (विद्या वेतन के साथ)
- चरखा मेकॅनिक (१ महिना)
- मधुमक्खी पालना (१ महिना)
- बाम्बु आर्टिकल्स मेकिंग (१ महिना)
- संमिश्र ग्रामीण अभियांत्रिकी (६ महिना)
- डाईंग और प्रिंटिंग (२ महिना)
- फायबर फॅन्सी आर्टिकल्स मेकिंग (१ महिना)

मुफ्त प्रशिक्षण कोर्स (बिना विद्या वेतन)
- बेसिक वारली पेंटींग (१ सप्ताह)
- मधुमक्खी बॉक्स मेकिंग (२ सप्ताह)

सशुल्क प्रशिक्षण कोर्स
- बेसिक कॉम्प्युटर (१ महिना)
- डिजीटल मार्केटींग (१ सप्ताह)
- बेकरी उत्पादन मेकिंग (१ सप्ताह)
- फॅब्रिक क्राफ्ट मेकिंग (१ सप्ताह)
- रूफ टॉप सोलार (१ सप्ताह)
- बेसिक ब्युटीशियन (२ सप्ताह)
- मसाला मेकिंग (१ सप्ताह)
- पेपर क्राफ्ट मेकिंग (१ सप्ताह)
- इलेक्ट्रिक बाईक रिपेरींग (१ सप्ताह)
- निर्यात- आयात (१ सप्ताह)
- अगरबत्ती मेकिंग (१ सप्ताह)
- इमिटेशन ज्वेलरी मेकिंग (१ सप्ताह)
- हर्बल उत्पादन मेकिंग (१ सप्ताह)
- पंचगव्य उत्पादन मेकिंग (१ सप्ताह)
- सोनेका मूल्यांकन (१ सप्ताह)
- हात कताई (२ सप्ताह)
- मेहंदी डिझाइन (१ सप्ताह)
- मोमबत्त्यॉ मेकिंग (१ सप्ताह)
- फल और सब्जी निर्जलीकरण (१ सप्ताह)
- केक मेकिंग (१ सप्ताह)
- सीसीटीव्ही बिठाना और देखरेख (१ सप्ताह)
- जैव खाद मेकिंग (१ सप्ताह)
- सोया आधारित हेल्दी उत्पादन मेकिंग (१ सप्ताह)
- प्राकृतिक हस्तनिर्मित साबुन मेकिंग (१ सप्ताह)
- झटपट प्रिमिक्स मसाला और ग्रेवी मेकिंग (१ सप्ताह)
- एअर कंडिशनर रिपेरींग और सर्व्हिसिंग (१ सप्ताह)

**जी एन मल्टी डिसिप्लिनरी ट्रेनिंग सेंटर**, आगर रोड, डहाणू (पश्चिम), जिल्हा: पालघर
संपर्क क्रमांक: 02528-222626, ईमेल: gnmdtc@gmail.com, वेबसाइट: www.kvic.gov.in

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in